स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, बुधवार
8 जुलाई, 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 8
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 316 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net

भारतीय बल्लेबाज संग क्रिकेट खेलने की चाह भारत दौरे पर भी दिया जवाब : जोकोविच



भारत-इंडोनेशिया के बीच ईवीएम-यूपीआई और ब्रह्मोस मिसाइल पर करार

# इंडोनेशिया के साथ संबंध मजबूत होंगे : मोदी

**जकार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इंडोनेशिया में राष्ट्रपति सुबियांतो के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), ब्रह्मोस मिसाइल और कृषि क्षेत्र में सहयोग पर

- दोनों देशों में बन रही नई साझेदारी

विस्तार से चर्चा हुई। पीएम मोदी ने समझौतों और द्विपक्षीय बैठक के बाद दोनों देशों की साझा संस्कृति को ताकत बताया। ईवीएम से जुड़े मुद्दे पर बनी सहमति के मुताबिक दोनों देशों ने अनुकूलित भारतीय इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के निर्यात पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

प्रधानमंत्री के दौरे पर समझौतों के बारे में समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया, भारत इंडोनेशिया के लिए विशेष ईवीएम के विकास में सहयोग करेगा। यह भारत के चुनाव प्रबंधन मॉडल को बड़े समर्थन की तरह देखा जा रहा है। ईवीएम के अलावा रक्षा क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच अहम समझौते हुए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में भारत की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल शक्ति की सफलता के बाद, इंडोनेशिया ने भारतीय अस्त्र मिसाइलों का आयात करने का निर्णय लिया है। इंडोनेशिया अपने ब्रह्मोस मिसाइलों के भंडार का विस्तार कर रहा है। भारत अधिक बैटरी मुहैया कराने में सहयोग करेगा।



### मोदी को सर्वोच्च सम्मान से नवाजा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान बिंतांग आदिपूर्णा से सम्मानित किया। यह सम्मान भारत और इंडोनेशिया के मजबूत होते रणनीतिक और कूटनीतिक रिश्तों का प्रतीक माना जा रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी उन विश्व नेताओं में शामिल हो गए हैं, जिन्हें 30 से अधिक देशों ने अपने सर्वोच्च या प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा है। सम्मान मिलने के बाद प्रधानमंत्री ने इसे अपना नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों का सम्मान बताया।

दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को रेखांकित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती आज के समय में बहुत महत्वपूर्ण है।

## चढ़ावा चोरी मामले में चंपत राय ने तोड़ी चुप्पी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राम मंदिर के दानपात्र से चढ़ावा चोरी मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव ने पहली बार

बोले- एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट के बाद दूंगा हर आरोप का जवाब


अपनी चुप्पी तोड़ी है। ट्रस्ट की बैठक में उनका इस्तीफा स्वीकार होने के एक दिन बाद उन्होंने रामभक्तों के नाम एक पत्र जारी कर कहा कि वह एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद अपने ऊपर लगे सभी आरोपों का क्रमवार जवाब देंगे। चंपत राय ने पत्र में कहा कि 7 जून 2026 को राम मंदिर परिसर के दानपात्र की गणना के दौरान हुई चोरी की घटना के बाद उनके खिलाफ कई निराधार आरोप लगाए गए। इसी कारण उन्होंने अब तक मौन बनाए रखा। उन्होंने बताया कि 6 जुलाई को ट्रस्ट की बैठक में एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जो बाद में सार्वजनिक हो गई, जबकि वह परम गोपनीय थी। उन्होंने रामभक्तों को आश्वस्त करते हुए कहा कि एसआईटी की अंतिम जांच रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले की सच्चाई सामने रखी जाएगी और उन पर लगाए गए प्रत्येक आरोप का तथ्यात्मक उत्तर दिया जाएगा। अपने पत्र में चंपत राय ने अपने सार्वजनिक जीवन का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें अक्टूबर 1991 में संगठन द्वारा अयोध्या भेजा गया था और उनका 45 वर्षों का प्रचारक जीवन पूरी तरह पारदर्शी रहा है।

# अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन ने कार्यभार संभाला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)।** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य कृष्णमोहन को अंतरिम महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वह अपना कार्य आज से शुरू कर दिये हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कल देर शाम

- रिक्त पदों को भरने के लिए ट्रस्ट की अगली बैठक 22 जुलाई को
- कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी होगा विचार

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक राम मंदिर परिसर के गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई और उसमें सभी सदस्यों ने ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चम्पत राय और सदस्य डा. अनिल मिश्रा को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। अब ट्रस्ट ने इसकी जिम्मेदारी वरिष्ठ सदस्य कृष्ण मोहन को अंतरिम महासचिव सौंपी है जो वह काम करना शुरू कर दिये हैं। भक्तों का दान का हिसाब किताब कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच में अब शुरू हो गयी है। किसी भी तरह की



मनमानी नहीं देखी जायेगी। सूत्रों ने बताया कि अगली बैठक अब 22 जुलाई को होगी, जिसमें श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रिक्त पड़े पदों को भरने सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार किया जा सकता है। अब ट्रस्ट की अगली बैठक में नये महासचिव बनाये जा सकते हैं। फिलहाल तब तक के लिये कृष्ण मोहन को महामंत्री के कार्यों का निष्पादन करने को कहा गया है, वह अपना कार्य कर रहे हैं। गौरतलब है कि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की 2020 में ट्रस्ट की स्थापना के पश्चात 6 वर्ष से कम अल्पकाल में प्रभु श्रीराम कला के भावी और अप्रतिम मंदिर के निर्माण का ऐतिहासिक कार्य सम्पूर्ण हुआ। इसी अवधि में मुख्य मंदिर और परकोटे में बने समस्त मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा, ध्वजारोहण और श्रीराम यंत्र की स्थापना के महती कार्य प्रभु कृपा से सानन्द और शास्त्रीय विधि विधान से सम्पन्न हुआ। न्यास इस सांस्कृतिक धरोहर के निर्माण और अनेक धार्मिक उत्सवों में सहयोगी सम्पूर्ण हिन्दू समाज, श्रमिकों, अभियन्ताओं, शिल्पकारों, वास्तुकारों का मंदिर के प्रति भाव दिखा। परन्तु विडम्बना देखिये, राम मंदिर दान की चोरी इस कदर हुई कि पूरा विश्व हिल गया। सीसीटीवी फुटेज में बरामदगी का आधार मानते हुए आठ लोगों को साक्ष्य सहित गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। पुलिस ने कुछ आरोपियों को रिमांड पर ले करके काफी लम्बे समय तक पूछताछ की और कुछ आरोपियों से फैजाबाद मण्डल कारागार में जा करके पूछताछ की।

## पेट्रोल में 25 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने का प्लान टल सकता है

**नई दिल्ली।** पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने के विरोध के बीच इसकी मात्रा बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने की योजना को सरकार

- इससे माइलेज घटने का दावा
- पार्ट्स खराब होने की शिकायत

फिलहाल आगे बढ़ा सकती है। सरकार इस ट्रांजिशन को जल्दबाजी में करने के बजाय धीरे-धीरे और व्यवस्थित तरीके से लागू करना चाहती है। सरकार ने शुरुआत में साल 2030 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने का प्लान बनाया था। लेकिन इस टारगेट से बहुत पहले ही ई20 फ्यूल (80 प्रतिशत पेट्रोल और 20 प्रतिशत एथेनॉल) को पूरे देश में स्टैंडर्ड पेट्रोल के रूप में लागू कर दिया गया है और अब हर जगह यही पेट्रोल मिल रहा है। उधर ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया यानी एआरएआई की एक स्टडी में सामने आया है कि पुरानी ई10 कंप्लायंट गाड़ियों में ई20 ईंधन का इस्तेमाल करने से फ्यूल सिस्टम के रबर पार्ट्स खराब हो सकते हैं।

सीएम योगी ने प्रतापगढ़ में किया 384 करोड़ से अधिक की 111 परियोजनाओं का शिलान्यास

# रामभक्तों पर गोलियां चलवाने पर आस्था आहत नहीं हुई थी

**प्रतापगढ़ ब्यूरो।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतापगढ़ की विश्वनाथगंज विधान सभा इलाकों में

- वक्फ पर कांग्रेस-सपा के मुंह पर फेविकोल

384 करोड़ से अधिक लागत की 111 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के पास सिर्फ़ दो ही मुद्दे बचे हैं। आपने देखा होगा कि हाल के दिनों में उन्होंने भारत की सनातन आस्था पर हमला करने की कैसी शरारतपूर्ण कोशिशें की हैं। कांग्रेस दावा करती थी कि भगवान राम का कभी अस्तित्व ही नहीं था, या भगवान कृष्ण कभी हुए ही नहीं। देखिए, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी-जिन्होंने कभी अयोध्या में बाबरी ढांचे का समर्थन किया था और उस पर मगरमच्छ के आंसू बहाए थे, कैसे गिरगिट की तरह रंग बदल रहे हैं। कांग्रेस ने राम के अस्तित्व को ही नकार दिया, और समाजवादी पार्टी ने राम भक्तों पर गोलियां चलवाईं। उन्हें आस्था के बारे में बात करने का क्या हक़ है, वे लोग जो हिंदू विरासत से जुड़े धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार के लिए रखे गए पैसे को कब्रिस्तान की चारदीवारी बनाने में खर्च कर देते थे? वे किस तरह की आस्था की बात कर रहे हैं? यह देश अब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के जाल में नहीं फंसेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, प्रतापगढ़ आज से 9-10 वर्ष पहले पिछड़े जनपदों में गिना जाता था। लोग कहते थे कि प्रतापगढ़ में कुछ नहीं होगा, कनेक्टिविटी नहीं है, बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं, सड़कें नहीं हैं, आवागमन के साधन नहीं है।



अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट केस पर गुजरात हाईकोर्ट का फैसला

## 38 दोषियों की फांसी बरकरार, 11 को उम्रकैद

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने मंगलवार को 2008 के सीरियल ब्लास्ट मामले में विशेष अदालत के फैसले को बरकरार रखा। इस मामले में 56 लोग मारे

- 18 साल पहले 70 मिनट में 21 धमाके हुए थे

गए थे और 246 घायल हुए थे। उच्च न्यायालय ने 38 दोषियों की मौत की सजा और 11 अन्य को आजीवन कारावास की सजा में राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने राज्य सरकार को पीड़ितों को मुआवजा देने का भी आदेश दिया। मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 5 लाख रुपये और सामान्य रूप से घायलों को 1 लाख रुपये दिए जाएंगे।

यह भुगतान 31 मार्च, 2027 तक किया जाना अनिवार्य है। 26 जुलाई, 2008 को अहमदाबाद शहर में कई ब्लास्ट हुए थे। इसके दो दिन बाद सूरत में भी बम मिले थे। शहर की क्राइम ब्रांच की जांच में 100 से अधिक लोगों को आरोपी बनाया गया था। कुल 78 लोगों पर मुकदमा चलाया गया।

## पर्यटन : अब यूरोप नहीं एशिया बना भारतीयों की पसंद



**नई दिल्ली।** इस बार गर्मियों की छुट्टियों में भारतीय पर्यटक यूरोप के बजाय एशियाई देशों की सैर करना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसके पीछे मुख्य कारण यूरोप जाने वाली उड़ानों का महंगा किराया, गर्मी और पश्चिम एशिया में चल रहे

- थाईलैंड-वियतनाम-जापान की बुकिंग तेज
- यूरोप की महंगी फ्लाइट्स से बदला ट्रैवल ट्रेंड

तनाव के कारण उड़ानों के रास्ते को लेकर चिंता है।

वहीं, एशियाई देशों के लिए कम समय की उड़ानें, कम खर्चा और वीजा के आसान नियमों ने ध्यान तेजी से आकर्षित किया है। एशिया के लिए फैमिली बुकिंग सालाना आधार पर 30-40 प्रतिशत बढ़ी है। मई-जून 2026 में कुल बुकिंग में 25-35 प्रतिशत का उछाल आया है। इस अवधि में यूरोप में 10-15 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

पश्चिम एशिया में पिछले चार महीनों से जारी संघर्ष के कारण पर्यटन क्षेत्र पर बुरा असर पड़ा था। अब इसे फिर से पटरी पर लाने के लिए यूएई, सऊदी अरब और ओमान जैसे देश भारतीय पर्यटकों को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। ये देश भारत के लिए आकर्षक ट्रैवल ऑफर और प्रमोशन ला रहे हैं, साथ ही एयरलाइंस के साथ मिलकर फ्लाइटों की संख्या भी बढ़ा रहे हैं। यूएई के रास अल खैमाह टूरिज्म डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुताबिक 2030 तक हर साल 35 लाख विजिटर्स लाने का लक्ष्य है।

## डोडा में आधी रात आई तबाही, सुबह बर्बादी का भयावह मंजर

**डोडा।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के ठठरी कस्बे में मंगलवार तड़के भारी बारिश के बाद अचानक आए फ्लैश फ्लड ने भारी तबाही मचाई। रात के अंधेरे

- फ्लैश फ्लड के कहर ने संभलने तक का मौका नहीं दिया

में आई इस आपदा ने लोगों को संभलने का मौका तक नहीं दिया। पहाड़ियों से मलबा, बड़े-बड़े पत्थर और चट्टानें तेज बहाव के साथ नीचे आए, जिसने रास्ते में आने वाले कई मकानों, दुकानों और वाहनों को नुकसान पहुंचाया। सुबह जब लोगों की आंख खुली तो चारों ओर तबाही का मंजर था। सड़कों पर मलबा फैला हुआ था, कई वाहन मिट्टी और पत्थरों के नीचे दबे पड़े थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ वाहन तेज बहाव में बहकर चिनाब नदी तक पहुंच गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फ्लैश फ्लड के कारण डोडा-किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग भी ठठरी के पास बंद हो गया, जिससे दोनों जिलों के बीच यातायात प्रभावित रहा।

# यूपी में मानसून ने पकड़ी रफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। मंगलवार सुबह से लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, मुरादाबाद समेत 50 शहरों में बारिश होती रही। शामली इतनी

- 50 शहरों में बारिश, हाईवे पर पानी भरा
- मथुरा में सड़क पर नदियों जैसा बहाव
- शामली में कारें तक बहने लगीं

बारिश हुई कि सड़कों पर नदियों जैसा बहाव दिखा। कारें और बाइकें बहने लगीं। बच्चे स्विमिंग पूल की तरह सड़क पर तैरते दिखे। मथुरा के



वृंदावन में भी सड़क पर नदियों जैसा बहाव दिखा। अमरोहा में एक घंटे की बारिश से दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर पानी भर गया। वाराणसी में सीढ़ियों से झरने की तरह बारिश का पानी बहा।

### फुटबाल के झगड़े में 10वीं के छात्र की हत्या

**बारुइपुर।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में फुटबॉल मैच से जुड़े एक पुराने झगड़े के चलते 10वीं कक्षा के 17 वर्षीय छात्र की कथित तौर पर पीटा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के दोस्त ने जब उसे बचाने की कोशिश की तो उसे भी पीटा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। कुछ दिन पहले फुलतला के एक मैदान में फुटबॉल मैच को लेकर स्थानीय युवकों के एक ग्रुप के साथ उसकी तीखी बहस हुई थी। आरोपी तभी से बदला लेने की योजना बना रहे थे। तीनों आरोपियों ने कथित तौर पर सोमवार को प्रोसेनजीत और उसके एक दोस्त को पालपारा इलाके में बुलाया।

### सीजेपी के एक्स हैंडल से बैन हटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया पर शुरू हुई मुहिम कॉकरोच जनता पार्टी के एक्स हैंडल को बहाल करने का आदेश दिया है। मंगलवार को पारित अपने फैसले में कोर्ट ने केंद्र सरकार के अकाउंट ब्लॉक करने के आदेश को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने केंद्र के अवरोधक आदेश के खिलाफ सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके द्वारा दायर याचिका पर यह फैसला सुनाया। उच्च न्यायालय ने सरकार के तर्क को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि नीट को लेकर केंद्र की चिंता अब प्रासंगिक नहीं है। इसका मतलब है कि परीक्षा से संबंधित संभावित गड़बड़ी का खतरा अब समाप्त हो गया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध तभी लगाया जा सकता है, जब कोई ठोस और तात्कालिक खतरा हो।

### महाराष्ट्र में बारिश के कारण बड़ा भूस्खलन

**रत्नागिरि।** महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण बड़ा भूस्खलन हो गया। पुलिस के अनुसार, इस हादसे में पांच मकान मलबे में दब गए और कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। यह घटना सोमवार रात खेड़ तहसील के दहिवली इलाके में हुई। हादसे के बाद 75 वर्षीय कल्पना शेलार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। शांताराम शेलार और सतीश शेलार समेत अन्य लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। सूचना मिलते ही एनडीआरएफ, स्थानीय पुलिस और अन्य राहत एवं बचाव एजेंसियों की टीमें मौके पर पहुंचीं और युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया।

अजब-गजब




चिंताजनक

डब्ल्यूएचओ ने फंगल इंफेक्शन पर जारी की वैश्विक रणनीति

# हर साल 30 करोड़ लोग हो रहे फंगल संक्रमण का शिकार

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी और एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस (एएमआर) जैसी चुनौतियों के बाद दुनिया अब एक और गंभीर स्वास्थ्य

- दुनियाभर के 150 विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

संकट का सामना कर रही है। यह खतरा तेजी से बढ़ रहे फंगल संक्रमणों और एंटीफंगल दवाओं के प्रति विकसित हो रहे प्रतिरोध का है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार हर वर्ष 30 करोड़ से अधिक लोग फंगल संक्रमण से प्रभावित होते हैं। इनमें अनेक मरीज गंभीर रूप से बीमार पड़ते हैं और फंगल संक्रमण मृत्यु का भी कारण बनता है। इस चुनौती से निपटने के लिए डब्ल्यूएचओ ने पहली बार एक व्यापक वैश्विक रणनीति जारी की है, जिसमें जागरूकता बढ़ाने, सस्ती और सुलभ जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने, निगरानी तंत्र मजबूत करने तथा मानव, पशु, कृषि और पर्यावरण को साथ लेकर 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण अपनाने पर विशेष जोर दिया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार सबसे बड़ी चिंता केवल फंगल संक्रमणों की बढ़ती संख्या नहीं है, बल्कि एंटीफंगल दवाओं के प्रति तेजी से विकसित हो रहा प्रतिरोध है। डब्ल्यूएचओ की यह रणनीति दुनिया भर के 150 से अधिक चिकित्सकों, वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों के सुझावों के आधार पर तैयार की गई है। इसका उद्देश्य विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों की सहायता करना है, जहां फंगल संक्रमण की पहचान करने वाली प्रयोगशालाएं, प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी और प्रभावी उपचार सीमित हैं। रणनीति में स्वास्थ्यकर्मियों और चिकित्सकों को फंगल संक्रमण की समय पर पहचान और उचित उपचार के लिए प्रशिक्षित करने पर विशेष जोर दिया गया है।



**वन हेल्थ मॉडल से होगी व्यापक निगरानी**

डब्ल्यूएचओ का कहना है कि फंगल संक्रमण से निपटने के लिए वन हेल्थ दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक होगा, जिसमें मानव स्वास्थ्य के साथ पशु स्वास्थ्य, कृषि और पर्यावरण को भी समान महत्व दिया जाएगा। संगठन के अनुसार जब तक खेतों में उपयोग फफूंदनाशकों, पशुओं में इस्तेमाल एंटीफंगल दवाओं पर ध्यान नहीं दिया जाएगा, तब तक इसपर नियंत्रण संभव नहीं होगा।

**12 प्राथमिकताओं पर आधारित नया ब्लूप्रिंट**

डब्ल्यूएचओ ने इस वैश्विक ब्लूप्रिंट में 12 प्रमुख प्राथमिकताओं की पहचान की है। यह रणनीति सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रबंधकों, वैज्ञानिकों, दवा और जांच संस्थानों, स्वास्थ्यकर्मियों तथा मरीजों के हित में काम करने वाले समूहों के लिए मार्गदर्शिका का कार्य करेगी। डब्ल्यूएचओ के तकनीकी अधिकारी हातिम सती के अनुसार, फंगल संक्रमण और एंटीफंगल प्रतिरोध को अब तक अधिकतर राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं में पर्याप्त महत्व नहीं मिला है।

# स्कूल ने कर लिया सरकारी नाले पर कब्जा

## नगर पालिका का सख्त नोटिस, कार्रवाई की चेतावनी



**स्वतंत्र भारत तिलहर (शाहजहांपुर)।** तिलहर नगर पालिका परिषद ने नगर की जल निकासी व्यवस्था में बाधा बनने पर एक निजी विद्यालय के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। पालिका ने द रेनेंसों एकेडमी के प्रबंधक को नोटिस जारी कर आरोप लगाया है कि विद्यालय के सामने स्थित सरकारी पक्के नाले पर अवैध अतिक्रमण कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई जा रही है।

पालिका की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, सरऊ रोड स्थित नहर पुलिया के पास विद्यालय के सामने बने सरकारी नाले को फुलवाड़ी की हैच लगाकर विद्यालय परिसर में शामिल कर लिया गया, जिससे सरकारी नाले पर अतिक्रमण हो गया है। साथ ही आरोप है कि 15वें वित्त आयोग की निधि से चल रहे नाले की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य को भी विद्यालय प्रबंधन द्वारा रुकवाया जा रहा है और संबंधित ठेकेदार को काम नहीं करने दिया जा रहा। नगर पालिका का कहना है कि अमर बाल विद्या मंदिर से खैरपुर तिराहे होते हुए सरऊ पुलिया तक पुराने पक्के नाले की मरम्मत एवं ढाल सुधार का कार्य जिलाधिकारी की स्वीकृति के बाद कराया जा रहा है। यह कार्य नगर की वर्षों पुरानी जलभराव और जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए जनहित में कराया जा रहा है। नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि विद्यालय प्रबंधन का यह रवैया सरकारी कार्य में बाधा, जनहित के विपरीत तथा शासन की मंशा के खिलाफ है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। नगर पालिका ने विद्यालय प्रबंधन को तत्काल प्रभाव से नाले की मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्य में सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की बाधा न डालने के निर्देश दिए हैं। चेतावनी दी गई है कि यदि निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो नगर पालिका अधिनियम, 1916 की सुसंगत धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्यालय प्रबंधन की होगी। नगर पालिका की इस कार्रवाई के बाद नगर में सरकारी भूमि और नालों पर अतिक्रमण के मामलों को लेकर चर्चा तेज हो गई है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि विद्यालय प्रबंधन नोटिस का पालन करता है या फिर पालिका अगला कानूनी कदम उठाती है।

# युवा सपा नेता कमलेश यादव का हार्टअटैक से निधन

## श्री संतनपाल मेडिकल कालेज और कई शिक्षण संस्थानों के थे प्रबंधक



**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर - शाहजहांपुर।** कस्बे के श्री संतनपाल सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के संस्थापक श्री संतनपाल सिंह यादव के ज्येष्ठ पुत्र समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश कुमार यादव का मंगलवार सुबह हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 44 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके मेडिकल कॉलेज प्रांगण में मां सुमनलता यादव की समाधि स्थल के समीप ही किया गया। चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र अभय यादव ने दी। वरिष्ठ सपा नेता कमलेश यादव के आकस्मिक निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हजारों लोगों के एक साथ उनके आवास पर पहुंच जाने से भारी भीड़ लग गई। जिससे लोगों को उनके अंतिम दर्शन करना भी मुश्किल हो गया। उनके अंतिम दर्शन करने और अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए शाहजहांपुर जिले के अलावा फर्रुखाबाद,बदायूं,हरदोई,पीलीभीत, लखीमपुर खीरी आदि जनपदों के वर्तमान और पूर्व विधायकों,सांसदों,जिला पंचायत सदस्यों,ब्लॉक प्रमुखों,ग्राम प्रधानों का तांता लग गया। जनप्रतिनिधियों और रसूखदारों के वाहनों की भीड़ से एकबार मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे पर जाम लग गया। पुलिस को हाइवे पर यातायात व्यवस्था सुचारू करवाने में छक्के छूट गए।युवाओं की पहली पसंद जनप्रिय युवा नेता कमलेश यादव के आकस्मिक निधन की सूचना फैलते ही शोक में क्षेत्र के लगभग सभी स्कूल कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया गया। कस्बे के व्यापारियों ने भी शोक में अपने प्रतिष्ठान बंद कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय कमलेश यादव अपने पीछे पिता संतनपाल सिंह यादव,पत्नी पूर्व प्रधान लक्ष्मी यादव ,पुत्र अभय यादव,छेह वर्षीय पुत्र आरव यादव पुत्री सौम्या यादव व छोटे भाई डॉ0 नीलेश यादव को रोता बिलखता छोड़ गए।

### कमलेश के परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

लगभग डेढ़ माह पहले कमलेश यादव की मां पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमनलता यादव का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया था। बीते रविवार को कमलेश के छोटे भाई संतनपाल सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ0 नीलेश यादव की फॉर्च्यूनर गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया था। जिसमें डॉक्टर नीलेश यादव बाल बाल बच गए थे। स्वर्गीय कमलेश यादव के 70 वर्षीय पिता श्री संतनपाल सिंह यादव पत्नी और जवान बेटे की मौत से टूट गए हैं। स्वर्गीय कमलेश यादव अपने पीछे अपनी पत्नी लक्ष्मी यादव,पुत्र अभय यादव,आरव यादव व पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**स्वतंत्र भारत खुटार (शाहजहांपुर)।** एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए आशंका जताते हुए कार्यवाही की मांग की है। क्षेत्र के सिल्हुआ गांव निवासी अरुण मिश्रा ने बताया कि उनके बेटे अंबुज मिश्रा 44 वर्षीय को सुबह करीब 9ः30 बजे बंडा क्षेत्र के पांच युवक कार से घर पर आए और उनके बेटे अंबुज मिश्रा को लेकर गोला खीरी जाने की बात कह कार में बैठा कर चले गए। दो-तीन घंटे बाद कार में सवार दो युवक उनके बेटे अंबुज मिश्रा को लेकर घर वापस पहुंचे और दरवाजे पर कार से उठाकर जमीन पर लिटा कर भाग गए। परिजन जब तक कुछ समझ पाते तब तक कार से आए दोनों युवक कार सहित फरार हो चुके थे। परिजनों ने जब अंबुज मिश्रा को बेहोशी की हालत में देखा, तो परिजन उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता अरुण मिश्रा ने बताया कि अंबुज मिश्रा के मुंह व नाक से झाग निकल रही थी। जिस पर ऐसा लग रहा था कि अंबुज मिश्रा को युवकों द्वारा जहर दिया गया है। जिससे उनकी मौत हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पीएम के लिए भेज दिया। अंबुज मिश्रा की मौत पर पूरे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक पांच भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक अपने पीछे पत्नी कल्पना देवी, बेटी आकांक्षा 20 वर्षीय पुत्र आकाश व विकास, मां सरोजनी देवी, पिता अरुण मिश्रा, भाई आलोक मिश्रा, शोभित मिश्रा, मोहित मिश्रा व प्रद्युम्न मिश्रा को रोता बिलखता छोड़ गया। मृतक के पिता अरुण मिश्रा ने बताया कि उनका बेटा अंबुज मिश्रा मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पीएम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पीड़ित परिवारों से मिले ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित



**स्वतंत्र भारत खुटार (शाहजहांपुर)।** क्षेत्र के ग्राम अठकोना निवासी रामपाल पुत्र रामस्वरूप की खेत पर काम करते समय बिजली का तार टूटने से करंट लगने के कारण दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। इस हृदयविदारक हादसे में विवेक पुत्र दुर्वेश एवं प्रांशी पुत्री लालता प्रसाद भी गंभीर रूप से झुलस गए थे। इस संकट की घड़ी में पीड़ति परिवारों के बीच उपस्थित होकर ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित व भाजपा नेताओं ने शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं और उन्हें तत्काल व्यक्तिगत आर्थिक सहायता प्रदान की।साथ ही गंभीर रूप से घायल बच्चों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए परिजनों को शासन-प्रशासन के माध्यम से हर संभव सरकारी मदद और उचित मुआवजा दिलाने का पूर्ण आश्वासन दिया। श्री दीक्षित ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम पीड़ति परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं। साथ में निवर्तमान मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी, क्षेत्र पंचायत सदस्य परशुराम वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता आदरणीय मोतीलाल वर्मा उपस्थित रहे।

# विधायक ने हरिशंकरी रोपित कर मनाया वन महोत्सव



**स्वतंत्र भारत खुटार (शाहजहांपुर)।** वनस्थली शिक्षण संस्थान सिकलापुर में मंगलवार को वन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक चेतराम एडवोकेट, वन क्षेत्राधिकारी दिनेश बडोला, विधालय के प्रधानाचार्य, प्रबंधक व स्थानीय लोगों के साथ छात्रों ने वृक्षारोपण किया। प्रदेश सरकार द्वारा 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव मनाया जा रहा हैं। जिसके अंतर्गत अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जा रहे हैं। वनस्थली शिक्षण संस्थान सिकलापुर में वन विभाग द्वारा वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि विधायक चेतराम एडवोकेट ने विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनिवास मिश्रा, प्रबंधक प्रेमसागर मिश्र, रामप्रकाश मिश्र सुआ, रोहित मिश्रा व वन क्षेत्राधिकारी दिनेश बडोला के साथ हरीशंकरी रोपित किए। जिसमें पीपल, पकड़ व बरगद के पौधे रोपित किए गए। इस्म मौके पर विधायक चेतराम ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षों को होना अति आवश्यक है। जिसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को मां के नाम एक वृक्ष अवश्य लगाया चाहिए और उसकी देखभाल भी सुनिश्चित करनी चाहिए। सरकार का उद्देश्य प्रदेश भर में वन महोत्सव के अंतर्गत 13 करोड़ वृक्षों को लगाना है। जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे। वन क्षेत्राधिकारी दिनेश बडोला ने कहा कि 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत हर जगह वृक्षारोपण कार्यक्रम हो रहे है। 12 जुलाई को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने जनमानस से कम से कम एक वृक्ष लगाने की अपील की। कार्यक्रम में छात्रों ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। विधायक व वन क्षेत्राधिकारी ने स्थानीय लोगों को आम, तुलसी, अमरूद, के पौधों के साथ सीड्स बाल वितरित किए। इस मौके पर वन दरोगा रोहित पाण्डेय, अनिल वर्मा, राघव मिश्र, भगवान सिंह, अशोक बाजपेई, संजीव बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# जानलेवा हमले के वांछित दो आरोपी दबोचे



**स्वतंत्र भारत जैतीपुर शाहजहांपुर।** जानलेवा हमले में वांछित चल रहे जिला पंचायत सदस्य सहित पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है दोनों आरोपी बाहर भागने की फिराक में थे । बता दें कि 2 महीने पूर्व कस्बे के दीपक सिंह पुत्र उदयपाल सिंह अपनी ऑटो कार से घर जा रहे थे तभी रास्ते में पीछे से इको कार सवार चालक अर्जुन सिंह कार्की अभिषेक प्रताप सिंह भुवनेश उर्फ भुन्ना अमित कुमार विकेश यादव व दुर्वेश यादव ने जान से मारने की नीयत से प्रार्थी की ऑटो कार पर टक्कर मार कर जानलेवा हमला कर दिया था जिसमें प्रार्थी बाल बाल बच गया था । थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक रोहितास कुमार उपनिरीक्षक सूरजपाल पचौरी व कांस्टेबल राहुल यादव के साथ दबिश देकर लालपुर बड़ा गांव के तिराहे पर अभिषेक प्रताप सिंह पुत्र सूरजपाल निवासी ग्राम अली अकबरपुर नवादा व भुवनेश उर्फ भुन्ना पुत्र राममोहन निवासी ग्राम व थाना जैतीपुर को गिरफ्तार किया उन्होंने बताया दोनों आरोपी बाहर भागने की फिराक में थे। थाना प्रभारी ने बताया दोनों का मेडिकल कराकर जेल भेज दिया गया है।

# बच्ची के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहाँपुर।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला लक्ष्मीनगर में तीन वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए कथित दुष्कर्म के मामले में खुदागंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 14 दिनों में विवेचना पूरी कर आरोपी के विरुद्ध विशेष पॉक्सो न्यायालय में आरोपपत्र (चार्जशीट) दाखिल कर दिया है। पुलिस की इस तेजी को कानून व्यवस्था के प्रति गंभीरता और संवेदनशीलता का उदाहरण माना जा रहा है। 20 जून 2026 को मोहल्ला लक्ष्मीनगर में बीसलपुर जनपद पीलीभीत से एक बारात आई थी। इसी दौरान भीड़ का लाभ उठाकर आरोपी चाँद बाबू, निवासी मोहल्ला ग्यासपुर, बीसलपुर पीलीभीत कथित रूप से तीन वर्षीय बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि वह बच्ची को पास के एक सुनसान स्थान पर ले गया, जहाँ उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना खुदागंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस टीम ने वैज्ञानिक, चिकित्सीय एवं अन्य उपलब्ध साक्ष्यों का तेजी से संकलन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर विवेचना पूरी की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित गंभीर धाराओं के तहत पर्याप्त साक्ष्य संकलित कर विशेष पॉक्सो न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की प्रभावी पैरवी कर आरोपी को कानून के अनुरूप कठोर दंड दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।मासूम बच्चों के विरुद्ध होने वाले गंभीर अपराधों में इतनी त्वरित विवेचना और समयबद्ध आरोपपत्र दाखिल होने से क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली की सराहना हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य एवं उनकी टीम की तत्परता और पेशेवर कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए इसे अपराधियों के लिए कड़ा संदेश बताया है।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने की मासिक बैठक



**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ खुदागंज की ब्लॉक कार्यकारिणी ने जिला संरक्षक वीर बहादुर व जिला संयुक्तमंत्री/ब्लॉक अध्यक्ष सन्तोष सिंह की अध्यक्षता में बीआरसी खुदागंज पर मासिक बैठक की व मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड बनवाने हेतु शिक्षक हित में कैम्प का आयोजन किया। राष्टीय शैक्षिक महासंघ की टेक्निकल टीम हेड भुवनेश गंगवार द्वारा, जिन शिक्षकों का अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया था उनका रजिस्ट्रेशन करवाया गया। जिनका आवेदन बेसिक शिक्षा अधिकारी शाहजहांपुर द्वारा स्वीकृत कर दिया गया था उनकी ई-केवाईसी करवा कर कार्ड डाऊनलोड करवाने में सहायता प्रदान की गई। ब्लॉक अध्यक्ष सन्तोष सिंह ने राज्य सरकार द्वारा शिक्षकों को दी जा रही इस सुविधा की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जारी इस सुविधा के अंतर्गत सभी शिक्षकों व उनके परिजनों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री जी द्वारा 8 जुलाई को होने जा रहा है। कैम्प में अनेकों शिक्षकों ने अपना आवेदन, ई-केवाईसी व कार्ड डाऊनलोड किया। बैठक में जूनियर शिक्षक संघ के महामंत्री मनोज गंगवार, ज्ञानेंद्र सिंह, सन्तोष शर्मा, विजेंद्र गंगवार, अनिल वर्मा, सन्तोष गंगवार, अरशद अंसारी, मनोज कुमार, अवनीश गंगवार, आदेश सहित अनेकों शिक्षक उपस्थित रहे।

# जन सुरक्षा बीमा योजनाओं की कार्यशाला में दी जानकारी



स्वतंत्र भारत ददरौल शाहजहांपुर। गन्ना समिति रोजा के सभागार में गन्ना किसानों के जनहितार्थ उपयोगी जन सुरक्षा बीमा योजनाओं के संबंध में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जो 7 जुलाई से लेकर 10 जुलाई तक रहेगा, किसान भाई कार्यशाला में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर जानकारी ग्रहण कर सकते है। कार्यशाला में इफको (ढ्ढस्नस्नष्टह्र) एवं बैंक के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग करते हुए किसानों को विभिन्न जन सुरक्षा बीमा योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा इन योजनाओं से जुड़कर आर्थिक सुरक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक की अध्यक्षता गन्ना समिति के चेयरमैन त्रिवेन्द्र सिंह जी द्वारा की गई। इस अवसर पर संचालक मंडल के सदस्य आनंद सिंह, एस.सी.डी.आई. रोजा लालचंद उपाध्याय, चीनी मिल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में गन्ना किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को जनकल्याणकारी सुरक्षा बीमा योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें अधिक से अधिक लाभान्वित करना एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना है।

# निर्माणाधीन बगलामुखी मंदिर के छोटे गेट का हुआ पूजन



**स्वतंत्र भारत पुवायाँ शाहजहांपुर।** समुलिया में निर्माणाधीन मां बगलामुखी मंदिर के छोटे गेट का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मंदिर के मुख्य बड़े गेट के निर्माण का भी संकल्प लिया। यह कार्यक्रम जय माई बगलामुखी दसों महाविद्या मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित किया गया। मंदिर में छोटे गेट की स्थापना देवरिया जनपद के रुद्रपुर क्षेत्र स्थित पूर्वी तिवारी टोला निवासी रिंकू देवी (पत्नी रोहित पांडे), मधु पांडे, आदित्य पांडे और आलोक पांडे के सहयोग से की गई। वहीं, शाहजहांपुर के सिधौली क्षेत्र स्थित ढकिया हमीद नगर निवासी सौभाग्या मिश्रा (पत्नी वैभव मिश्रा) ने मंदिर के मुख्य बड़े गेट के निर्माण का संकल्प लिया। इस पूजन कार्यक्रम में शकुंतला देवी (पत्नी महेश शर्मा), प्रेमवती, रोली देवी (पत्नी गौरव सिंह), निहारिका देवी (पत्नी सत्यम बाजपेई) सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रोहित मुनि महाराज ने सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन मंदिर को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है और देश के विभिन्न क्षेत्रों से भक्त बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं, जिससे मंदिर निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# गर्म तेल गिरने से आठ वर्षीय बालिका झुलसी

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** आठ वर्षीय बालिका गर्म तेल से झुलस गई। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे घर भेज दिया।गांव कुआंडंडा निवासी सुखलाल की आठ वर्षीय पुत्री परी मंगलवार दोपहर करीब दो बजे घर में खेल रही थी।इसी दौरान रसोई में कराही में रखा गर्म तेल अचानक उसके ऊपर गिर गया, जिससे वह झुलस गई।हादसे के बाद बच्ची की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और बिना देर किए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।जहाँ डाक्टर ने बालिका का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार बच्ची की हालत खतरे से बाहर है, इसलिए उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।

# ओवरलोड भूसा वाहनों से राहगीर परेशान



**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहाँपुर** नगर से होकर अन्य जनपदों की ओर जाने वाले ओवरलोड भूसा लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली और पिकअप वाहनों की लगातार आवाजाही आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। क्षमता से अधिक भूसा लादे जाने के कारण सड़क पर भूसा बिखरता रहता है, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है।स्थानीय लोगों के अनुसार दिन-रात बड़ी संख्या में ओवरलोड वाहन नगर से होकर गुजरते हैं। इन वाहनों में भूसा निर्धारित सीमा से अधिक भरा होने के कारण चलते समय उड़कर सड़क पर फैल जाता है। इससे दोपहिया वाहन चालकों, पैदल राहगीरों और अन्य वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार सड़क पर उड़ते भूसे के कारण दृश्यता कम हो जाती है, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। नगरवासियों का कहना है कि ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली और पिकअप वाहन न केवल यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर चुनौती बने हुए हैं। लोगों ने प्रशासन एवं परिवहन विभाग से नियमित जांच अभियान चलाकर ऐसे वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित हो सके।इस संबंध में एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश सिंह ने बताया कि नगर में शीघ्र ही विभागीय टीम भेजकर ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर चलने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली और पिकअप वाहनों की जांच कर नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# कांवड़ यात्रा मार्ग हो पूरी तरह दुरूस्त : जिलाधिकारी

## झुलते बिजली के तार, ट्रांसफार्मर और विद्युत पोल किए जाए कवर्ड



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में कांवड़ यात्रा-2026 की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बिजली विभाग को निर्देश दिए कावड़ यात्रा मार्ग के ढीले तारों को सही करें तथा खुले ट्रांसफार्मर की सुरक्षा व्यवस्था तथा विद्युत पोलो पर पॉलिथीन लगाई जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि श्रावण मास के दौरान शिवभक्त जनपद से होकर कांवड़ यात्रा करेंगे। अल्लागंज, जलालाबाद, कांट, बरेली मोड़, हथौड़ा एवं जरियनपुर में कांवड़ यात्रा शिविर बनाए जाएं, जिनमें बैठने, लेटने, पब्लिक एड्रेस सिस्टम एवं भजन बजाने हेतु म्यूजिक सिस्टम की व्यवस्था होनी चाहिए। कांवड़ यात्रा मार्ग पर प्रस्तावित सभी कार्य 25 जुलाई तक हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं।उन्होंने निर्देशित किया कि कांवड़ मार्ग पर प्रत्येक 7 से 8 किलोमीटर की दूरी पर शिवभक्तों की सुविधा के लिए ढाई घाट पर रैनबसेरा, शौचालय, स्नानघर (बाथरूम) एवं चेंजिंग रूम की समुचित व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही यात्रा मार्ग पर आयुर्वेदिक एवं एलोपैथ दोनों पद्धतियों के चिकित्सा शिविर स्थापित किए जाएं तथा आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सकीय सुविधाओं एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही शिवभक्तों के लिए विभिन्न स्थानों पर भजन-कीर्तन एवं धार्मिक संगीत की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे श्रद्धामय वातावरण बना रहे। यात्रा मार्ग के सभी दुकानदारों के लिए पहचान पत्र (आई-कार्ड) धारण करना तथा दुकान पर नाम का स्पष्ट प्रदर्शन अनिवार्य कराया जाये । यात्रा मार्ग पर सड़क किनारे पेड़ों की आवश्यक कटाई-छंटाई कर मार्ग को सुरक्षित एवं बाधारहित बनाया जाए। इसके अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक शहरी देवेंद्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

**अल्लागंज, जलालाबाद, कांट, बरेली मोड़, हथौड़ा एवं जरियनपुर में बनाये जाए कांवड़ यात्रा शिविर**
**शिविरों में कावड़ यात्रियों को बैठने, लेटने, पब्लिक एड्रेस सिस्टम एवं म्यूजिक सिस्टम की होगी व्यवस्था**
**कांवड़ यात्रा मार्ग पर प्रस्तावित सभी कार्य 25 तक पूर्ण होगे**
**कांवड़ यात्रा-2026 की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने कसी कमर**

# दो दिन से लापता मजदूर का तालाब में मिला शव



स्वतंत्र भारत पुवायां शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के गांव बरगदिया में मंगलवार शाम तालाब में एक युवक का शव उतराता मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो दिन से लापता था और परिजनों ने मंगलवार सुबह ही उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बरगदिया निवासी 36 वर्षीय छेलन बाबू पत्नी तबली और चार बच्चों के साथ रहते थे। वह मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार, छेलन शराब पीने के आदी थे। दो दिन पहले वह बिना बताए घर से निकल गए थे और वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने मंगलवार सुबह पुवायां थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने गांव पहुंचकर पूछताछ शुरू की। इसी बीच मंगलवार शाम करीब पांच बजे ग्रामीणों ने गांव के पास स्थित तालाब में एक शव उतराता देखा और डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया, जिसकी पहचान परिजनों ने छेलन बाबू के रूप में की।

थाना प्रभारी आर.के. रावत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महाराणा प्रताप के नाम पर हो बस स्टैंड

## करणी सेना कार्यकर्ताओं ने विधायक को दिया ज्ञापन



स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर। राजपूत करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी अभय चौहान के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष प्रशांत सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एवं विधायक अरविंद कुमार सिंह को संबोधित ज्ञापन सौंपकर मांग की की नगर के बस स्टैंड का नाम महाराणा प्रताप हो और उनकी मूर्ति स्थापित की जाए। आज क्या दिन है लाला क्या दिन है आज मंगल बार को राजपूत करणी सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित क्षेत्रीय विधायक अरविंद सिंह को एक ज्ञापन दिया गया जिसमें कहा गया है कि कुर्रिया कला तिराहा पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित कराई जाए। संगठन के पदाधिकारियों ने सरकार से दोनों मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष अभय चौहान,,जिला अध्यक्ष ठा. प्रशांत सिंह , सुतीक्ष्ण सिंह , सूर्या प्रताप सिंह,, पीयूष मिश्रा ,राजीव सिंह, सुमेंन्द्र सिंह,विकास सिंह ,सूरज मिश्रा...,सुशील, राहुल सिंह,,,,,सूरज,, अरविंद मिश्रा, सहित संगठन के पदाधिकारी एवं समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# आदर्श नगर कॉलोनी में रोड पर भरा पानी



**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** बरसात शुरू होते हैं रोजा जंक्शन आदर्श नगर कॉलोनी वासी चिंतित होने लगते हैं हल्की बरसात हो या तेज बरसात हो रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र के आदर्श नगर कॉलोनी से माल गोदाम रोड जाने वाली सड़क नदी का रूप धारण कर लेती है घरों में बरसात का पानी घुस जाता है दुकानों में बरसात का पानी घुस जाता है दुकानदारों का काफी नुकसान होता है प्रत्येक वर्ष नगर निगम की ओर से बड़े-बड़े नालों की सफाई भी होती है लेकिन बरसात शुरू होते ही नतीजा कुछ नहीं 3 वर्ष पहले बिजली के पल में करंट आने से एक बच्चे की मौत भी हो गई थी लेकिन फिर भी पानी के निकास की कोई सही व्यवस्था नहीं है वहीं दूसरी और कुछ लोगों ने नाले के पाठ कर दुकान बना रखी हैं और उसे पर सामान बिक्री करते हैं जिससे नल की सही तरीके से सफाई भी नहीं हो पाती इस संबंध में नगर निगम के कर्मचारियों से बात करना चाह कई बार कॉल की लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई।

# मार्ग कटने से हो सकती है बड़ी घटना

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/परौर -शाहजहांपुर।** कलान मार्ग से परौर की तरफ जाने बाले खड़ंजा के निकास का मार्ग बरसात में कटा कभी भी हो सकती है बड़ी से बड़ी घटना। कलान परौर मार्ग से लगभग एक किलोमीटर खड़ंजा परौर की तरफ जाकर कुंडरिया परौर मार्ग में मिलता है। यह परौर जाने का सबसे शॉर्टकट मार्ग है। परौर आने जाने के लिए अधिकतर लोग इसी खड़ंजा मार्ग से गुजरते हैं। बरसात के कारण इस खड़ंजा का मुख्य छोर गड्ढा होने से नीचे धस गया है। जो कभी भी बड़ी से बड़ी घटना का कारण बन सकता है। गांव के प्रेमपाल सिंह गुर्जर, सोमनाथ सिंह यादव, राम अवतार सिंह कुशवाहा, ओमपाल सिंह गुर्जर ,अरविंद कुमार सिंह गुर्जर , पप्पू सिंह कुशवाहा, अरविंद कुमार सिंह कुशवाहा आदि ने बरसात से कटे हुए खड़ंजा मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है।



# मंदिर में चढ़ावे की चोरी को लेकर कांग्रेसियों का प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहाँपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी शाहजहाँपुर ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर अयोध्या श्री राम मंदिर में च?ावे की चोरी बंद करने और सद्बुद्धि के लिए जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना के नेतृत्व में 'सद्बुद्धि पदयात्रा' निकाली। पदयात्रा कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर बाबा विश्वनाथ मंदिर पर समाप्त हुई। वहाँ कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया तथा श्री राम स्तुति का गान करते हुए भगवान से प्रार्थना की कि राम मंदिर में च?ावे की चोरी बंद हो और सभी को सद्बुद्धि मिले।जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना ने कहा कि अयोध्या श्री राम मंदिर करोड़ों रामभक्तों की आस्था का केंद्र है। वहाँ च?ावे और दान की चोरी की घटनाएं रामभक्तों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ हैं। हम प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर सद्बुद्धि पदयात्रा निकालकर भगवान से प्रार्थना करते हैं कि राम मंदिर में होने वाली चोरी बंद हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।युवा जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी ने कहा कि राम मंदिर में च?ावा चोरी का मामला बेहद गंभीर है। आज हमने बाबा विश्वनाथ मंदिर में सामूहिक प्रार्थना की है कि भगवान श्री राम सभी को सद्बुद्धि दें और इस पवित्र स्थल पर होने वाली अनियमितताएं समाप्त हों। कांग्रेस इस आस्था के अपमान के खिलाफ लगातार आवाज उठाती रहेगी।पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह ने कहा कि श्री राम मंदिर की पवित्रता बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। च?ावे की चोरी की घटनाएं निंदनीय हैं। हमने आज सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा और राम स्तुति का पाठ कर ईश्वर से प्रार्थना की है कि राम मंदिर में शुद्धता बनी रहे और दोषी लोगों पर सख्त कार्रवाई हो।इस पदयात्रा में प्रमुख रूप से पूनम पांडेय, बिंदेश्वरी राज, नूरे सहर बी,कृष्ण विनोद मिश्रा,अदीब अहमद,गौरव त्रिपाठी,फुरकान अहमद कुरैशी,रफी उल हसन, सईद अंसारी,सुशील प्रकाश शर्मा,फरमान खान,कमल किशोर मिश्रा, अरुणोद मिश्रा,आशीष तिवारी,राहुल मौर्या,कलीम खान, डॉ फहद अली,सुधांशु मिश्रा,अतीत बागी सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डबल वोटरों की निष्पक्ष जांच के निर्देश

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** तहसीलदार अजहर अंसारी की अध्यक्षता में मंगलवार दोपहर करीब दो बजे तहसील परिसर स्थित मीटिंग हॉल में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के संबंध में बीएलओ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी बीएलओ को मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।तहसीलदार ने कहा कि प्रत्येक बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता सूची का घर-घर जाकर सत्यापन करें तथा यह सुनिश्चित करें कि किसी भी मतदाता का नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज न हो। यदि किसी मतदाता के डबल वोट होने की जानकारी मिलती है तो उसकी निष्पक्ष एवं गहन जांच कर नियमानुसार कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जाए।उन्होंने बीएलओ से कहा कि पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएं तथा अपात्र अथवा मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम नियमानुसार हटाने की प्रक्रिया भी पूरी की जाए। पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराया जाए, ताकि मतदाता सूची शुद्ध एवं अद्यतन बनाई जा सके।बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा बीएलओ को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करने के निर्देश दिए गए।

## जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जागरूकता कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत ददरौल।** जिला प्रशासन आमजन विशेषकर बच्चों में आपदा जागरूकता बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। 8वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (ह्ष्ठ्रस्न्न), गाज़ियाबाद की टीम द्वारा ग्राम पंचायत चौढेरा के दनियापुर गांव में ग्रामीणों के साथ युवक महिला मंगल दल, छात्र-छात्राओं को आगामी बाढ़ के मौसम के दृष्टिगत सुरक्षा उपायों एवं बचाव तकनीकों की जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर कमांडर आपदा मित्र इन्द्रजीत लोधी, लेखपाल विशाल मिश्रा,रोजगार सेवक ललितेश शास्त्री, संजीव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# वृक्षारोपण महायज्ञ 12 को, तैयारियां पूरी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2026-27 में वृक्षारोपण कार्यक्रम के सफल एवं प्रभावी कियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने 12 जुलाई को आयोजित होने वाले वृक्षारोपण महायज्ञ 2026-27 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि 12 जुलाई को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक जनपदभर में पौधों का वितरण एवं वृक्षारोपण किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अभियान के अंतर्गत ऊर्जावन, समरस वन, अविरल धारा वन सहित विभिन्न थीम आधारित वनों का विकास किया जाएगा। किसी भी प्रकार की समस्या अथवा समन्वय संबंधी आवश्यकता होने पर संबंधित नोडल अधिकारी से तत्काल संपर्क कर उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जनपद की विभिन्न विकास खंडों एवं नगर निकायों में प्रस्तावित वृक्षारोपण की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बंडा, पुवायां, सिंधौली, भावलखेड़ा, ददरौल, कांट, मदनापुर, जलालाबाद, मिर्जापुर, तिलहर, खुदागंज तथा निगोही क्षेत्र की ग्राम पंचायतों एवं अन्य चिन्हित स्थलों पर लगाए जाने वाले पौधों की संख्या, स्थान तथा तैयारियों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए । इस अवसर पर में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, डीएफओ सचिन कुमार, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश कुमार तथा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## दीवार गिरने से बच्ची की मौत

**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम उदिया पुर मैं दीवार गिरने से 8 साल की बच्ची की मौत हो गई ।जिससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया है। ग्राम उदियापुर मे एक निर्माणाधीन दीवार के गिर जाने से उसमे दबकर एक बालिका नताशा 08 बर्ष पुत्री मुनेन्द्र की मृत्यु हो गयी है उक्त सूचना पर पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुंचकर

# सड़कें जल्द और उच्च गुणवत्ता की न बनीं तो व्यापारी करेंगे आंदोलन

## व्यापार मंडल ने सड़कों के निर्माण में ढिलाई पर दी घेराव की चेतावनी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक महानगर कार्यालय खिरनीबाग में महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से शहर की जर्जर स?कों और उनके लिए पास हुए बजट के सदुपयोग पर गंभीर चर्चा की गई। व्यापारियों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि पास बजट से स?कों का निर्माण जल्द शुरू नहीं हुआ, तो संगठन धरना देने के लिए बाध्य होगा। महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा कि स?कों के लिए जो बजट पास हुआ है, उससे तुरंत जमीनी स्तर पर काम शुरू होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि बनने वाली सड़कें उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए ताकि वे लंबे समय तक आम जनमानस के लिए सुचारू रूप से चालू रह सकें। यदि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता खराब पाई गई, तो संगठन इसका पुरजोर विरोध करेगा। बैठक में शहर के प्रमुख मार्गों की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए मांग की गई कि जिनमें निशात टॉकीज से तरीन टिकली तिराहा, गोविंद गंज से घंटाघर मार्ग, लाल इमली चौराहे से केरूगंज चौराहे वाला मार्ग, लाल, मल्हार सिनेमा से तारों वाले बाग तक(इस मार्ग से पुरानी इंटरलॉकिंग को हटाकर इसे पूर्ण रूप से आर0सी0सी0 (कंक्रीट) रोड के रूप में निर्मित किया जाए) और सबसे महत्वपूर्ण ये कि लाल इमली चौराहे पे जो पुलिया बनाने का कार्य चल रहा है उसकी गति बढ़ाई जाए।संगठन के जिला महामंत्री आकाश दीप गुप्ता* ने कहा कि चूंकि अब हम मानसून (वर्षा ऋतु) में प्रवेश कर चुके हैं और बच्चों के स्कूल भी खुल चुके हैं। बैठक में सुरेंद्र सिंह सेठ, नारायण दास अग्रवाल,महानगर महामंत्री अमित शर्मा, जिला महामंत्री आकाशदीप गुप्ता, लकी ख़ान , रेहान मिर्जा, मोईन ख़ान, ज्ञान चंद्र, सच्चिदानंद,प्रमोद मल्होत्रा, गुड्डू अंसारी आदि प्रमुख व्यापारी शामिल हुए ।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी पुवायां शाहजहाँपुर

पत्रांकः-सी-310/आंकिक/क्षे.पं./2026-27 **अल्पकालीन निविदा विज्ञप्ति** दिनांक-04.07.2026

एतद् द्वारा समस्त राजकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचम राज्य वित्त आयोग/ केन्द्रीयं वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराने हेतु सीलबन्द निविदायें प्रकाशन की तिथि दिनांक 04.07.2026 से दिनांक 18.07.2026 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक कार्यालय के सीलबन्द बाक्स में डाली जा सकती है जो दिनांक 20.07.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं/ उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के स्तर से गठित कमेटी द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में विकास खण्ड पुवायां से क्रय किये जा सकते है साथ ही प्रत्येक निर्माण कार्य हेतु पृथक-पृथक 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एफडीआर एनएससी जमा करनी होगी। निविदा से सम्बन्धित कोई भी जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम स्थल सहित **पंचम रा.वि./पन्द्रहवां वित्त आयोग अनटाइड एवं टाइड फंड के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य** | कार्य की माप | कार्य की प्राकलित धनराशि लाख में | अर्नेस्ट मनी की धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड परिसर में निर्मित डवाकरा भवन की मरम्मत एवं पी.वी.सी. पैनल कार्य, विद्युत कार्य। | 1 नग | 999700 | 19994 | 1000 | 3 माह |
| 2 | जसवन्तपुर के राजस्व ग्राम झरसा में नरवीर के मकान से सतीश के मकान तक इन्टरलॉक व नाली निर्माण कार्य | 163 मी. | 999000 | 19980 | 1000 | 3 माह |
| 3 | नाहिल रोड पर धरमंगदपुर जप्ती में हरिबर्तन के मकान से अनूप के घर तक इन्टरलॉक व नाली निर्माण कार्य। | 80 मी. | 999900 | 19998 | 1000 | 3 माह |
| 4 | ग्राम दियूरिया में पकडिया मेन रोड बाग से त्रिलोचन सिंह, गुरूमेल सिंह के मकान तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य | 155 मी. | 950000 | 19000 | 1000 | 3 माह |
| 5 | ग्राम सतवां बुजुर्ग में महावीर सिंह के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 271 मी. | 999000 | 19980 | 1000 | 3 माह |
| 6 | ग्राम मजीदपुर में पंचायत घर से हरीराम कोल्ड स्टोर तक नाला निर्माण कार्य। | 271 मी. | 999000 | 19980 | 1000 | 3 माह |
| 7 | ग्राम डूंडा में राम प्रताप के घर से गौहनिया तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 271 मी. | 999000 | 19980 | 1000 | 3 माह |
| 8 | ग्राम अगौना बुजुर्ग में सोहन्ना तालाब पर सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | 1 नग | 813000 | 16260 | 1000 | 3 माह |
| 9 | ग्राम सकरापुर में मस्जिद के पास प्याऊ निर्माण कार्य। | 1 नग | 300000 | 6000 | 500 | 3 माह |
| 10 | ग्राम करनापुर में मस्जिद के पास प्याऊ निर्माण कार्य। | 1 नग | 300000 | 6000 | 500 | 3 माह |
| 11 | ग्राम बिलन्दापुर में शिव मन्दिर के पास प्याऊ निर्माण कार्य। | 1 नग | 300000 | 6000 | 500 | 3 माह |
| 12 | ग्राम टेहरी ढुकुरी में कल्याणी मन्दिर के पास प्याऊ निर्माण कार्य। | 1 नग | 300000 | 6000 | 500 | 3 माह |
| 13 | ग्राम गुधनी में रामकृपाल के घर के पास प्याऊ निर्माण कार्य | 1 नग | 300000 | 6000 | 500 | 3 माह |
| 14 | फत्तेपुर बुजुर्ग के के राजस्व ग्राम जंगलपुर में गुरूद्वारा के पास प्याऊ निर्माण कार्य। | 1 नग | 300000 | 6000 | 500 | 3 माह |
| 15 | ग्राम जुझारपुर में ओमदुर्गा शक्तिपीठ के पास प्याऊ निर्माण कार्य। | 1 नग | 300000 | 6000 | 500 | 3 माह |
| 16 | ग्राम सरैया में देवस्थान के पास प्याऊ निर्माण कार्य | 1 नग | 300000 | 6000 | 500 | 3 माह |

शर्ते- 1. कार्य के लिए निर्धारित 2 प्रतिशत धरोहर राशि निविदा के साथ एफडीआर/ एनएससी के रूप में खण्ड विकास अधिकारी पुवायां के पदनाम बंधक कराना तथा 8 प्रतिशत जमानत धनराशि कार्य आदेश प्राप्त करते समय/भुगतान के समय एफडीआर/एनएससी प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 2. सर्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उक्त खनिजों का भुगतान सुनिश्चित किये जाने वाले विषयक भू तत्त्व एवं खनिकर्म के शासनादेशानुसार अनुपालन करना अनिवार्य होगा। 3. कार्य से सम्बन्धित विवरण/निविदा फार्म, शर्ते/नोटिस बोर्ड एवं सम्बन्धित पटल पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 4. किसी भी वाद विवाद के लिए न्याय क्षेत्र शाहजहाँपुर होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी पुवायां, शाहजहांपुर**

# अवसाद ग्रस्त किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहाँपुर)।** लंबे समय से बीमारी के चलते अवसाद ग्रस्त किसान ने परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर कब्जे में ले लिया और पीएम के लिए भेज दिया घटना सोमवार शाम लगभग 7:00 बजे की बताई गई है। थाना क्षेत्र जलालाबाद के गांव कोना याकूबपुर निवासी लक्ष्मण पुत्र रनवीर सिंह उम्र लगभग 42 वर्ष ने सोमवार शाम लगभग 7:00 बजे गांव के बाहर कृष्णानंद के खेत में खड़े आम के पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर गले में डालकर फांसी लगा ली जिससे उनकी मृत्यु हो गई। थोड़ी देर बाद खेतों में काम कर रहे लोगों ने लक्ष्मण को फंदे पर लटका हुआ देखा जिसकी सूचना परिजनों को दी गई मौके पर पहुंचे परिजनों ने लक्ष्मण को फांसी के फंदे से नीचे उतारा तब तक उसके प्राण पखेरु उड़ चुके थे परिजन शव को घर ले



दिया। लक्ष्मण की मौत पर पत्नी शीला व चार छोटे-छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है मृतक पांच भाई है पिछले काफी समय से उसको काला पीलिया बीमारी से ग्रसित होना बताया गया है जिसके चलते लंबे समय से वह अवसाद में जी रहा था इसी के चलते आज उसने गले में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

कोतवाल अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि सूचना पाकर मय चौकी प्रभारी खंडहर उप आए और इसकी सूचना डायल 112 को दी। मृतक के भाई सत्येंद्र ने इस संबंध में संबंधित थाने में प्रार्थना पत्र दिया जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरकर व शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज निरीक्षक गौरव सिंह सहित मौके पर पहुंचे व घटना की जानकारी ली जिसमें अवसाद ग्रस्त होने के कारण फांसी लगा लेने की बात प्रकाश में आई है शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** भारतीय जनता पार्टी, महानगर द्वारा प्रखर राष्ट्रवादी और महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म-जयंती के अवसर पर सराय काइयां स्थित डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक केंद्र में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन% का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता द्वारा की गई। प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक व जिला उपाध्यक्ष वैभव खन्ना (एड.) ने संचालन किया। डॉ. श्यामा प्रसाद




मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित करने और दीप प्रज्वलित करने के साथ हुई। वित्त मंत्री ने कहा देश के विभाजन के समय पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने और जम्मू-कश्मीर की अखंडता के लिए उनका कड़ा संघर्ष व सर्वोच्च बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का पूरा जीवन साहस, राष्ट्रवाद और माँ भारती के प्रति निस्वार्थ सेवा का एक अनुपम उदाहरण है। ?ला सहकारी बैंक के चैयरमैन डीपीएस राठौर ने कहा डॉ मुखर्जी ने देश को जो नारा दिया था की देश मे दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नही चलेंगे वो धारा 370 हटने के बाद साकर हो गया है। सम्मेलन में विधानपरिषद सदस्य डॉ सुधीर गुप्ता,महापौर अर्चना वर्मा,आनंद सिंह,प्रशांत सक्सेना,अवनीश शर्मा,वेद प्रकाश मौर्या, दिलीप गुप्ता,सत्यम शर्मा,पार्षद अनूप गुप्ता,संजय कनौजिया, लाल सिंह यादव,अरुण सिंह प्रदीप सक्सेना,पुनीत त्रिवेदी,पवन गुप्ता,जगदीश मौर्या, विजय वर्मा, क्षमा वर्मा,मंजुला बाथम,अल्पना श्रीवास्तव, ज्योति गुप्ता,पारुल गुप्ता,वर्षा अवस्थी,रोबिन तिवारी, विनायक कपूर,हिमांशु आनंद,अमन सक्सेना ,शाश्वत श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# वित्त मंत्री ने जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा करते जताई नाराजगी




स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मंगलवार को विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने जल निगम ग्रामीण एवं शहरी द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और पेयजल पाइपलाइन बिछाने के बाद रेस्टोरेशन कार्य में लापरवाही तथा सभी घरों तक जलापूर्ति सुनिश्चित न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

मंत्री ने जल निगम ग्रामीण और संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि रेस्टोरेशन कार्य और हर घर तक पेयजल पहुंचाने का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

नगर क्षेत्र में पाइपलाइन डालने के बाद रेस्टोरेशन कार्य में हो रही देरी पर भी मंत्री ने असंतोष जताते हुए कार्यदायी संस्था को 20 जुलाई तक सभी लंबित रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में पाइपलाइन बिछाने के बाद खराब सड़कों और अधूरे रेस्टोरेशन का मुद्दा उठाया, जिस पर मंत्री ने संबंधित संस्था को एक सप्ताह के भीतर सभी शिकायतों का समाधान करने का निर्देश दिया।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि भविष्य में जहां भी नई पेयजल पाइपलाइन डाली जाए, वहां उसी के साथ तत्काल रेस्टोरेशन कार्य भी कराया जाए, ताकि सड़कें पहले जैसी स्थिति में दिखाई दें और नागरिकों को परेशानी न हो।

बैठक में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने जल निगम शहरी एवं ग्रामीण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं से जुड़ी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, डीएफओ सचिन कुमार, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि एवं पार्षद उपस्थित रहे।

# जन-सुनवाई दिवस में आई 6 शिकायतें

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त



जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। 7ई, जिनके निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 मनोज कुमार मिश्रा, लेखाधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण, जन-प्रतिनिधिगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा नेताओं ने कमलेश के घर पहुंचकर जताया शोक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** जनपद के जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक मिर्जापुर के समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश यादव जी का दिल का दौरा पढ़ने से आकस्मिक निधन हो गया.सूचना मिलते ही पार्टी के कई बड़े नेता और शुभ चिंतक उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। स्व कमलेश यादव के घर पहुंचने वालों में पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व एमएलसी अमित यादव, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह, यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा,पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल,सपा नेता लखन प्रताप सिंह, सपा शिक्षक नेता श्याम लाल यादव,सपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, जलालाबाद विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यादव, डॉ सुरेंद्र गुप्ता,ह?ी? अंसारी,मुकेश यादव एडवोकेट,लल्ला सिंह यादव,सुहेल,खान,शाहाब खान, दीपक यादव आदि मौजूद रहे।

### दुर्घटनाओं में दो घायल

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर ।** दो अलग-अलग सड़क हादसों में ई-रिक्शा चालक समेत एक महिला घायल हो गई।दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।मोहल्ला बहिदुल्लागंज निवासी सलीम मंगलवार सुबह करीब 10 बजे ई-रिक्शा लेकर पूर्वी भक्सी तिराहे की ओर सवारियां लेने जा रहे थे। रास्ते में एक स्कूल के पास पीछे से तेज रफ्तार दूसरे ई-रिक्शा ने उनके ई रिक्शा से टक्कर हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में सलीम घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें तत्काल सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया।वहीं, बरहा मोहब्बतपुर निवासी रेखा मंगलवार सुबह गांव के एक युवक की बाइक से कछियानी खेड़ा स्थित हनुमान मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर घर लौट रही थीं। डभौरा गांव के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे रेखा घायल हो गईं।बाइक चालक उन्हें तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचा। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने घर भेज दिया।।

### पीपल की टहनी टूटकर सड़क पर गिरी कार क्षतिग्रस्त, पार्क की दीवार टूटी

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहाँपुर)।** सोमवार बीती मध्य रात्रि अचानक पीपल के पेड़ की मोटी टहनी टूट कर सड़क पर गिरी बड़ा हादसा होते-होते टल गया लेकिन एक कार क्षतिग्रस्त हो गई और नगर पालिका कार्यालय के सामने बनी पार्क की दीवार टूट गई। तहसील रोड पर अचानक पीपल के पेड़ की टहनी गिरने



से रास्ता बंद हो गया प्रात 5:00 बजे रास्ता खोला गया जानकारी के मुताबिक बीती रात लगभग 1:00 बजे की घटना है। नगर पालिका परिषद कार्यालय से सटा पीपल का पेड़ खड़ा है जिसका एक मोटा हिस्सा कई कुंतल वजन का टूट कर तहसील रोड पर गिर गया शुक्र रहा कि उस समय सड़क पर आवागमन बंद था पेड़ के नीचे खड़ी एक कार की छत पर टहनी गिरने से कार क्षतिग्रस्त हुई वहीं पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय जगदीश गुप्ता की प्रतिमा से सटी पार्क की दीवार टूट गई रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया प्रातः 5:00 बजे लोगों ने जैसे-तैसे टहनी काटकर रास्ता साफकिया तब आवागमन सुचारू हो सका।

# बेल वृक्ष आस्था, आरोग्य और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक

**स्वतंत्र भारत ददरौल शाहजहांपुर।** वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, बढ़ता तापमान, घटते वन क्षेत्र और प्रदूषण पूरी मानवता के सामने गंभीर चुनौती बनकर खड़े हैं। ऐसे समय में वृक्षारोपण केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति और मानव जीवन के संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है। इसी सोच के साथ भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष वन महोत्सव-2026 को ÷एक पेड़ माँ के नाम 2.0÷ की थीम के साथ मनाया जा रहा है। यह अभियान केवल पौधे लगाने का संदेश नहीं देता, बल्कि माँ के प्रति सम्मान, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। भारतीय संस्कृति में अनेक ऐसे वृक्ष हैं जिन्हें केवल पर्यावरणीय दृष्टि से ही नहीं, बल्कि धार्मिक, सामाजिक और औषधीय महत्व के कारण भी विशेष स्थान प्राप्त है। इन्हीं में से एक है बेल का वृक्ष बेल भारतीय जीवन दर्शन का अभिन्न अंग है। यह वृक्ष हमें सिखाता है कि प्रकृति केवल संसाधन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और सभ्यता की आधारशिला है। सनातन परंपरा में भगवान शिव की आराधना बेलपत्र के बिना अधूरी मानी जाती है। श्रावण मास, महाशिवरात्रि अथवा अन्य धार्मिक अवसरों पर श्रद्धालु बेलपत्र अर्पित कर भगवान शिव का पूजन करते हैं। यह परंपरा केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण का एक वैज्ञानिक और सामाजिक संदेश भी है। हमारे पूर्वजों ने जिन वृक्षों को पूजनीय बनाया, उनका उद्देश्य उन्हें सुरक्षित रखना और आने वाली पीढ़ियों तक संरक्षित पहुँचाना था। आज आवश्यकता है कि हम उस परंपरा को आधुनिक पर्यावरणीय सोच के साथ पुनर्जीवित करें। बेल का वृक्ष आयुर्वेद का भी एक अनमोल उपहार है। इसके फल, पत्तियाँ, जड़ और छाल सभी औषधीय गुणों से भरपूर हैं। पका हुआ बेल फल पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में अत्यंत उपयोगी माना जाता है, जबकि कच्चे फल का उपयोग अनेक रोगों के उपचार में किया जाता है। गर्मियों में बेल का शर्बत शरीर को शीतलता प्रदान करता है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होता है। आज जब लोग प्राकृतिक जीवनशैली की ओर लौट रहे हैं, तब बेल जैसे देशी वृक्षों का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से बेल अत्यंत उपयोगी वृक्ष है। यह कम वर्षा और सीमित जल उपलब्धता वाले क्षेत्रों में भी आसानी से विकसित हो जाता है। इसकी जड़ें मिट्टी को मजबूती प्रदान करती हैं, जिससे भूमि कटाव कम होता है। यह वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वातावरण को शुद्ध करता है और पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन उपलब्ध कराता है। साथ ही इसके फूल और फल अनेक पक्षियों, मधुमक्खियों तथा अन्य परागण करने वाले जीवों के लिए भोजन का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। इस प्रकार बेल जैव विविधता के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वन महोत्सव का वास्तविक उद्देश्य पौधों की संख्या बढ़ाना भर नहीं है, बल्कि उन्हें जीवित रखकर वृक्ष बनने तक संरक्षण देना है। पौधारोपण तभी सफल माना जाएगा जब प्रत्येक नागरिक अपने लगाए हुए पौधे को परिवार के सदस्य की तरह सहेजे। यही ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान की मूल भावना भी है। जनपद में वन विभाग द्वारा वन महोत्सव के दौरान जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों तथा ग्रामीण समुदाय के सहयोग से व्यापक पौधरोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। यह सुखद संकेत है कि पर्यावरण संरक्षण अब केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक चेतना का हिस्सा बनता जा रहा है। इस वन महोत्सव पर यह संकल्प लें कि अपनी माँ के सम्मान में कम से कम एक बेल अथवा अन्य देशी प्रजाति का पौधा अवश्य लगाएंगे, उसकी नियमित देखभाल करेंगे और उसे एक विशाल वृक्ष बनने तक संरक्षित रखेंगे। यही हमारी मातृशक्ति के प्रति सच्चा सम्मान, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे मूल्यवान उपहार होगा। एक वृक्ष केवल आज को नहीं, बल्कि आने वाले दशकों को जीवन देता है। इसलिए जब भी कोई पौधा लगाएँ, उसे केवल पौधा न समझें, बल्कि भविष्य की साँस, छाया, जल, जैव विविधता और जीवन का आधार मानकर उसका संरक्षण करें।

# धान खरीद को करें प्रचार प्रसार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने, जनपद की कृषि उत्पादन मण्डी समितियो के सचिवों ,खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत धान खरीद हेतु किसानों के ऑनलॉइन पंजीकरण के लिये व्यापक प्रचार-प्रसार के सम्बन्ध मे तैयारियों के निर्देश दिये है विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी क्रय संस्थाओं के माध्यम् से धान खरीद किये जाने हेतु निर्गत समय-सारिणी जो अपर आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग,से प्राप्त हुई है उसी हिसाब से करना है। सरकारी धान की खरीद प्रारम्भ की जायेगी। शासनादेश के बिन्दु संख्या-05 के अनुसार उपर्युक्त स्थानों, मण्डी यार्डो आदि में फ्लैक्सी बैनर आदि का प्रदर्शन करते हुये किसान पंजीयन व क्रय योजना का प्रचार-प्रसार कृषि उत्पादन मण्डी समिति द्वारा किया जाना है।

# शीघ्र जर्जर अल्हागंज बस अड्डा नए लुक में दिखेगा : हरिप्रकाश

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहाँपुर)।** 132 जलालाबाद विधानसभा के अंतर्गत नगर पंचायत अल्हागंज में जर्जर अवस्था में पहुंच चुके रोडवेज बस अड्डे के पुनर्निर्माण का समय नजदीक आ गया है विधायक हरिप्रकाश वर्मा द्वारा किए गए प्रयास सफल हुए हैं संयुक्त सचिव नीरज कुमार द्वारा पत्र भेज कर विधायक हरिप्रकाश वर्मा को जानकारी प्रदान की गई है जिससे क्षेत्र में हर्ष है। वर्षो से बदहाल पड़ा अल्हागंज का रोडवेज बस अड्डा अब नए लुक में लोगों को देखने को मिलेगा। 4370 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बस अड्डे का नए सिरे से निर्माण किए जाने का समय आ गया है यह सब क्षेत्रीय भाजपा विधायक हरिप्रकाश वर्मा के प्रयासों से फलीभूत हुआ है। संयुक्त सचिव नीरज कुमार के पत्र के माध्यम से



अवगत कराया गया कि 1159/2024 वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए स्वीकृति की लाइन में लगा दिया गया है शीघ्र इसको स्वीकृति प्रदान की जाएगी। अल्हागंज क्षेत्र में रहने वाले रामकिशोर वर्मा व रवि वर्मा ने रोडवेज बस अड्डे के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर विधानसभा में अर्जी लगाई थी जिसको स्वीकृति मिलने का समय नजदीक आ गया है स्वीकृति प्राप्त होते ही निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ हो जाएगा। अल्हागंज क्षेत्र में यात्रियों की कठिनाई को दृष्टिगत रखते हुए भाजपा विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने इस काम को अंजाम तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया और तब तक लगे रहे जब तक उसे स्वीकृति की पटल तक नहीं पहुंचा दिया। इस दौरान हरिप्रकाश वर्मा ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र को विकास की बुलंदियों तक ले जाना उनकी प्राथमिकता होगी। कार्यकाल का शेष एक-एक पल उनके लिए कीमती है। जनता की प्रत्येक समस्या और सुविधा का उन्हें पूरा ख्याल है। विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्य करने के लिए अंतिम लम्हों तक प्रयासरत रहेंगे।

# हरित संकल्प दौड़ में गूंजे पर्यावरण संरक्षण के नारे, कुलपति ने किया पौधरोपण

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की 3/25 यूपी एनसीसी कम्पनी द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से ÷हरित संकल्प दौड़÷ एवं ÷पौधरोपण कार्यक्रम÷ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 75 एनसीसी कैडेटों ने जोश और उत्साह के साथ दौड़ में प्रतिभाग किया तथा ÷एक पेड़ॾमाँ के नाम÷, ÷पेड़ लगाओॾजीवन बचाओ÷, ÷हरा-भरा होगा भारत, तभी सुरक्षित होगा भविष्य÷, ÷धरती का यही है श्रृंगार, पेड़-पौधों से है संसार÷ और ÷आज लगाएंगे एक-एक पौधा, कल मिलेगा शुद्ध पर्यावरण का तोहफा÷ जैसे प्रेरक नारों के उद्घोष से पूरे विश्वविद्यालय परिसर को पर्यावरण संरक्षण के संदेश से गुंजायमान कर दिया। इसके उपरांत कैडेटों ने परिसर में विभिन्न



प्रजातियों के पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पी. बी. सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही हरित एवं स्वच्छ भारत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। मुख्य अतिथि एवं वित्त अधिकारी श्रीमती अर्चना त्रिपाठी ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। अधिक से अधिक पौधे लगाकर तथा उनका संरक्षण करके ही आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वस्थ पर्यावरण प्रदान किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि एवं कुलसचिव श्री वीरेंद्र कुमार मौर्य ने एनसीसी कैडेटों के अनुशासन एवं सामाजिक दायित्वों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे क्षेत्रीय वन अधिकारी, शाहजहांपुर शत्रुघ्न प्रसाद ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रत्येक व्यक्ति से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ आलोक कुमार सिंह ने कहा कि ÷हरित संकल्प दौड़÷ का उद्देश्य युवाओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा वृक्षारोपण को जन-आंदोलन का स्वरूप देना है। इस अवसर पर प्रो. अनुराग अग्रवाल, प्रो. आलोक मिश्रा, प्रो. आदित्य कुमार सिंह, प्रो. पूनम, प्रो. कमलेश गौतम, डॉ. शिशिर शुक्ला, डॉ. प्रांजल शाही, अजय सिंह राणा, सुशील कुमार, हवलदार अरुण कुमार, जुल्फिकार अहमद, सीनियर अंडर ऑफिसर आशु सिंह चौहान, अंडर ऑफिसर प्रतीक्षा सिंह सहित लगभग 75 एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने पर्यावरण संरक्षण, अधिकाधिक वृक्षारोपण तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का सामूहिक संकल्प लिया।

## ब्लैक स्पॉट सुधरेंगे, हेलमेट व सीट बेल्ट की जांच तेज होगी

● **सड़क हादसों पर सख्ती, 11 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित**

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर खीरी।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के लिए जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय परिवहन यान समिति की बैठक में डीएम ने सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों की समीक्षा करते हुए कहा कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में डीएम ने जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं का विश्लेषण करते हुए नए ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। साथ ही पहले से चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर कराए गए सुधार कार्यों की समीक्षा करते हुए रोड इंजीनियरिंग और डिजाइन में आवश्यक सुधार तेजी से लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने घुमावदार और ब्लाइंड स्पॉट वाले स्थानों से 100 मीटर पहले चेतावनी संकेतक लगाने के निर्देश भी दिए।

डीएम ने हेलमेट, सीटबेल्ट और ओवरस्पीडिंग के खिलाफ नियमित जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। एआरटीओ शांति भूषण पांडेय ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 11 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस तीन माह के लिए निलंबित किए गए हैं। दोबारा उल्लंघन करने पर उनके लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। बैठक में स्कूली वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। एआरटीओ ने बताया कि जिले में 11 स्कूली वाहनों की फिटनेस समाप्त हो चुकी है, जबकि 18 वाहनों के परमिट फेल हैं। इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए ऐसे वाहनों के विरुद्ध तत्काल नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और बिना फिटनेस, परमिट तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों के कोई भी स्कूली वाहन संचालित नहीं होना चाहिए। बैठक में सड़कों की मरम्मत, गड्ढामुक्ति, पुल-पुलियों की सुरक्षा, चीनी मिलों पर वाहन प्रबंधन, अतिक्रमण हटाने, राहवीर योजना के प्रचार-प्रसार और जनजागरूकता अभियान पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एआरटीओ शांति भूषण पांडेय, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों, रोडवेज, शिक्षा विभाग तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया पौधरोपण

स्वतंत्र भारत


**बिजुआ खीरी।** 'एक पेड़ मां के नाम' महाभियान 2.0 के तहत मंगलवार को गोला वन रेंज के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम बसलीपुर ग्रट में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोला विधायक अमन गिरी थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर वन महोत्सव (1 से 7 जुलाई) अभियान को आगे बढ़ाते हुए पौधे लगाए।इस अवसर पर विधायक अमन गिरी ने उपस्थित जनसमूह से अपील की। उन्होंने कहा कि मां के सम्मान और प्रकृति के उत्थान के लिए सभी को एक-एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इससे प्रकृति सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुंदर बनी रहेगी। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया। बसलीपुर ग्राम प्रशासक सरदार ओमकार सिंह ने भी ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर संबोधित किया। इस कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, रामगुलाम पांडे गुरु, प्रशासक ओमकार सिंह, प्रशासक पुत्र मनीष वर्मा, सभासद भोली गिरी, राजेंद्र मिश्रा, रामकुमार सिंह, राजू रावत, शेरा सिंह, अरविंद कुमार सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। वन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि वन महोत्सव के दौरान पूरे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा और उन्हें संरक्षित भी किया जाएगा।

### माँ के नाम एक पेड़ अभियान के तहत हुआ वृक्षारोपण

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** गोला रेंज के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम, वसलीपुर ग्रांट में 'माँ के नाम एक पेड़' महाअभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमन अरविंद गिरी ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ पौधरोपण कर वन महोत्सव (1 से 7 जुलाई) अभियान को आगे बढ़ाया। विधायक ने उपस्थित लोगों से माँ के सम्मान और प्रकृति संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण से पर्यावरण सुरक्षित, संतुलित और सुंदर बना रहेगा। कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, रामगुलाम पांडे, प्रधान ओमकार सिंह, प्रधान मनीष वर्मा, सभासद भोली गिरी, राजेंद्र मिश्रा, रामकुमार सिंह, राजू रावत, शेरा सिंह, अरविंद कुमार सहित वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व बूथ अध्यक्ष के इलाज कराएंगे भाजपा विधायक

स्वतंत्र भारत



**पलिया कलां-खीरी।** मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए विधायक रोमी साहनी ने भाजपा कार्यकर्ता एवं पूर्व बूथ अध्यक्ष रामसुफल पुत्र गयाप्रसाद, निवासी ग्राम ढकिया शाहपुर, के गंभीर रूप से बीमार होने की सूचना मिलते ही उन्हें अपनी व्यवस्था से तत्काल इलाज के लिए लखनऊ भेजा।

जानकारी के अनुसार रामसुफल लम्बे समय से बीमार चल रहे थे अचानक तबीयत अत्यधिक बिगड़ गई। परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था तथा इलाज के लिए उपलब्ध धन भी समाप्त हो चुका था। रामसुफल अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र हैं, जिससे परिवार गहरे चिंता और दुख में था। विधायक रोमी साहनी ने लखनऊ के चिकित्सकों से स्वयं बातचीत कर रामसुफल को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराने की व्यवस्था कराई। उन्होंने बताया कि रामसुफल के इलाज में एक हजार रुपये लगें या एक लाख रुपये, पूरा खर्च मैं स्वयं वहन करूंगा। पैसों की कमी के कारण इलाज नहीं रुकेगा। जब तक वह पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो जाते, उनका इलाज जारी रहेगा।' रामसुफल की माता अपने बेटे की हालत देखकर भावुक होकर रोने लगीं। इस दौरान विधायक रोमी साहनी ने उन्हें ढांढस बंधाते हुए भरोसा दिलाया कि उनके बेटे के इलाज में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने गांव के लोगों से भी अपील की कि इस कठिन समय में परिवार का साथ दें और उनका मनोबल बढ़ाएं। विधायक ने कहा कि रामसुफल के पूर्ण स्वस्थ होने तक उन्हें अस्पताल में भर्ती रखकर बेहतर उपचार कराया जाएगा और इलाज में आने वाला पूरा खर्च वह स्वयं वहन करेंगे। विधायक की इस संवेदनशील पहल की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है तथा लोगों का कहना है कि संकट की घड़ी में उन्होंने एक परिवार को नई उम्मीद दी है।

## मारपीट और धमकी का आरोप, पुलिस से कार्रवाई की गुहार

स्वतंत्र भारत

**गोला गोकर्णनाथ।** शहर से सटे ग्राम लाल्हापुर की एक महिला ने गांव के ही तीन लोगों पर मारपीट, अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम लाल्हापुर निवासी मुन्नी देवी पत्नी अशोक कुमार का आरोप है कि गांव के सजन, सागर और करन ने एक राय होकर उसे और उसके भाई रिंकू कश्यप के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों, डंडों और फाइबर पाइप से मारपीट की, जिससे दोनों घायल हो गए। महिला का कहना है कि मारपीट के दौरान उसके भाई के हाथ में दांत से भी काट लिया गया। पीड़िता ने तहरीर में आरोप लगाया है कि वह सोशल मीडिया पर वीडियो बनाती है, जिस पर आरोपी आपत्ति जताते हैं। आरोप है कि वे उसके बच्चों के सामने अशोभनीय बातें करते हैं और विरोध करने पर अभद्र व्यवहार करते हुए जानमाल की धमकी देते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## घरेलू विवाद के बाद बिजुआ सीएचसी में भर्ती

स्वतंत्र भारत

**बिजुआ खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के बस्तौली गांव में मंगलवार को एक युवक ने घरेलू विवाद के बाद विषाक्त पदार्थ खा लिया। उसे तत्काल बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। बस्तौली निवासी शिवा पुत्र रतन लाल ने पारिवारिक विवाद से परेशान होकर यह कदम उठाया। विषाक्त पदार्थ निगलने के बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजनों ने उसे तुरंत सीएचसी बिजुआ पहुंचाया। अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को भर्ती कर लिया। डॉक्टरों के अनुसार, शिवा की हालत अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर है। उसे आवश्यक दवाएं दी जा रही हैं और लगातार निगरानी में रखा गया है। इस घटना की सूचना अभी तक पुलिस को नहीं दी गई है। गांव में इस घटना को लेकर चिंता का माहौल है।

## पशु चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

स्वतंत्र भारत

**पलिया कलां-खीरी।** 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी सोनहा कार्यक्षेत्र अंतर्गत आने वाले वाइब्रेंट गाँव सुरमा में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । यह शिविर डॉ. गुरविंदर जीत सिंह, कमांडेंट (पशु चिकित्सा), क्षेत्रक मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, पीलीभीत की उपस्थिति में सीमावर्ती क्षेत्र के पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा पशुओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार के उद्देश्य से किया गया । इस अवसर पर पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया तथा शिविर के दौरान पशुपालकों को पशुओं के उचित रख-रखाव, पोषण, टीकाकरण तथा रोगों की रोकथाम संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई । शिविर में सीमा क्षेत्र के कुल 24 पशुपालकों के 260 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार कर आवश्यक दवाइयां वितरण की गईं । इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने सशस्त्र सीमा बल द्वारा आयोजित इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की । सशस्त्र सीमा बल द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा के साथ-साथ नागरिक कल्याण एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में भी निरंतर कार्य किया जा रहा है ।



## गन्ना तकनीकी दिवस में किसानों को आधुनिक खेती के गुर सिखाए गए

**उचौलिया-खीरी।** डीसीएम लिमिटेड की लोनी चीनी मिल द्वारा चलाए जा रहे 'गन्ना तकनीकी दिवस' अभियान के तहत मंगलवार को आलमनगर रीजन के मठवाल देवता जोन में फील्ड डे कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान 40 प्रगतिशील गन्ना किसानों को चीनी मिल फार्म स्थित डेमो प्लॉटों का भ्रमण कराया गया और आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गन्ना विभागाध्यक्ष विनय सिंह ने किया। उन्होंने किसानों से गन्ना उत्पादन में आधुनिक तकनीकों को अपनाकर लागत घटाने और अधिक लाभ अर्जित करने का आह्वान किया। साथ ही गन्ना विभाग की ओर से संचालित सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी दी। लोनी चीनी मिल के इकाई प्रमुख राजा श्रीवास्तव ने किसानों को कृषि यंत्रों पर अनुदान, सीएसआर के तहत किसानों के बच्चों के प्रशिक्षण तथा शरदकालीन गन्ना बुवाई का रकबा बढ़ाकर अधिक उत्पादन प्राप्त करने संबंधी योजनाओं से अवगत कराया। वरिष्ठ प्रबंधक (गन्ना) आनंद सिंह ने ट्रेंच विधि से शरदकालीन गन्ना बुवाई, सहफसल प्रणाली अपनाने, रोगमुक्त बीज का चयन करने तथा को-0238 प्रजाति के बीज को हेक्सास्टॉप दवा से उपचारित कर ही बुवाई करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक विधियों से खेती करने पर उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि संभव है। कार्यक्रम का संचालन जोनल इंचार्ज संजय सिंह ने किया। अंत में उन्होंने अधिकारियों, फील्ड स्टाफ और उपस्थित किसानों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कमल किशोर त्यागी, अजय सिंह, अर्पना बानियाल, अंकित मिश्रा, आंचल सिंह, वृंदा हाड़ा सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता की।

## संक्षिप्त समाचार

### बांध निर्माण पूरा होने से किसानों में खुशी, बाढ़ से राहत की बढ़ी उम्मीद

**निघासन-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए इस बार राहत की उम्मीद जगी है। वर्षों से शारदा की सूतिया नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण गांवों और हजारों बीघा कृषि भूमि में जलभराव होता रहा है, जिससे किसानों की फसलें बर्बाद होती थीं और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था। क्षेत्र के किसानों ने अपनी समस्या भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं झंडी स्टेट के राजा राजेश्वर सिंह के समक्ष रखी थी। किसानों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कई बार प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और मुख्यमंत्री तथा सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष स्थायी समाधान की मांग उठाई। इसके बाद सिंचाई विभाग ने लालबोझी शारदा सूतिया क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण के लिए तिगुड़िया लगाने का कार्य कराया, जिससे पिछले वर्ष बाढ़ का असर पहले की तुलना में कम देखने को मिला। लगातार प्रयासों के बाद विभाग ने क्षेत्र में स्थायी समाधान के तहत बांध निर्माण का कार्य भी पूरा कर लिया है। बांध को अधिक मजबूत बनाने के लिए दोनों ओर जियो बैग लगाए गए हैं, जिससे नदी के कटान और बरसात के दौरान पानी के दबाव को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। ग्रामीणों का मानना है कि इस परियोजना से घाघी क्षेत्र की ओर आने वाले अतिरिक्त पानी पर काफी हद तक नियंत्रण होगा। बांध निर्माण पूरा होने से किसानों में खुशी का माहौल है और उन्हें उम्मीद है कि अब उनकी फसलें और आजीविका पहले की अपेक्षा अधिक सुरक्षित रहेंगी।



### बाइकों की टक्कर में महिला की मौत

**खमरिया-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** थाना क्षेत्र के महरिया गांव के पास मंगलवार को हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। जानकारी के अनुसार ईसानगर निवासी विजय कृष्ण मिश्रा की 35 वर्षीय पुत्री रेनू मिश्रा अपने छोटे भाई शिवम के साथ बाइक से लखीमपुर स्थित न्यायालय से घर लौट रही थीं। महरिया गांव के पास उनकी बाइक की सामने से आ रही तेज रफ्तार दूसरी बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान रेनू मिश्रा ने दम तोड़ दिया, जबकि शिवम का इलाज जारी है। रेनू की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। खमरिया पुलिस का कहना है कि अभी तक घटना की औपचारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। सूचना मिलते ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एडीएम ने किया विद्यालय का निरीक्षण

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री के निर्देश और जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संचालित ऑपरेशन कायाकल्प अभियान के तहत एडीएम (वित्त एवं राजस्व) नरेंद्र बहादुर सिंह ने प्राथमिक विद्यालय मैलानी का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत मैलानी की अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी के साथ एडीएम ने विद्यालय के बच्चों के लिए फर्नीचर, बेंच तथा इंडोर और आउटडोर खेल उपकरण उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराकर गुणवत्तापूर्ण और आकर्षक शिक्षण वातावरण तैयार करना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग और रखरखाव के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने विद्यालय परिसर में छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण भी किया। इसके बाद उन्होंने नगर पंचायत मैलानी में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## शीशम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

स्वतंत्र भारत

**सिंगाही।** कस्बे में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब भूलभुलैया मार्ग स्थित एक गन्ने के खेत की मेड़ पर लगे शीशम के पेड़ से एक युवक का शव लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक की पहचान वार्ड संख्या-1 निवासी राजकुमार उर्फ छोटू पुत्र परमेश्वर के रूप में हुई है, जो सोमवार से लापता बताया जा रहा था। जानकारी के अनुसार अस्पताल रोड से भूलभुलैया जाने वाले मार्ग पर वार्ड संख्या-11 निवासी मोनू त्रिवेदी के गन्ने के खेत की दक्षिणी मेड़ पर मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने युवक का शव पेड़ से लटका देखा। सूचना फैलते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। उपनिरीक्षक आशुतोष सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव की पहचान कराई।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कय्यूम और सभासद राहुल गुप्ता भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं।

वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## जय गोपाल राष्ट्रीय पत्रकार संरक्षण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

स्वतंत्र भारत

**उचौलिया-खीरी।** जंगबहादुरगंज निवासी वरिष्ठ पत्रकार जय गोपाल को राष्ट्रीय पत्रकार संरक्षण परिषद भारत का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के संस्थापक अधिवक्ता आर.सी. शर्मा निरंकारी के निर्देश पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा 'शैलू भैया' ने उनकी ईमानदारी, निष्ठा और पत्रकारिता में लंबे योगदान को देखते हुए की है।

जय गोपाल वर्ष 2008 से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। कई समाचार पत्रों और डिजिटल मंचों से जुड़े रहे। वर्तमान में वह कई समाचार संस्थानों में दायित्व निभाने के साथ एक निजी न्यूज़ पोर्टल के संपादक और पसगवां प्रेस क्लब के महामंत्री भी हैं। नियुक्ति की सूचना मिलते ही पत्रकारों, शुभचिंतकों और क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें बधाई दी। भाजपा नेता अनिल राठौर ने भी उनके आवास पहुंचकर शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 4.18 करोड़ की जल जीवन योजना चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

स्वतंत्र भारत



**मितौली-खीरी।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत विकासखंड मितौली की ग्राम पंचायत रौतापुर में करीब 4 करोड़ 18 लाख 31 हजार रुपये की लागत से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई परियोजना चार वर्ष बाद भी अधूरी पड़ी है। 22 अक्टूबर 2022 को शुरू हुई इस योजना का उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना था, लेकिन आज तक ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल सका। अधूरे निर्माण और उखड़ी सड़कों ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

गांव में ओवरहेड पानी की टंकी के नाम पर केवल कंक्रीट के पिलर खड़े दिखाई देते हैं, जबकि इसके बाद निर्माण कार्य लगभग ठप हो गया। पाइपलाइन बिछाने के लिए गांव की कई सड़कों को खोद दिया गया, लेकिन मरम्मत नहीं कराई गई। बरसात के दिनों में यही सड़कें कीचड़ और गहरे गड्ढों में बदल जाती हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद धरातल पर कोई ठोस परिणाम दिखाई नहीं दे रहा। गांव में एक बोरिंग कराई गई है, लेकिन उससे भी सीमित समय के लिए पानी की आपूर्ति होती है और पाइपलाइन में लीकेज की समस्या बनी हुई है। पूरे गांव में पाइपलाइन बिछाने का कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार विभाग और कार्यदायी संस्था एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर अपनी जवाबदेही से बच रहे हैं। उन्होंने शासन और जिला प्रशासन से परियोजना की निष्पक्ष जांच कराने, निर्माण कार्य तत्काल शुरू कर समयबद्ध ढंग से पूरा कराने तथा लापरवाही या वित्तीय अनियमितता मिलने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। गांव के लोगों का सवाल है कि आखिर 4.18 करोड़ रुपये की इस योजना का हिसाब कौन देगा और उन्हें स्वच्छ पेयजल का अधिकार कब मिलेगा।

## लखनऊ में होगा राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन, तैयारियां शुरू

स्वतंत्र भारत

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होम्योपैथिक फिजिशियन्स की महत्वपूर्ण बैठक जानकीपुरम स्थित डॉ. ओपी श्रीवास्तव सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज इन होम्योपैथी में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ होम्योपैथ चिकित्सक डॉ. ओपी श्रीवास्तव ने की, जबकि केंद्रीय समिति के सदस्य एवं मुख्य समन्वयक डॉ. राजेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश में होम्योपैथी के विकास, संगठन के विस्तार और शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से वर्ष 2027 में लखनऊ में राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन की तैयारियां शीघ्र शुरू करने तथा समय और स्थान की घोषणा जल्द करने पर सहमति बनी। बैठक में मुख्यमंत्री से भेंट कर आईआईएचपी के लिए भवन उपलब्ध कराने की मांग उठाने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही प्रदेश में होम्योपैथी शिक्षा, शोध और उच्च गुणवत्ता के मानक विकसित करने के लिए सरकार से सहयोग लेने पर जोर दिया गया। संगठन को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न जिलों में नई इकाइयों के गठन, सदस्यता अभियान तेज करने तथा सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम, कार्यशालाओं, वेबिनार और चिकित्सा शिविरों के नियमित आयोजन का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदेश एवं जिला इकाइयों के पदाधिकारियों ने भाग लेते हुए सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी।

## जमीनी विवाद में पुत्रों ने पिता पर किया जानलेवा हमला, घंटों दुकान में बंधक बनाकर रखा

● **चार लोगों पर मुकदमा दर्ज**

स्वतंत्र भारत

**पड़रिया तुला-खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रिया तुला में मंगलवार को जमीनी विवाद ने रिश्तों को शर्मसार कर दिया। आरोप है कि पत्नी और तीन पुत्रों ने मिलकर अपने ही पिता पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और घायल अवस्था में उन्हें रस्सी से बांधकर घंटों एक दुकान में बंद रखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर घायल को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।

मामला पड़रिया तुला निवासी जगमोहन राठौर पुत्र बाबूराम से जुड़ा है। पुलिस के अनुसार परिवार में काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जगमोहन के पुत्रों ने परिवार की कुछ जमीन एक किसान को ठेके पर दी थी, जिसमें परवल की फसल खड़ी थी। आरोप है कि कुछ माह पहले जगमोहन ने उसी खेत में जाकर फसल में आग लगा दी थी। इसको लेकर ठेकेदार किसान ने पड़रिया चौकी में शिकायत भी दी थी, लेकिन मामला सुलझ नहीं पाया। मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे इसी विवाद को लेकर कहासुनी शुरू हुई। आरोप है कि पत्नी जगरानी और बेटे अनंत, रोहित व संतोष ने मिलकर जगमोहन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में जगमोहन के सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें रस्सी से बांधकर गांव की एक शटर वाली दुकान में बंद कर दिया । जगमोहन कई घंटे तक घायल अवस्था में दुकान में बंद रहे। सूचना मिलने पर पड़रिया तुला चौकी इंचार्ज अभिषेक सिंह और पीआरवी 112-6674 मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुकान से जगमोहन को मुक्त कराया। 108 एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी बिजुआ भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि घायल के सिर और पैर में गंभीर चोटें हैं। थानाध्यक्ष अमित पांडेय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पत्नी जगरानी और पुत्रों अनंत, रोहित, संतोष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## दबाव में अर्थव्यवस्था

यह मानने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए कि देश की अर्थव्यवस्था एक बार फिर दबाव से प्रभावित हो रही है। बुनियादी उद्योगों में वृद्धि दर की गिरावट और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ विनिर्माण गतिविधियों की वृद्धि दर भी धीमी पड़ गई है। यही नहीं, नई कारोबारी मांग और अंतर्राष्ट्रीय बिक्री की वृद्धि दर सुस्त रहने से वस्तुओं की खरीद, रोजगार सृजन और उत्पादन की गति भी कम हो गई है। स्थिति यह है कि कुछ उपक्रमों को छोड़ दिया जाए तो देश के ज्यादातर क्षेत्रों की वृद्धि गिर रही है। यह तो सही है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुए संकट का असर अर्थव्यवस्था पर पड़ना ही था लेकिन समय रहते इसके लिए वैकल्पिक उपाय न खोजा जाना अब भारी पड़ रहा है। यह तब हुआ जब संकट की आशंकाएं बराबर व्यक्त की जा रही थीं। स्थिति संभालने के लिए आवश्यक कदम उठाने के दावे तो होते रहे लेकिन इनके ठोस परिणाम सामने नहीं आ सके। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, इस साल जून में भारतीय वस्तुओं की अंतर्राष्ट्रीय मांग में वृद्धि की गति उन्तालीस महीनों में सबसे कमजोर रही। स्पष्ट है कि भारतीय निर्यात कारोबार किस सीमा तक प्रभावित हुआ है। इसमें कई कंपनियों ने माना है कि हाल के दिनों में उनको नई नियुक्तियां रोकनी पड़ीं या उन्हें कम कर दिया गया। यानी लोगों को रोजगार देने के मोर्चे पर भी नई कठिनाइयों से दो चार होना पड़ा। दूसरी ओर मांग तथा बाजार की स्थिति को लेकर चिंता के कारण जून में निवेशकों और कारोबारियों का भरोसा भी कमजोर पड़ा। विशेष रूप से विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजारों को लेकर रुख असमंजस भरा रहा। नतीजा यह है कि विदेशी निवेश की निकासी का सिलसिला अभी भी जारी है। सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि स्थिति सामान्य होने की उम्मीद को लेकर भी भरोसे में कमी आ रही है। इसलिए अगले एक वर्ष में उत्पादन बढ़ने का अनुमान लगाने वाली कंपनियों का अनुपात इस वर्ष मई की तुलना में जून में आधा रह गया है। गंभीरता से ध्यान देने का विषय यह भी है कि तेल कंपनियों ने पश्चिम एशिया में संघर्ष से कीमतें बढ़ने के बाद कमर्शियल एलपीजी और विमान ईंधन की कीमतों में पिछले दिनों पहली बार कटौती की लेकिन सवाल यहां यह है कि क्या यह राहत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में आई कमी के समान अनुपात में है। कई बार देखा गया है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ने के बहाने देश में ईंधन के दाम बढ़ा दिए जाते हैं लेकिन जब वैश्विक बाजारों में कीमतें घटती हैं तो उसके अनुरूप कदम नहीं उठाए जाते। इसलिए सरकार को नीतियों का नए सिरे से निर्धारण तो करना ही चाहिए, वित्तीय कामकाज में विसंगतियां भी दूर करनी होंगी। इसके लिए कुछ कड़े निर्णय लेने पड़ सकते हैं लेकिन मौजूदा वक्त देश की अर्थव्यवस्था की मांग यही है।

## यूपी में सौर ऊर्जा

ऊर्जा के विकल्प के रूप में जब सौर ऊर्जा के इस्तेमाल का विचार सामने आया, तब ज्यादातर लोगों को इसके आसानी से सुलभ होने तथा प्रयोग कर सकने को लेकर संदेह था लेकिन अगर कोई काम अच्छा हो तो वह भी जल्दी सामने आ ही जाता है। सौर ऊर्जा की सुलभता को लेकर भ्रम जल्दी ही दूर हुए और आम लोगों के बीच वह लगातार लोकप्रिय होती गई। सरकार ने इसके लिए एक योजना बनाई और अब उस प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर लोगों ने इतना भरोसा जताया कि इसके क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। प्रदेश अब सोलर रूफटॉप स्थापना के मामले में देश का अग्रणी राज्य बन गया है। यहां अब तक करीब सवा छह लाख घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र लग चुके हैं। यह निर्धारित लक्ष्य के पचास प्रतिशत से अधिक है। इससे देश में कुल घरेलू सोलर रूफटॉप इंस्टॉलेशन में यूपी की हिस्सेदारी लगभग सत्रह प्रतिशत हो गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश इस साल लगातार मार्च, अप्रैल और मई में पचास-पचास हजार से ज्यादा सोलर इंस्टॉलेशन करने वाला देश का पहला राज्य भी बन गया है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के लिए यह वास्तव में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सौर ऊर्जा का प्रयोग यहां जितना अधिक बढ़ता जाएगा, बिजली की जरूरत उतनी ही कम पड़ेगी। इस तरह बचने वाली सरप्लस बिजली का इस्तेमाल कृषि, औद्योगिक इकाइयों व अन्य जगहों की जरूरतें पूरी करने में किया जा सकेगा। बिजली ऐसी चीज है जिसे बचाना भी एक तरह से उसका उत्पादन माना जाता है। जिस तरह से दिनोंदिन इसका उपयोग बढ़ता जा रहा है और आपूर्ति में समस्याएं आ रही हैं, उसे देखते हुए आवश्यक है कि इसके विकल्पों को आजमाया जाए। इस मामलें में सौर ऊर्जा किफायत के साथ उपयोग किए जाने वाले विकल्प के रूप में उभरी है। अब जब पीएम सूर्य घर योजना तेजी से लोकप्रिय हो रही है तो जरूरत यह भी है कि इसकी सुविधा प्राप्त करने में आने वाली अनावश्यक बाधाओं को सरल बनाया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ प्राप्त कर सकें। इसके लिए औपचारिकताओं को न्यूनतम रखना तथा केवल जरूरी प्रक्रियाओं को अनिवार्य किया जाना अधिक उपयोगी होगा। ऐसा होने पर सौर ऊर्जा अधिकांश घरों की सबसे बड़ी जरूरत बनेगी और पर्यावरण भी शुद्ध बन सकेगा।



## काँव-काँव



◆◆◆

**चंपत-अनिल को राम राम, कृष्ण मोहन को जिम्मेदारी**
बहुत देर कर दी हुजूर आते-आते

**बांग्लादेशी घुसपैठियों को पांच साल की सजा**
यानी खाने-रहने का भी फ्री इंतज़ाम कर दिया।

**पशुओं का बीमा कराने पर किस्त का 85 प्रतिशत देगी सरकार**
हे भगवान ! लालची मालिकों से पशुओं की जान की रक्षा करना।

**सपा जीती तभी बचेगा लोकतंत्र : अखिलेश**
यहां लोकतंत्र का आशय सैफई परिवार मान लिया जाए।

**कमजोर मानसून से बढ़ सकती है महंगाई**
मानसून तो बहाना है, महंगाई का मौसम तो सदाबहार है।

**होमगार्डों को पांच लाख के कैशलेस इलाज की सुविधा**
मानदेय बढ़ा देते तो इलाज की जरूरत ही नहीं पड़ती।

◆◆◆

# पतियों की हत्या के बढ़ते मामले



**- महेन्द्र तिवारी**

भारत में विवाह को केवल एक सामाजिक अनुबंध नहीं बल्कि विश्वास, समर्पण, सहयोग और आजीवन साथ निभाने का पवित्र बंधन माना गया है। भारतीय संस्कृति में पति और पत्नी को एक दूसरे का पूरक समझा गया है, जो जीवन की हर परिस्थिति में एक दूसरे का साथ निभाते हैं। यही कारण है कि विवाह संस्था सदियों से भारतीय समाज की सबसे मजबूत नींव रही है। किंतु बदलते समय में अनेक ऐसे घटनाक्रम सामने आ रहे हैं जिन्होंने इस विश्वास को गहरी चोट पहुँचाई है। हाल के वर्षों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिनमें पत्नियों पर अपने ही पतियों की हत्या का आरोप लगा। इन घटनाओं ने समाज को झकझोर दिया है और लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर रिश्तों में ऐसा कौन सा परिवर्तन आ गया है कि जीवनसाथी ही जीवन का सबसे बड़ा शत्रु बनता जा रहा है।

इस विषय पर चर्चा करते समय तथ्यों की शुद्धता अत्यंत आवश्यक है। उपलब्ध आधिकारिक जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो पति की हत्या पत्नी द्वारा किए जाने की अलग राष्ट्रीय श्रेणी प्रकाशित नहीं करता। इसलिए पूरे देश के लिए कोई आधिकारिक संख्या उपलब्ध नहीं है। कुछ स्वतंत्र अध्ययनों और पाँच राज्यों के संकलित मामलों के आधार पर वर्ष 2020 से 2024 के बीच लगभग 785 ऐसे मामले सामने आने का उल्लेख किया गया है, जबकि विशेषज्ञों का अनुमान है कि राष्ट्रीय स्तर पर वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है। इन अनुमानों को अंतिम या आधिकारिक आँकड़ा नहीं माना जा सकता, लेकिन इतना अवश्य स्पष्ट है कि ऐसी घटनाएँ समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुकी हैं।

इन घटनाओं का सबसे बड़ा प्रभाव विवाह जैसी पवित्र संस्था पर पड़ता है। विवाह का आधार विश्वास होता है। यदि पति और पत्नी के बीच विश्वास समाप्त हो जाए तो केवल एक परिवार ही नहीं टूटता बल्कि समाज की मूल संरचना भी कमजोर होने लगती है। जब लोग यह सुनते हैं कि किसी पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी या किसी पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी, तो उनके मन में विवाह के प्रति भय और असुरक्षा की भावना उत्पन्न होती है। युवा पीढ़ी के सामने विवाह का आदर्श स्वरूप धुंधला पड़ने लगता है और यह धारणा बनने लगती है कि वैवाहिक जीवन अब पहले जैसा सुरक्षित और स्थिर नहीं रहा। अधिकांश मामलों का अध्ययन बताता है कि ऐसे अपराध किसी एक कारण से नहीं होते। कई मामलों में विवाहेतर संबंध, पारिवारिक विवाद, आर्थिक तनाव, संपत्ति का विवाद, लंबे समय से चला आ रहा वैवाहिक तनाव, आपसी अविश्वास और प्रतिशोध जैसी परिस्थितियाँ सामने आती हैं। राष्ट्रीय स्तर पर हत्या के मामलों के उद्देश्यों में भी पारिवारिक विवाद, व्यक्तिगत दुश्मनी, प्रेम संबंध और अवैध संबंध महत्वपूर्ण कारणों में शामिल पाए गए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि परिवार के भीतर पैदा होने वाले विवाद यदि समय रहते नहीं सुलझाए जाएँ तो वे कभी-कभी अत्यंत हिंसक रूप धारण कर सकते हैं। यह भी समझना आवश्यक है कि हर वैवाहिक विवाद हत्या में परिवर्तित नहीं होता। अधिकांश परिवार कठिन परिस्थितियों के बावजूद बातचीत, समझौते, पारिवारिक सहयोग और कानूनी उपायों के माध्यम से अपने मतभेद सुलझा लेते हैं। इसलिए कुछ जघन्य घटनाओं के आधार पर पूरे समाज या किसी एक लिंग के प्रति नकारात्मक धारणा बनाना उचित नहीं होगा। अपराधी का मूल्यांकन उसके अपराध के आधार पर होना चाहिए, उसके लिंग के आधार पर नहीं।

इन घटनाओं का सबसे अधिक दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। जब किसी परिवार में एक अभिभावक की हत्या हो जाती है और दूसरा जेल चला जाता है, तब बच्चे एक साथ माता और पिता दोनों का सहारा खो देते हैं। उनके सामने आर्थिक, सामाजिक और मानसिक संकट खड़ा हो जाता है। वे लंबे समय तक भय, अवसाद, असुरक्षा और सामाजिक उपेक्षा का सामना करते हैं। अनेक मनोवैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि बचपन में इस प्रकार का आघात व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व को प्रभावित कर सकता है। ऐसे बच्चे पढ़ाई, सामाजिक संबंधों और मानसिक स्वास्थ्य में गंभीर कठिनाइयों का सामना कर सकते हैं। समाज के स्तर पर भी इन घटनाओं के दूरगामी परिणाम दिखाई देते हैं। जब परिवारों के भीतर हिंसा बढ़ती है तो सामाजिक विश्वास कमजोर होता है। पड़ोसी, रिश्तेदार और मित्र भी वैवाहिक संबंधों को संदेह की दृष्टि से देखने लगते हैं। समाज में अविश्वास का वातावरण बनने लगता है। यह स्थिति केवल पति पत्नी तक सीमित नहीं रहती बल्कि अगली पीढ़ी तक पहुँचती है। बच्चे वही सीखते हैं जो वे अपने आसपास देखते हैं। यदि वे हिंसा, धोखे और प्रतिशोध को सामान्य व्यवहार के रूप में देखने लगेंगे तो समाज में संवेदनशीलता और सहिष्णुता का स्तर लगातार घटेगा। आज का डिजिटल युग भी रिश्तों को नई चुनौतियाँ दे रहा है। सोशल मीडिया ने लोगों को अभूतपूर्व संवाद के अवसर दिए हैं, लेकिन इसके साथ ही कई नई समस्याएँ भी उत्पन्न हुई हैं। कभी-कभी आभासी संबंध वास्तविक संबंधों पर भारी पड़ने लगते हैं। पति पत्नी के बीच संवाद कम होता जाता है और गलतफहमियाँ बढ़ती जाती हैं। कई बार छोटी बातों को समय रहते सुलझाया नहीं जाता, जिससे तनाव गहराता जाता है। यह कहना उचित नहीं होगा कि केवल सोशल मीडिया ही अपराधों का कारण है, लेकिन यह स्वीकार करना होगा कि यदि इसका उपयोग संयम और जिम्मेदारी से न किया जाए तो यह पारिवारिक संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। भौतिकवादी जीवनशैली भी एक महत्वपूर्ण चुनौती बनकर उभरी है। आज सफलता और आर्थिक उपलब्धि को जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य माना जाने लगा है। व्यस्त जीवन के कारण परिवार के सदस्यों के पास एक दूसरे के लिए समय कम होता जा रहा है। संवाद की कमी धीरे-धीरे भावनात्मक दूरी में बदल जाती है। जब मन की बातें साझा नहीं होतीं, तब संदेह, क्रोध और असंतोष जन्म लेते हैं। यदि इनका समाधान समय रहते न किया जाए तो वे गंभीर विवाद का रूप ले सकते हैं। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि भारत में घरेलू हिंसा और वैवाहिक अपराधों के शिकार पुरुष और महिलाएँ दोनों होते हैं। महिलाओं के विरुद्ध घरेलू हिंसा, दहेज मृत्यु और क्रूरता के मामले भी बड़ी संख्या में दर्ज होते हैं। इसलिए समाधान किसी एक पक्ष को दोषी ठहराने में नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज में स्वस्थ संबंधों की संस्कृति विकसित करने में है।

यदि किसी पति पत्नी के बीच संबंध इतने खराब हो जाएँ कि साथ रहना असंभव हो जाए, तो कानून ने उनके लिए अलग होने का सम्मानजनक और शांतिपूर्ण मार्ग उपलब्ध कराया है। आपसी सहमति से अलग होना, न्यायालय की सहायता लेना, पारिवारिक परामर्श लेना और कानूनी प्रक्रिया अपनाना किसी भी प्रकार की हिंसा से कहीं बेहतर विकल्प हैं। किसी भी परिस्थिति में हत्या न तो समस्या का समाधान है और न ही किसी प्रकार से उचित ठहराई जा सकती है। समाज को इस दिशा में कई स्तरों पर कार्य करना होगा। सबसे पहले परिवारों में संवाद की संस्कृति विकसित करनी होगी। पति पत्नी को एक दूसरे की बात धैर्यपूर्वक सुनने और समझने की आदत विकसित करनी चाहिए। विवाह पूर्व और विवाहोपरांत परामर्श सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए ताकि दंपति संबंधों की वास्तविक चुनौतियों को समझ सकें। परिवार के बुजुर्गों को भी केवल निर्णय सुनाने के बजाय मध्यस्थ की भूमिका निभानी चाहिए। शिक्षा व्यवस्था में भी नैतिक मूल्यों और भावनात्मक शिक्षा को अधिक महत्व देना होगा। बच्चों और युवाओं को केवल परीक्षा और रोजगार की तैयारी नहीं बल्कि संवाद कौशल, क्रोध नियंत्रण, सहानुभूति, पारस्परिक सम्मान और संघर्ष समाधान जैसे जीवन कौशल भी सिखाए जाने चाहिए। यदि अगली पीढ़ी भावनात्मक रूप से अधिक परिपक्व होगी तो भविष्य में ऐसे अपराधों की संभावना भी कम होगी। कानूनी व्यवस्था को भी प्रभावी बनाना आवश्यक है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



**स्वामी अड़गड़ानंद**

**अथ त्रयोदशोऽध्यायः**

**(गतांक से आगे**

अर्थात क्षेत्र-क्षेत्रज्ञ को देखने की आँख ज्ञान है और ज्ञान साक्षात्कार का ही पर्याय है।

निष्कर्ष-

गीता के आरम्भ में धर्मक्षेत्र, कुरुक्षेत्र का नाम तो लिया गया; किन्तु वह क्षेत्र वस्तुतः है कहाँ? - वह स्थल बताना शेष था, जिसे स्वयं शास्त्रकार ने प्रस्तुत अध्याय में स्पष्ट किया- कौन्तेय! यह शरीर ही एक क्षेत्र है। जो इसको जानता है, वह क्षेत्रज्ञ है। वह इसमें फँसा नहीं बल्कि निर्लेप है। इसका संचालक है। अर्जुन ! सम्पूर्ण क्षेत्रों में मैं भी क्षेत्रज्ञ हूँ।

- अन्य महापुरुषों से अपनी तुलना की। इससे स्पष्ट है कि श्रीकृष्ण भी एक योगी थे; क्योंकि जो जानता है वह क्षेत्रज्ञ है, ऐसा महापुरुषों ने कहा है। मैं भी क्षेत्रज्ञ हूँ अर्थात् अन्य महापुरुषों की तरह मैं भी हूँ।

उन्होंने क्षेत्र जैसा है, जिन विकारोंवाला है तथा क्षेत्रज्ञ जिन प्रभावोंवाला है, उस पर प्रकाश डाला। मैं ही कहता हूँ- ऐसी बात नहीं है, महर्षियों ने भी यही कहा है। वेद के छन्दों में भी उसी को विभाजित करके दर्शाया गया है। ब्रह्मसूत्र में भी वही मिलता है।

शरीर (जो क्षेत्र है) क्या इतना ही है, जितना दिखायी देता है? इसके होने के पीछे जिनका बहुत बड़ा हाथ है, उन्हें गिनाते हुए बताया कि अष्टधा मूल प्रकृति, अव्यक्त प्रकृति, दस इन्द्रियाँ और मन, इन्द्रियों के पाँचों विषय, आशा, तृष्णा और वासना- इस प्रकार इन विकारों का सामूहिक मिश्रण यह शरीर है। जब तक ये रहेंगे, तब तक शरीर किसी-न-किसी रूप में रहेगा ही। यही क्षेत्र है, जिसमें बोया भला-बुरा बीज संस्कार रूप में उगता है। जो इसका पार पा लेता है, वह क्षेत्रज्ञ है। क्षेत्रज्ञ का स्वरूप बताते हुए उन्होंने ईश्वरीय गुणधर्मों पर प्रकाश डाला और कहा कि क्षेत्रज्ञ इस क्षेत्र का प्रकाशक है। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**हतं ज्ञानं क्रियाहीनं हतपश्चाज्ञानतो नरः**
**हतं निर्नायकं सैन्यं स्त्रियो नष्टा ह्यभर्तृकाः**

जिस प्रकार सेनापति के बिना सेना व्यर्थ होती है तथा पुरूष के बिना स्त्री का जीवन व्यर्थ होता है, उसी प्रकार आचरण के बिना ज्ञान व्यर्थ होता है। इस प्रकार यह सिद्ध होता है कि अज्ञानी व्यक्ति का जीवन व्यर्थ होता है।

◆◆◆

# समुद्रतटीय क्षेत्रों पर मंडराता खतरा और देश का भविष्य



**- कुमार सिद्धार्थ**

जलवायु परिवर्तन को वैश्विक तापमान से जुड़ी समस्या के रूप में परिभाषित किया गया है। इससे निपटने के लिए दुनिया भर में कई नियम कानून बनाए गए, प्रतिबद्धताएं दिखाई गई, लेकिन जब उन पर अक्षरशः अमल की बारी आई, तो कदम पीछे खींच लिए गए। इसका सीधा असर अब भारत समेत कई देशों के समुद्री तटक्षेत्रों में साफतौर पर दिखने लगा है। भारत की लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा के आसपास के क्षेत्र अब एक आसन्न जलवायु संकट का सामना कर रहे है, जो अगले कुछ वर्षों के भीतर वहां के लोगों के जीवन, आजीविका तथा पारिस्थितिक तंत्र को व्यापक रूप से बदल देगा। इन क्षेत्रों में तापमान के साथ साथ वर्षा का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। समुद्र का बढता स्तर इस संकट को और जटिल बना रहा है। यह समस्या इसलिए भी गंभीर और चिंताजनक हैं, क्योंकि देश की तटीय पटटी केवल भौगोलिक सीमा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था की एक प्रमुख धुरी है। अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की ओर से हाल ही में जारी रपट भारतीय तटीय क्षेत्र - जलवायु अनुमान 2021-2040 के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव हमारी कल्पना से कहीं अधिक तेज़ी से सामने आ रहे हैं। अध्ययन में वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त सीएमआईपी6 जलवायु मॉडल का उपयोग किया गया है, जिसे भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप क्षेत्रीय स्तर पर संशोधित किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में आबादी वाले अधिकांश क्षेत्रों में 1.5 डिग्री सेल्सियस तापवृद्धि की सीमा अपेक्षा से कहीं पहले छूने का खतरा पैदा हो चुका है। इसी सीमा को वैज्ञानिक पृथ्वी की जलवायु प्रणाली के लिए एक निर्णायक मोड़ मानते हैं। इसका सीधा अर्थ है कि अब केवल कार्बन उत्सर्जन कम करने की चर्चा पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि हमें अपने शहरों, गांवों और विकास योजनाओं को जलवायु परिवर्तन के अनुरूप ढालना होगा। अध्ययन से पता चलता है कि देश के लगभग चालीस तटीय जिलों में गर्मी के दौरान अधिकतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस से अधिक वृद्धि होने की संभावना है। केरल का एर्नाकुलम जिला इस परिवर्तन का सबसे बड़ा उदाहरण बन सकता है, जहाँ अधिकतम तापमान में लगभग 1.3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का अनुमान है। यह वृद्धि मामूली लग सकती है, लेकिन वैज्ञानिकों के अनुसार औसत तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी भी गर्मी के दबाव, ऊर्जा की बढ़ती मांग, श्रम उत्पादकता में कमी और स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को कई गुना बढ़ा देती है। इसका सबसे अधिक असर उन लोगों पर पड़ेगा, जिनका जीवन खुले वातावरण में श्रम पर निर्भर है। जैसे मछुआरे, निर्माण श्रमिक, बंदरगाह कर्मी और खेतिहर मजदूर।

सवाल 'वेट-बल्ब तापमान' को लेकर भी है। यह केवल गर्मी का नहीं, बल्कि गर्मी और आर्द्रता के संयुक्त प्रभाव का सूचक है। यदि यह तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुँच जाए, तो मानव शरीर के लिए लंबे समय तक सामान्य रूप से काम करना कठिन हो जाता है। केरल में बढ़ते वेट-बल्ब तापमान से लेकर महाराष्ट्र में तीव्र होते मानसून तक, जलवायु में हो रहे विशिष्ट परिवर्तन पहले से ही पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को अविश्वसनीय बना रहे हैं। यानी जलवायु परिवर्तन अब केवल मौसम का नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और श्रम सुरक्षा का भी प्रश्न बन चुका है। तापमान के साथ-साथ वर्षा का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। महाराष्ट्र और गुजरात के तटीय क्षेत्रों में मानसून की तीव्रता बढ़ने की संभावना है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, मुंबई उपनगर में गर्मियों के अधिकतम तापमान में 1.3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है, जो गर्मी के अनुकूल शहरी नियोजन की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित करती है। वहीं भारी वर्षा की अवधि लगभग छह दिन बढ़ सकती है, जबकि सूरत और भावनगर जिलों में दक्षिण-पश्चिम मानसून क्रमशः 23 और 24 फीसदी अधिक तीव्रता हो सकती है। गौरतलब है कि मुंबई में अनियमित वर्षा के कारण झींगे सुखाने का पारंपरिक व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। गोवा में नमक उत्पादकों की पूरी फसल कुछ घंटों की बेमौसम बारिश में नष्ट हो जाती है। समुद्र के बढ़ते तापमान के कारण मछलियाँ तट से दूर जा रही हैं, जिससे छोटी नावों वाले मछुआरों को पहले की तुलना में अधिक दूरी तय करनी पड़ती है और कई बार वे खाली हाथ लौटते हैं। यानी जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा बोझ वही समुदाय उठा रहे हैं, जिनका इस संकट को पैदा करने में सबसे कम योगदान है।

समुद्र का बढ़ता स्तर इस संकट को और जटिल बना रहा है। यदि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन मौजूदा परिदृश्य (एसएसपी2-4.5) के अनुरूप जारी रहा, तो वर्ष 2050 तक वैश्विक समुद्र स्तर लगभग 15 सेंटीमीटर तक बढ़ सकता है। जबकि तटीय भूगोल में कुछ सेंटीमीटर का बदलाव भी तटरेखा, कृषि, जलस्रोत और मानव बस्तियों पर गहरा असर डालता है। समुद्र का बढ़ता पानी तटीय कटाव को तेज करेगा, भूजल में खारेपन को बढ़ाएगा और अनेक क्षेत्रों को स्थायी रूप से रहने योग्य नहीं रहने देगा।एक और गंभीर पक्ष चक्रवातों की बढ़ती तीव्रता है। विभिन्न अध्ययनों में मुताबिक समुद्री सतह का तापमान प्रति दशक लगभग 0.27 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रहा है। गर्म समुद्र उष्णकटिबंधीय चक्रवातों को अतिरिक्त ऊर्जा प्रदान करता है, जिसके कारण वे अधिक शक्तिशाली और विनाशकारी बनते हैं। पिछले कुछ वर्षों में अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बार-बार आए भीषण चक्रवात इस प्रवृत्ति की पुष्टि करते हैं। इसलिए तटीय राज्यों के लिए अब केवल आपदा राहत की व्यवस्था पर्याप्त नहीं होगी, उन्हें चक्रवात-प्रतिरोधी आवास, सुरक्षित आश्रय, चेतावनी प्रणाली और स्थानीय स्तर पर अनुकूलन योजनाओं को प्राथमिकता देनी होगी। सबसे संवेदनशील पक्ष सुंदरबन से जुड़ा है। बार-बार तटबंध टूटने के कारण समुद्री खारापन खेतों, तालाबों और पेयजल स्रोतों तक पहुँच रहा है। इससे कृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ पैदा हो रही हैं। यानी जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और सार्वजनिक स्वास्थ्य का भी प्रश्न है। भारत की तटीय पट्टी केवल भौगोलिक सीमा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की एक प्रमुख धुरी है। करोड़ों लोगों की आजीविका सीधे समुद्र से जुड़ी है।

## प्रेरक प्रसंग — दरिद्रनारायण का प्रतिनिधि

यरवदा जेल में गांधीजी का उपवास चल रहा था। जेल के दरवाजे हरिजन-सेवाकों के लिए खोल दिये गए थे। जो जब चाहे, आ सकता था। उस पर कोई रोकथाम नहीं थी।

गुजरात तथा काठियावाड़ में हरिजनों के उद्धार के लिए कुछ कार्यक्रम निश्चित होने थे। उस संबंध में बात करने के लिए कुछ विशिष्ट लोग वहां आये हुए थे।

गांधीजी आम के पेड़ के नीचे लेटे हुए थे। लोग आकर उनके पास बैठ गये। बातों का सिलसिला चल पड़ा। वहीं पर जेल के एक अधिकारी भी बैठे हुए थे। एक बंदी गांधीजी के लिए अंगीठी पर पानी गरम कर रहा था। अंगीठी बहुत तेजी से जल रही थी। पानी बड़ी जल्दी गरम हो गया। बंदी ने यह देखा तो अंगीठी पर से पानी का बर्तन उतारकर नीचे रख दिया, पर अंगीठी को वैसा ही जलता छोड़ दिया। कोयले बड़े जोर से दहक रहे थे। वे दहकते रहे। तभी गांधीजी का ध्यान उस ओर गया। वह गुजरात और काठियावाड़ के नेताओं से बात कर रहे थे। एकदम बातचीत को रोककर गांधीजी ने बंदी से कहा, सुनो भाई, अंगीठी को बुझा दो। बंदी ने जेल के अधिकारी की ओर देखा। अधिकारी ने मुस्कराकर कहा, गांधीजी, आप क्यों चिन्ता करते हैं? फिर कुछ रुककर बोले, कोयले सरकारी हैं। जलने दीजिये।

गांधीजी गंभीर हो गये। बोले, नहीं, ये कोयले तो आम जनता के पैसे के हैं।

आज जबकि देश की गरीब जनता का पैसा चारों ओर पानी की तरह बह रहा है, देशवासियों की आंखें उस मसीहा को खोज रही हैं, जो दरिद्रनारायण का सच्चा प्रतिनिधि था।

## आपका पत्र मिला

### अपनी सीढ़ी तैयार करने ही होगी

बिना अपनी जमीन तैयार किए चीन की आपूर्ति शृंखला से जुड़कर विकसित होने की सोच समस्याग्रस्त है। विकास के लिए भारत को आखिरकार अपना मॉडल और अपनी सीढ़ी तैयार करनी ही होगी।

फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष अनंत गोयनका की ये राय अहम है कि भारत को चीन से बचने की कोशिश के बजाय उससे कारोबारी संबंध बढ़ाने चाहिए।

मैनुफैक्चरिंग क्षमता की मजबूती, नवाचार को बढ़ावा और वैश्विक आपूर्ति शृंखला से अधिक गहराई से जुड़ने के लिए ऐसा करना जरूरी है।लेकिन गोयनका का यह तर्क विवादास्पद है कि भारत को औद्योगिक विकास के पारंपरिक चरणों को छोड़ देना कर सीधे डिजिटल रूप से एकीकृत, कम इंसानी दखल वाले उत्पादन की ओर बढ़ना चाहिए। उल्लेखनीय है कि हर विकसित देश ने ऑटोमेशन तब अपनाया, जब वह बड़े पैमाने पर उत्पादन को व्यवस्थित करना सीख चुका था।

नीचे की सीढ़ियां छोड़कर भारत सीधे चोटी पर नहीं पहुंच सकता। यानी बिना अपनी जमीन तैयार किए चीन से जुड़कर विकसित होने की सोच समस्याग्रस्त है। विकास के लिए भारत को आखिरकार अपना मॉडल और अपनी सीढ़ी तैयार करने ही होगी।

**एक नागरिक**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com

# पायलट बन चमकाएं अपना भविष्य

*वर्तमान समय में एविएशन इंडस्ट्री में तेजी से ग्रोथ हो रही है। साथ ही इस फील्ड में अवसरों की भरमार है। ऐसे में आप इस फील्ड में कॅरियर बनाकर अपने भविष्य को एक नई दिशा दे सकते हैं। अक्सर आसमान में उड़ते हवाई जहाज को देखकर लोगों के मन में आसमान मापने का सपना होता है। अधिकतर लोग पायलट बनकर आसमान में ऊंची उड़ान भरने का सपना देखते हैं। हालांकि आज के समय में कॅरियर के लिहाज से युवाओं के पास कई तरह के ऑप्शन होते हैं। जिसमें वह डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स कर आगे बढ़ सकते हैं। तो वहीं कई युवा ऐसे में हैं, जो पायलट बनने का ख्वाब देखते हैं।*




अगर आपका लक्ष्य क्लियर होता है, तो आपको सिर्फ इस ओर बढ़ने की जरूरत होती है। ऐसे में अगर आप भी पायलट बनकर अपना भविष्य चमकाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस फील्ड में बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। वर्तमान समय में एविएशन इंडस्ट्री में तेजी से ग्रोथ हो रही है। साथ ही इस फील्ड में अवसरों की भरमार है।

**ऐसे करें पायलट बनने की तैयारी-** पायलट बनने के लिए आपको 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्य के साथ कम से कम 50 फीसदी अंको से पास होना चाहिए। जिसके बाद आपको किसी एविएशन संस्थान में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम पास करना होगा। फिर आपको इंटरव्यू और मेडिकल टेस्ट में पास होना होता है। सभी प्रोसेस में सफल होने के बाद संस्थान में एडमिशन मिलता है। जहां पर आपको प्लेन से जुड़ी बारीकियां सिखाने के साथ प्लेन उड़ाने की पूरी ट्रेनिंग दी जाएगी।

**एयरफोर्स में बनें पायलट-** अगर आप इंडियन एयरफोर्स में पायलट बनने का ख्वाब देख रहे हैं, तो आपको 12वीं पास करने के बाद एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट, एनसीसी स्पेशल एंट्री स्कीम एग्जाम और यूपीएससी एनडीए एग्जाम क्लियर करना होगा। जिसके बाद इंडियन एयरफोर्स कैंडिडेट्स को ट्रेनिंग देती है। वहीं इंडियन एयरफोर्स में पायलट बनने के लिए आप कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज एग्जाम भी दे सकते हैं। हालांकि इस एग्जाम के लिए आपको साइंस स्ट्रीम से 12वीं या फिर बीई/बीटेक की डिग्री होनी चाहिए।

**कमर्शियल पायलट-**बता दें कि 12वीं की पढ़ाई के बाद आप एविएशन संस्थान से ट्रेनिंग लेकर बतौर कॉमर्शियल पायलट अपना कॅरियर बना सकते हैं। इसके लिए ट्रेनिंग पीरियड 18-24 महीने का होता है। फिर कमर्शियल पायलट के लिए आपको रिटेन एग्जाम और फिटनेस टेस्ट देना होता है। इन दोनों चीजों को क्लीयर करने के बाद आपको कमर्शियल पायलट बनने की योग्यता हासिल हो जाती है।

# मार्गदर्शन से बढ़ता है ज्ञान और अनुभव

जब कोई व्यक्ति मार्गदर्शन करता है, तो वह केवल दूसरों को सलाह देने या सही दिशा दिखाने का काम नहीं करता, बल्कि इस प्रक्रिया में स्वयं भी नई बातें सीखता है और अपने कौशल को बेहतर बनाता है। हर बातचीत में उठने वाले प्रश्न उसे अपने नेतृत्व के दृष्टिकोण पर दोबारा सोचने का अवसर देती है। ऐसे ही मेंटी (मार्गदर्शन लेने वाला) के साथ नियमित संवाद करने से आपकी संप्रेषण

**खुद को निखारने की भी यही है प्रक्रिया**



क्षमता निखरती है।

सक्रिय रूप से सुनने से आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को बेहतर समझ पाते हैं, जिससे आपकी सहानुभूति बढ़ती है। धीरे-धीरे यह पूरी प्रक्रिया आपको अधिक प्रभावी बनाती है, जिससे आप न केवल अपनी टीम को बेहतर दिशा दे सकते हैं, बल्कि एक प्रेरणादायक वातावरण भी तैयार कर सकते हैं।

**बातचीत के साथ बढ़ेगी समझ**

मार्गदर्शक को अपने मेंटी से नियमित संवाद करना पड़ता है, और यही निरंतर बातचीत लोगों को गहराई से समझने में मदद करती है। जब आप बार-बार उनके विचार, चुनौतियां और तरीकों को सुनते हैं, तो आप उनके नजरिये को बेहतर पहचानने लगते हैं। इस प्रक्रिया से न केवल आपकी समझ बढ़ती है, बल्कि आप अलग-अलग व्यक्तित्वों के साथ जुड़कर काम करने में भी अधिक कुशल बनते हैं।

**सुनने की क्षमता होगी विकसित**

मार्गदर्शन में सबसे महत्वपूर्ण है ध्यान से, बिना बीच में टोके सुनना, क्योंकि यही आदत लोगों की जरूरतों और भावनाओं को समझने में सक्षम बनाती है। लगातार ऐसा करने से आपकी सक्रिय रूप से सुनने की क्षमता समय के साथ और मजबूत होती जाती है। इसी प्रक्रिया में आप साफ, ईमानदार और रचनात्मक फीडबैक देना भी सीखते हैं, जिससे बातचीत सार्थक बनती है। साथ ही, आप खुद भी फीडबैक स्वीकार करने की आदत विकसित करते हैं, जो आपको अधिक आत्म-जागरूक और खुला बनाती है।

**नए अनुभवों से सीख मिलेगी**

नियमित बातचीत के दौरान आप सीखते हैं कि अपनी बात को स्पष्ट, प्रभावी और प्रेरक तरीके से कैसे प्रस्तुत करना है, जिससे आपका संचार कौशल और मजबूत होता है। साथ ही, मेंटी अक्सर नई पीढ़ी या नए अनुभवों से जुड़े होते हैं, जिनकी मदद से आप नए दृष्टिकोण प्राप्त करते हैं। यह प्रक्रिया आपकी सोच को अपडेट रखती है और उसे परिस्थितियों के अनुसार बेहतर और समझदारी भरे निर्णय लेने में सक्षम बनाती है।

**बनता सकारात्मक माहौल**

जब आप स्पष्ट रूप से संवाद करते हैं और लोगों की भावनाओं को समझते हुए सहानुभूति दिखाते हैं, तो टीम के सदस्यों में आपके प्रति भरोसा अपने-आप बढ़ जाता है। ऐसा विश्वास टीम के माहौल को सकारात्मक बनाता है, जिससे लोग खुलकर अपनी बात रखते हैं, जिम्मेदारी महसूस करते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं। परिणामस्वरूप, पूरी टीम का प्रदर्शन बेहतर होता है।

## कॅरियर अलर्ट

### आरआरबी टेक्नीशियन भर्ती

रेलवे में 6557 पदों पर टेक्नीशियन ग्रेड I सिग्नल और टेक्नीशियन ग्रेड-3 ओपन लाइन के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए है। जो अभ्यर्थी रेलवे में सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं, उनके लिए यह भर्ती बड़ा मौका हो सकती है। टेक्नीशियन ग्रेड-I सिग्नल के लिए फिजिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स/कंप्यूटर साइंस/इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी/इंस्ट्रूमेंटेशन में बैचलर की डिग्री या बीएससी/बीटेक/बीई वाले अप्लाई कर सकते हैं। वहीं टेक्निकल ग्रेड 3 ओपन लाइन के लिए 10वीं पास और संबंधित फील्ड में NCVT/SCVT से आईटीआई मांगी गई है। शैक्षिक योग्यता के अलावा अभ्यर्थियों की उम्र कम से कम 18 वर्ष और अधिकतम 30-33 वर्ष होनी चाहिए। फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 29 जुलाई है। इसी डेट तक एप्लिकेशन फीस भी भरी जा सकती है। जनरल/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस कैंडिडेट्स को 500/- रुपये, एससी/एसटी/पीएच को 250/- एप्लिकेशन फीस भरनी होगी। अगर आप स्टेज I सीबीटी क्लियर करते हैं, तो एससी/एसटी/पीएच अभ्यर्थियों को पूरी फीस और अन्य कैंडिडेट्स को 400 रुपये फीस रिफंड कर दी जाएगी।

### यूपीपीएससी प्री परीक्षा 2026

यूपी में अधिकारी बनने का भी सुनहरा मौका है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य/विशेष चयन) परीक्षा 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिए है। डिप्टी कलेक्टर, पुलिस उपाधीक्षक, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, सहायक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान, जिला परिवीक्षा अधिकारी, विपणन अधिकारी मंडी परिषद समेत विभिन्न पद भरे जाएंगे। करीब 500 पदों पर वैकेंसी हैं। इस भर्ती में भाग लेने के लिए योग्य अभ्यर्थी अंतिम तिथि 27 जुलाई 2026 तक अप्लाई कर सकते हैं। जनरल/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस को 125 रुपये और एससी/एसटी को 65 रुपये एप्लिकेशन फीस ऑनलाइन भरनी होगी।

# म्यूजिक में बनाना चाहते हैं कॅरियर करें सोशल मीडिया का इस्तेमाल



आज के समय में लोग अलग-अलग क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाते हैं। हालांकि पहले के समय में लोग इंजीनियरिंग और डॉक्टर के पेशे को सबसे अच्छा प्रोफेशन मानते थे। लेकिन समय के साथ लोगों का नेरेटिव बदल गया है। बता दें कि अपने टैलेंट और पैशन की बदौलत कोई भी ऊंचाइयों को छू सकते हैं। वहीं इससे अच्छी कमाई भी की जा सकती है। क्योंकि आज के दौर लोगों को कुछ नया और हटके करना पसंद कर रहे हैं।

वर्तमान समय में अगर आपके अंदर कोई स्किल या टैलेंट है, तो आप इसको अपना प्रोफेशन बना सकते हैं। आजकल लोग म्यूजिक के क्षेत्र में गहरी रुचि रखते हैं। हर वर्ग के लोगों को म्यूजिक में गहरी रुचि होती है। यदि आपके अंदर भी सिंगिंग टैलेंट है, तो आप इसके जरिए अच्छी कमाई कर सकते हैं। हालांकि म्यूजिक इतना अधिक आसान नहीं होता है। इस फील्ड में सिर्फ वही अपना कॅरियर बना सकते हैं, जिनके अंदर क्रिएटिविटी हो और म्यूजिक के प्रति जुनून हो।

कई सारे लोगों के अंदर टैलेंट तो बहुत होता है, लेकिन इसके बाद भी वह पीछे रह जाते हैं। क्योंकि अपने टैलेंट को किस तरह से निखारा जाए, इस बारे में उन्हें जानकारी नहीं होती है। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से बिना एक्सपीरियंस के आप म्यूजिक में अपना कॅरियर बना सकते हैं।

**कैसे बनाएं कॅरियर-**

म्यूजिक इंडस्ट्री में ऑनलाइन और सोशल मीडिया की वजह से काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया के जरिए लोग अपना टैलेंट दिखा रहे हैं और उनको काफी पसंद भी किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर अपने टैलेंट और पैशन के जरिए लोग अच्छा मुकाम हासिल कर रहे हैं। पहले के समय में यह सुविधा नहीं होने के कारण बहुत कम लोग म्यूजिक को बतौर पैशन चुन पाते थे। ऐसे में अगर आप भी म्यूजिक में इंट्रेस्ट रखते हैं और आपके अंदर कुछ अलग करने का हुनर है। तो आप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म या इंस्टाग्राम पर रील्स बनाकर अपने टैलेंट को दिखा सकते हैं। यदि आपकी क्रिएटिविटी लोगों को पसंद आती है, तो आपकी फैन फॉलोइंग बढ़ेगी और समय के साथ आप फेमस भी हो सकते हैं। जिससे आपकी अर्निंग भी शुरू हो जाएगी। हालांकि इसके लिए आपको थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती हैं। आप चाहें तो वीडियो शूट करने के लिए अपने कमरे को शूटिंग रूम बना सकते हैं। वहीं अगर बाहर निकलकर शूटिंग करना संभव है, तो आप किसी अच्छे स्पॉट पर भी शूट कर सकते हैं। जितनी ज्यादा अच्छी आपकी वीडियो होगी, उतना ही लोगों का प्यार आपको मिलेगा।

**यूट्यूब से करें कमाई**

अगर आपके पास म्यूजिक का कोई एक्सपीरियंस नहीं है, लेकिन आपके अंदर इसको लेकर पैशन है। तो आप दुनिया के सामने अपने टैलेंट को दिखाने के लिए यूट्यूब का सहारा ले सकते हैं। यूट्यूब पर आप शॉर्ट वीडियोज बनाकर अपलोड कर सकते हैं। लेकिन शुरूआत के समय में आपको थोड़ा का धैर्य बनाकर रखना होगा। सही समय पर ट्रेंड को फॉलो करते हुए वीडियो डालेंगे तो आपके पोस्ट की रीच बढ़ सकती है। यूट्यूब से आप न सिर्फ अच्छे कलाकार बल्कि आप अच्छा खासा पैसा भी कमा सकते हैं।

**म्यूजिक से संबंधित कोर्स**

अगर आप बतौर म्यूजिशियन अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो इस फील्ड में स्पेशल कोर्स कर प्लेसमेंट के जरिए आगे का रास्ता चुन सकते हैं। भारत में कई सारे कॉलेज और यूनिवर्सिटी म्यूजिक में ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स करवाते हैं।

## अभ्यास

1. निम्न में से किस दिन हर साल वैश्विक क्षमा दिवस मनाया जाता है?
(क) 4 जुलाई
(ख) 5 जुलाई
(ग) 6 जुलाई
(घ) 7 जुलाई
**उत्तर- (घ)**

2. निम्न में से किस राज्य में भारत की पहली ग्रीनफील्ड इंटीग्रेटेड और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स वाली रिफाइनरी का उद्घाटन किया गया?
(क) तमिलनाडु
(ख) बिहार
(ग) राजस्थान
(घ) मध्य प्रदेश
**उत्तर- (ग)**

3. I-2SE सबमरीन केबल सिस्टम परियोजना के लिए भारत ने सिंगापुर और किस देश के साथ साझेदारी की है?
(क) वियतनाम
(ख) मलेशिया
(ग) कंबोडिया
(घ) दक्षिण कोरिया
**उत्तर- (ख)**

4. निम्न में से किस राज्य सरकार ने वर्ष 2026-2036 के लिए डीप सी फिशिंग मिशन को मंजूरी दी है?
(क) पश्चिम बंगाल
(ख) बिहार
(ग) तमिलनाडु
(घ) ओडिशा
**उत्तर- (घ)**

5. जुलाई 2026 में मलीहाबादी आम को जीआई टैग दिया गया। यह किस राज्य से संबंधित है?
(क) तमिलनाडु
(ख) बिहार
(ग) उत्तर प्रदेश
(घ) पश्चिम बंगाल
**उत्तर- (ग)**

# नौकरी के साथ करनी है पढ़ाई तो अपनाएं ये टिप्स

नौकरी के साथ अगर आप किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम या फिर किसी अन्य परीक्षा की तैयारी कर रही हैं तो उसके लिए सही से और पूरी मेहनत के साथ आपको तैयारी करनी चाहिए लेकिन नौकरी के साथ-साथ पढ़ाई को मैनेज करना कई बार आपके लिए बहुत मुश्किल हो जाता होगा लेकिन हम आपको इस लेख में कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे जिससे आप नौकरी के साथ-साथ पढ़ाई को भी आसानी से कर पाएंगी इसलिए अंत तक यह लेख जरूर पढ़ें। जैसे बचपन में आप स्कूल के लिए टाइम टेबल बनाया करती थी उसी प्रकार से आपको अपना समय इस प्रकार से डिवाइड करना होगा जिससे आप अपनी पढ़ाई को समय दे पाएं। इसके लिए आपको पूरे दिन के कुछ घंटों को अपनी पढ़ाई के लिए निकालना होगा।



**एग्जाम पैटर्न को समझें-**अगर आप किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम के लिए पढ़ाई कर रही हैं तो इसके लिए आपको परीक्षा की तैयारी से पहले ही उसका एग्जाम पैटर्न समझना होगा। साथ ही आपको नौकरी के साथ-साथ कुछ घंटों का समय निकलकर करीब चार से पांच घंटे के लिए प्रभावी तरह से तैयारी करनी होगी। अगर आप किसी कोर्स में दाखिला लेने के लिए पढ़ाई कर रही हैं तो इसके लिए भी आपको एक शेड्यूल बनाकर पढ़ाई की शुरुआत करनी चाहिए।

**पॉजिटिव रखें अपना मन-** आपको पढ़ाई करते समय पूरा ध्यान पढ़ाई की तरफ ही केंद्रित रखना चाहिए। ऐसा करने से आपके मन में कॉन्फिडेंस भी बना रहता है। इसके साथ ही आपको पॉजिटिव विचारों को ही अपने मन में रखना चाहिए। अगर आप ज्यादा नेगेटिव सोचती हैं तो उससे आपकी पढ़ाई भी बहुत डिस्टर्ब होती है। इस कारण से आपको पॉजिटिव विचारों के साथ ही पढ़ाई करनी चाहिए।

# लाइब्रेरी साइंस से जुड़े ये कोर्स करके आप भी पा सकती हैं नौकरी

स्कूल कॉलेज में आपने लाइब्रेरी जरूर देखा होगा। कई लोग को लाइब्रेरी में बैठकर पढ़ना पसंद होता है। किताबों की देखभाल करने के लिए लाइब्रेरियन को रखा जाता है। यह हर एक सरकारी कार्यालय या प्राइवेट कार्यालय में होता है। अगर आपको भी किताबों में रुचि है और आप भी अपना समय किताबों के बीच बिताना चाहती हैं तो आपको हम बताएंगे कि आप कैसे लाइब्रेरी साइंस से जुड़े कुछ कोर्स कर सकते हैं। सबसे पहले जान लें आखिर लाइब्रेरी साइंस का कोर्स होता क्या है। इस क्षेत्र में करियर के विकल्प काफी ज्यादा है। इस कोर्स के तहत छात्रों को लाइब्रेरी और इनफार्मेशन सिस्टम मैनेजमेंट, डॉक्यूमेंटेशन, मैनुस्क्रिप्ट आदि के बारे में पढ़ाया जाता है। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आपको कंप्यूटर की भी बेसिक जानकारी होनी चाहिए। लाइब्रेरी साइंस में कोर्स करने के लिए आप चाहे तो प्राइवेट या सरकारी कालेज में दाखिला ले सकती हैं। कैंडिडेट्स को इस कोर्स को करने के लिए 12वीं पास होना चाहिए। बैचलर इन लाइब्रेरी साइंस या बैचलर इन लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस करने के लिए आपको किसी भी स्ट्रीम से ग्रेजुएट होना होगा। बैचलर करने के बाद आप चाहे तो मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस भी कर सकते हैं। लाइब्रेरी साइंस का कोर्स करने के बाद आपक प्राइवेट या सरकारी सेक्टर में आसानी से नौकरी मिल सकती हैं। यूनिवर्सिटी और कॉलेज में एक बार नौकरी मिलने के बाद आपको ज्यादा दिक्कत नहीं होनी वाली हैं। इस कोर्स को करने के बाद आप चाहे तो प्रेशर के तौर पर 20 से 30 हजार रुपए कमा सकती हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**बुधवार, 8 जुलाई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे अष्टमी तिथौ बुध वासरे 12/23/ रेवती नक्षत्रे 16/01/ अतिगण्ड योग 12/38/ कौलव करणे 12/23/ मेष राशिगत चन्द्रमा 16घं.01मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** पंचक समाप्त घं.16 मि.01पर। श्री शीतलाष्टमी।

**मेष :** परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता के योग रहेंगे। उत्तरदायित्वों की पूर्ति होगी। दैनिक सुख संसाधनो की वृद्धि होगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनो का अनुग्रह मिलेगा। मिथ्यारोप भय रहेगा। भागदौड़ की अधिकता रहेगी। कानूनी कार्यों पर व्यय होगा।

**मिथुन :** शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। आर्थिक एवं सामाजिक पक्ष मजबूत होंगे।

**कर्क :** परिवार का सहियोग मिलेगा। यात्रा एवं देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**सिंह :** निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। जीवन के क्षेत्र में प्रगति होगी। सम्मान में वृद्धि होगी।

**कन्या :** व्यवसयिक योजना को बल मिलेगा। सम्बन्धो में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहियोग मिलेगा।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** सम्बन्धों में निकटता आयेगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने से प्रभाव में वृद्धि होगी।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा का योग बनेगा।

**मकर :** सन्तान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कुंभ :** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। उधार देने से बचे। जनसंपर्क में वृद्धि होगी।

**मीन :** जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। रुके कार्यों में प्रगति होगी। नए कार्यों को टालना हितकर रहेगा। वाद-विवाद टाले

# सितंबर और नवंबर सत्र की सीए परीक्षाओं के लिए आवेदन शुरू

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) ने सीए फाउंडेशन, सीए इंटरमीडिएट और सीए फाइनल की सितंबर और नवंबर 2026 परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। पात्र उम्मीदवार आधिकारिक ई-सेवाएं पोर्टल eservices.icai.org के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की महत्वपूर्ण तिथियां क्या हैं-** आईसीएआई की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए यह समयसीमा दी गई है।

**ऑनलाइन आवेदन शुरू-** 6 जुलाई 2026- बिना विलंब शुल्क आवेदन की अंतिम तिथि- 19 जुलाई 2026 (रात 11:59 बजे तक)। 600 रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन की अंतिम तिथि- 22 जुलाई 2026 (रात 11:59 बजे तक)।

**आवेदन में संशोधन-** 23 जुलाई से 25 जुलाई 2026।

संस्थान ने बताया है कि करेक्शन विंडो खुलने पर संशोधन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

**आवेदन करते समय किन बातों का रखें ध्यान?**

आईसीएआई ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि आवेदन पत्र जमा करने से पहले सभी विवरण अच्छी तरह जांच लें।

अंतिम सबमिट के बाद किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए केवल निर्धारित 23 से 25 जुलाई 2026 की करेक्शन विंडो का ही उपयोग किया जा सकेगा।

**आवेदन कैसे करें?**

उम्मीदवार नीचे दिए गए चरणों का पालन करके आवेदन कर सकते हैं। आईसीएआई की ई-सेवाएं वेबसाइट eservices.icai.org पर जाएं। अपने लॉगिन विवरण से साइन इन करें या नए उम्मीदवार के रूप में पंजीकरण करें।

सितंबर/नवंबर 2026 परीक्षा से संबंधित लिंक पर क्लिक करें।

अपने कोर्स का चयन करें - सीए फाउंडेशन, इंटरमीडिएट या फाइनल।

आवेदन पत्र में मांगी गई सभी जानकारी सावधानीपूर्वक भरें।

परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करें।

आवेदन जमा करने के बाद पुष्टि पृष्ठ डाउनलोड कर सुरक्षित रख लें।

**कब होंगी सीए की परीक्षाएं?**

**सीए फाउंडेशन परीक्षा-**
2 सितंबर 2026
5 सितंबर 2026
7 सितंबर 2026
9 सितंबर 2026

**सीए इंटरमीडिएट परीक्षा**

**ग्रुप-1**
1 सितंबर 2026
3 सितंबर 2026
6 सितंबर 2026

**ग्रुप-2**
8 सितंबर 2026
10 सितंबर 2026
12 सितंबर 2026

**सीए फाइनल परीक्षा**

**ग्रुप-1**
2 नवंबर 2026
4 नवंबर 2026
6 नवंबर 2026

**ग्रुप-2**
9 नवंबर 2026
11 नवंबर 2026
13 नवंबर 2026

# शासन मंशानुरूप कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : जिलाधिकारी

## रजिस्ट्ररों में त्रुटियां मिलने पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को लगायी फटकार

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। तहसील महोली का औचक निरीक्षण के दौरान खामियां को देख जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. ने उपजिलाधिकारी, तहसीलदार को फटकार लगाते हुये निर्देश दिये कि त्रुटियों को तत्काल दुरूस्त कराया जाये किसी कीमत पर लापरवाही बर्दाश्त नही होगी। उन्होने इस दौरान अंश संशोधन, नाम संशोधन पटल पहुंचकर वहां पर उपस्थित शिकायतकर्ताओं से वार्ता करते हुये उनका फीडबैक प्राप्त करते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि सभी का समय से निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। अंश संशोधन, नाम संशोधन के रजिस्टर का अवलोकन करते हुये त्रुटियां पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तहसीलदार एवं उपजिलाधिकारी को कड़ी फटकार लगायी। उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि सही ढंग से मानिटरिंग सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी के कक्ष पहुंचकर जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुये कुछ शिकायकर्ता के फोन नम्बर रजिस्टर में दर्ज न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की एवं शिकायकर्ता से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते हुये फीडबैक लिया। साथ ही धारा-२४ के बारे में जानकारी जिलाधिकारी ने ली। जिलाधिकारी ने अन्य महत्वपूर्ण पत्रावलियों एवं रजिस्टरों का अवलोकन किया, जिसमें त्रुटियां पाये जाने पर उपजिलाधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुये कड़े निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप कार्य किये जायें, यदि कार्यों में रूचि न ली गयी तो आगे कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिये कि शासन की प्राथमिकता है कि जनसुनवाई निरन्तर करते हुये शिकायतकर्ता की शिकायतों का गुणवत्ता परक एवं ससमय निस्तारण सुनिश्चित किया जाये तथा शिकायतों को मौके पर स्वयं निस्तारित करायें, अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को न भेजें। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी महोली शिखा शुक्ला, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।



# श्री राम मंदिर चोरी को लेकर कांग्रेसियों ने निकाली बुद्धि शुद्धिकरण यात्रा

**( स्वतंत्र भारत )**

बिसवां-सीतापुर। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में तहसील बिसवां पत्थर शिवाला पर कांग्रेस जन इकट्ठा होकर अयोध्या श्री राम मंदिर चोरी को लेकर बुद्धि शुद्धिकरण यात्रा जिला अध्यक्ष डा. ममता वर्मा के नेतृत्व में उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान रजनीश कुमार मिश्रा एडवोकेट नगर अध्यक्ष अमर मल्होत्रा ओंकारनाथ मिश्रा सीताराम भार्गव संजीव नाथ गुप्ता रमेश चंद्र निषाद राजेश सिंह तोमर महामंत्री किसान कांग्रेस उत्तर प्रदेश दानिश नकवी उपाध्याय जिला कांग्रेस कमेटी सीतापुर बकरीद भाई ब्लाक अध्यक्ष बिसवां मीना मिश्रा आफ्ताब आलम मोहम्मद असलम अंसारी सोना पति रहमान अंसारी मोहम्मद जुनेद कामरान अंसारी नदीम आज सैकड़ो लोग नगर का भ्रमण कर चंदा चोरों गद्दी छोड़ो आज के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन मंदिर शिवाला पर किया गया इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष डा ममता वर्मा ने शासन से मांग की की दानपात्र के प्रमुख चोरों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए।



# भाजपा सरकारों ने गौरक्षा के नाम पर ठगने का काम किया है-स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

**( स्वतंत्र भारत )**

महमूदाबाद-सीतापुर। देश में गौरक्षा के नाम पर आजादी के आंदोलन के दौरान राजनेताओं ने जनता से झूठ बोला जबकि अंग्रेजों का शासन आज के शासन से काफी बेहतर था। उस दौर में चोरी-डकैती नहीं होती थी। गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य होते थे। भाजपा नेतृत्व वाली सरकारों ने गौरक्षा के नाम पर ठगने का काम किया है। उक्त बातें महमूदाबाद के सिधौली मार्ग स्थित रामा कृष्णा मैरिज लान में मंगलवार की शाम करीब पांच बजे गौ-रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा के तहत पहुंचे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार गौरक्षा के लिए किए गए बड़े-बड़े वायदे भूलती जा रही है। भाजपा शासित लगभग सभी प्रदेशों में गाय की बहुत दुर्गति हो रही है जिसे हिंदू कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने अयोध्या में हुए मंदिर निर्माण व चंदाचोरी को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने लोगों से हांथ उठवाकर गौरक्षा व वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर पूर्वमंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, शरद मिश्र, नवनीत शुक्ल, प्रतीक सिंह, अजय द्विवेदी, आनंद शर्मा, श्यामू पाठक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व.राजेंद्र गुप्ता की भाजपाईयों ने मनायी, 90वीं जयंती

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री स्व. राजेंद्र गुप्ता की ९०वीं जयंती के अवसर पर पड़ाव स्थित उनकी प्रतिमा पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि स्वर्गीय राजेंद्र गुप्ता एक कुशल संगठक एवं हम सभी कार्यकर्ताओं के अभिभावक थे। उन्होंने अपनी अद्भुत संगठन क्षमता, अनुशासन और समर्पण के बल पर भारतीय जनता पार्टी को शून्य से शिखर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज भारतीय जनता पार्टी प्रदेश से लेकर केंद्र तक जिस मजबूती के साथ कार्य कर रही है, उसमें उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजेंद्र गुप्ता ने संगठन और अनुशासन की जो परंपरा स्थापित की, वह आज भी प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सीतापुर का गौरव पूरे प्रदेश और देश में बढ़ाया। उनके मार्गदर्शन में कार्य करने वाले अनेक कार्यकर्ता आज भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन की सेवा कर रहे हैं तथा विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं।



जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज उनकी जयंती के अवसर पर समस्त भाजपा कार्यकर्ता उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हैं।

इस अवसर पर नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, महेश शर्मा, विश्राम सागर राठौर, राजन गुप्ता, कामेश शुक्ला, सागर गुप्ता सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरिया झाल का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरिया झाल (कम्पोजिट), विकास खंड-परसेंडी, तथा प्रा.वि. पचदेवरा, ब्लाक परसेंडी को लगभग १२.०० बजे आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रांगण, कक्षा-कक्ष, रसोई-घर तथा शौचालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षणों उपरांत विद्यालयों को स्वच्छ भारत अभियान की तर्ज पर साफ-सफाई रखने हेतु विशेष ध्यान देने तथा लाइटिंग की उचित व्यवस्था एवं पायी गई अन्य कमियों को एक सप्ताह में निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया। प्रा. वि. पचदेवरा के इ०प्रा०अ० द्वारा एम०डी०एम० पंजिका में ५२ बच्चे द्वारा उपभोग दर्ज किया गया, किंतु उपस्थित बच्चो की काउंटिंग करने पर व दैनिक उपस्थित पंजिका का निरीक्षण करने पर २८ बच्चे ही थे, जिस हेतु संबंधित इंचार्ज प्रधाना अध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए गए। विद्यालय के समस्त कार्मिकों को नियमित उपस्थिति होने हेतु आदेशित किया गया। विद्यालय में उपस्थित छात्रो से पुस्तक पढ़वाई गई तथा वार्ता कर खाने की गुणवत्ता एवं अन्य समस्याओं के बारे में पूछा गया तथा बच्चो को नियमित स्कूल ड्रेस में आने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया।



# विधायक मनीष रावत ने किया वृक्षारोपण

**( स्वतंत्र भारत )**

सिधौली-सीतापुर। स्थानीय क्षेत्र के भवानीपुर गांव में वन महोत्सव अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक मनीष रावत ने आम का पौधरोपण किया जबकि जिला पर्यावरण समिति के सदस्य संजीव सक्सेना ने पाकर का पौधरोपण किया।पौधरोपण उपरांत विधायक मनीष रावत ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण करना होगा।जिससे पर्यावरणीय संतुलन बना रहे।विकास की अंधाधुंध दौड़ में मानव ने जंगलों और पेड़ों का बहुत दोहन किया है जिसके फलस्वरूप आज मौसम की अनिश्चितता बनी रहती है।वन क्षेत्राधिकारी रोहित निगम ने ग्रामीणों से लगाए गए पौधों का उनके वृक्ष बनने तक पालन पोषण किए जाने की अपील की।इस दौरान डिप्टी रेंजर अमित कटियार,वन दरोगा रामसेवक वर्मा सहित अन्य वन कर्मी मौजूद रहे।




# श्री बालेश्वर महादेव धाम के पास चल रहा है प्रतिबन्धित व्यापार ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की उठाई मांग

**( स्वतंत्र भारत )**

अटरिया-सीतापुर। सिधौली तहसील क्षेत्र के अटरिया थाना अंतर्गत बेड़सापुर गांव में आदि गंगा गोमती के पावन तट पर स्थित प्राचीन श्री बालेश्वर महादेव धाम के आसपास संचालित अंडा मुर्गी उत्पादन एवं मुर्गीपालन इकाई को लेकर क्षेत्र में विरोध तेज हो गया है। ग्रामीणों, श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि धार्मिक आस्था के केंद्र के निकट इस प्रकार की गतिविधियों से मंदिर का वातावरण प्रभावित हो रहा है और समय-समय पर उठने वाली दुर्गंध श्रद्धालुओं को परेशान करती है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जहां एक ओर प्रदेश में धार्मिक स्थलों के संरक्षण और विकास की बातें की जाती हैं, वहीं दूसरी ओर प्राचीन शिवधाम के आसपास संचालित इकाई से उठने वाली दुर्गंध श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंचा रही है। उनका आरोप है कि दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को मंदिर पहुंचने से पहले ही असहज माहौल का सामना करना पड़ता है। गोमती तट पर स्थित श्री बालेश्वर महादेव धाम क्षेत्र की धार्मिक पहचान का प्रमुख केंद्र है। सावन, महाशिवरात्रि और अन्य पर्वों पर यहां हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थल के आसपास स्वच्छ और पवित्र वातावरण बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उनका कहना है कि रोजगार और उद्योग अपनी जगह महत्वपूर्ण हैं, लेकिन धार्मिक और पर्यावरणीय संवेदनशील क्षेत्रों में नियमों का कड़ाई से पालन होना चाहिए। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरणीय मानकों का सही ढंग से पालन नहीं हो रहा है तो इसका असर आसपास के पर्यावरण और जनस्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। उन्होंने संबंधित विभागों से पर्यावरणीय जांच कराने और सभी मानकों के पालन की पुष्टि करने की मांग की है।धार्मिक स्थल के आसपास पर्यावरणीय मानकों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। दुर्गंध और प्रदूषण संबंधी शिकायतों का सत्यापन कराया जाए।

श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए। धार्मिक महत्व वाले क्षेत्र के लिए विशेष दिशा-निर्देश लागू किए जाएं। संबंधित इकाई में पर्यावरणीय नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। जब सरकार धार्मिक पर्यटन और आस्था के संरक्षण की बात करती है, तो फिर पवित्र शिवधाम के आसपास उठ रहे विवादों पर जिम्मेदार विभाग कब तक मौन रहेंगे?

### पर्यावरण दिवस पर जिला जज आवास परिसर में किया गया वृक्षारोपण

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष जैन के निर्देशानुसार सचिव, आलोक यादव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्ग-दर्शन में पर्यावरण दिवस मनाया गया। पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश के आवास व जजेज कालोनी में वृक्ष रोपित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया गया। उक्त आयोजन में जनपद न्यायाधीश आशीष जैन व अन्य समस्त अपर जिला जज एवं समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटगण उपस्थित रहे तथा साथ में जनपद न्यायालय व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टाफद्वारा अपना सहयोग प्रदान किया गया।

# सरकार की योजनाओं के तहत पात्रों को लाभान्वित किया जाये-रामकृष्ण भार्गव

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। जिलाधिकारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में समाधान दिवस के अवसर पर जनपद की समस्त सातों तहसीलों में भव्य मेगा ऋण मेले का आयोजन किया गया। जनपद के सभी बैंकों द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए आमजन एवं पात्र लाभार्थियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार एवं वित्तीय समावेशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मेले में आए आगंतुकों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी, पशुपालन, मत्स्य, एनआरएलएम सहित विभिन्न सरकारी ऋण योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। बैंक अधिकारियों ने लाभार्थियों को यह भी बताया कि सरकारी योजनाओं के माध्यम से किस प्रकार नया उद्योग, व्यापार एवं स्वरोजगार प्रारंभ कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना जा सकता है। मिश्रिख तहसील में आयोजित कार्यक्रम में विधायक रामकृष्ण भार्गव जी ने पीएम स्वनिधि योजना के एक दिव्यांग लाभार्थी को रू ५०,००० का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के चयनित लाभार्थियों को ऋण वितरण के चेक भी प्रदान किए तथा युवाओं से स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि ऐसे ऋण मेलों का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना, बैंकिंग सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाना तथा युवाओं, महिलाओं, किसानों, स्ट्रीट वेंडरों एवं उद्यमियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों, जिला प्रशासन, संबंधित विभागों एवं कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के आयोजन जनपद में रोजगार सृजन एवं आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेंगे। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लाभार्थियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, बैंक अधिकारियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता रही। मेगा ऋण मेला जनपदवासियों के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं वित्तीय सहायता प्राप्त करने का एक प्रभावी मंच सिद्ध हुआ।



## स्कूल चलो अभियान-2026 का नगर विकास राज्यमंत्री ने हरी झण्डी दिखाकर किया शुभारम्भ

# कोई भी बच्चा अशिक्षित न रहने पाये-राकेश राठौर गुरू

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर । मुख्यमन्त्री, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में स्कूल चलो अभियान-२०२६ के अर्न्तगत दूसरे चरण के कार्यक्रम में ०६ जुलाई २०२६ दिन-सोमवार को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके अन्तर्गत नगर राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला द्वारा पैदल रैली को हरी झण्डी दिखाते हुये रवाना किया गया। रैली में उपायुक्त मनरेगा, जिला विद्यालय निरीक्षक, व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीतापुर एवं जनपद स्तरीय अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, समग्र शिक्षा, छात्र/छात्रायें, अध्यापक, ए०आर०पी व एस०आर०जी० के साथ लगभग १२०० लोग शामिल हुये। एक विशाल रथ पर मां सरस्वती रूपी देवी को आरूढ़ कर, स्कूली बैण्ड एवं म्यूजिक सिस्टम के साथ रैली कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, से तरण ताल तक जाकर तरण ताल से कार्यक्रम स्थल राजकी इण्टर कालेज, तक निकाल कर समापन किया गया। कार्यक्रम में विद्यायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, सदस्य विधान परिषद उमेश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला, नगर पालिका परिषद अध्यक्षा नेहा अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी डा. दीक्षा जोशी, जिला विद्यालय निरीक्षक सीतापुर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, तथा डायट प्रवक्ताओं के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण/पुष्प अर्पित कर तथा गुब्बारे उड़ाकर किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अतिथियों का स्वागत पर्यावरणीय पौधे, बुके व ओ०डी०ओ०पी० के अर्न्तगत दरी भेंट कर किया गया। कम्पोजिट विद्यालय जमैयतपुर के बच्चों ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की उसके उपरान्त विकास खण्ड महोली द्वारा विद्यालयों में नामांकन जागरूकता हेतु कठपुतली कार्यक्रम पेश किया गया। प्रा०वि० मिश्रापुर, खैराबाद के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रतीकात्मक रूप से १० बच्चों को पाठ्य पुस्तकें व बैग भेट किये गये व कार्यक्रम में प्रतिभागी समस्त बच्चों को बैग वितरित किये गये। शिक्षक एम०एल०सी० उमेश द्विवेदी व जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, द्वारा सरकार की उपलब्धियों के बारे में तथा शिक्षकों से शत-प्रतिशत नामांकन कराते हुये कोई बच्चा नामांकन से न छूटने पाये हेतु अपील की। जनपद में गत वर्ष की तुलना में उत्कृष्ट नामांकन में शीर्ष ०५ प्र०अ०/इं०प्र०अ० (प्रा०वि० कोलगढ़ बेहटा, प्रा०वि० कनकारी-१, रेउस, कम्पो० वि० बाड़ी सिधौली, कम्पो०वि० रतौली बेहटा व कम्पो०वि० मुजफ्फरपुर सिधौली) को उनके द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना करते हुये प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में समस्त शिक्षकों/कार्यालय कार्मिकों एवं अन्य उपस्थित गणमान्य अतिथियों को सूक्ष्म जलपान का वितरण करने के उपरान्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गयी।





# एक साल, एक महीना... डीएम की कियादत में बदली बरेली की सूरत-ए-हाल

## इंतज़ामिया की मुस्तैदी, तेज़ फ़ैसलों और बेहतर निगरानी से जिले को मिली नई रफ़्तार

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने बरेली में तकरीबन अपने एक वर्ष एक माह के कार्यकाल में अनुभव व बौद्धिक क्षमताओं का परिचय करा दिया है। उनकी कार्यशैली ने सख्ती और संवेदनशीलता का ऐसा संतुलन पेश किया, जिसने प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा दी। कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस-प्रशासन के समन्वय से अपराध और अतिक्रमण के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाए गए, वहीं माफियाओं पर की गई कार्रवाई ने शासन की मंशा को ज़मीन पर उतारा। विकास के मोर्चे पर नाथ कॉरिडोर सहित धार्मिक और पर्यटन परियोजनाओं को गति मिली, जिससे बरेली की सांस्कृतिक पहचान को नई पहचान देने की कोशिश तेज हुई।



जनसुनवाई व्यवस्था को अधिक जवाबदेह बनाते हुए शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष ज़ोर दिया गया, जिसका सकारात्मक असर मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रैंकिंग में भी दिखाई दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन ने आम लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं कलेक्ट्रेट में बेहोश हुए युवक को स्वयं अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाकर उपचार सुनिश्चित करने जैसी घटनाओं ने डीएम अविनाश सिंह की इंसानी हमदर्दी और जवाबदेह प्रशासनिक सोच को भी सामने रखा। एक वर्ष का यह सफर इस पैगाम के साथ दर्ज हुआ कि जब प्रशासन नीयत, निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ काम करे तो सुशासन केवल दावा नहीं, बल्कि जनता का भरोसा बन जाता है।

# रेलवे बोर्ड में गरजे सांसद नीरज मौर्य, ठहराव से लेकर ओवरब्रिज तक रखीं अहम मांगें

-स्वतंत्र भारत-



**नई दिल्ली/बरेली।** रेलवे बोर्ड की अहम बैठक में आंवला से सांसद नीरज मौर्य ने बरेली मंडल और आंवला संसदीय क्षेत्र के रेल यात्रियों से जुड़े लंबे समय से लंबित मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने रेलवे बोर्ड को मांगपत्र सौंपते हुए बिशारतगंज, आंवला और रेवती बहोड़ा खेड़ा स्टेशनों पर प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था करने तथा बरेली-भुज (आला हजरत) एक्सप्रेस में एसी प्रथम और द्वितीय श्रेणी के अतिरिक्त कोच बढ़ाने की मांग की। सांसद ने भमोरा-आंवला और अखाड़गौनी रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण, स्टेशन परिसरों में टिन शेड, बाउंड्री वॉल, शुद्ध पेयजल, अलग प्रतीक्षालय और कुलियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता भी बताई। उन्होंने महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए आरपीएफ की नियमित तैनाती तथा मंडल चिकित्सालय इज्जतनगर में पर्याप्त चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग उठाई। इसके अलावा शाहजहांपुर-मुंबई नई रेल सेवा, शाहजहांपुर-फर्रुखाबाद रेल लाइन का संचालन, मथुरा के लिए दैनिक एक्सप्रेस, मैलानी-लखनऊ रेल सेवा की बहाली, बरेली जंक्शन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार और किला पुल के नीचे अंडरपास निर्माण की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन प्रस्तावों के पूरा होने से लाखों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। इस दौरान सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, एमएलए शाहजिल इस्लाम, सांसद रुचि वीरा आदि उपस्थित रही।

# हरियाली की दुआ, जिंदगी की दवा: एक पौधा, हज़ार उम्मीदें

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** धरती की मुस्कान पेड़ों से है और इंसान की सांसों का रिश्ता भी इन्हीं से जुड़ा है। इसी पैग़ाम को जन-जन तक पहुँचाने के लिए मुख्य वन संरक्षक पीपी सिंह पूरे जोश में वृक्षारोपण अभियान को नई रफ़्तार दे रहे हैं। वह लोगों से गुज़ारिश कर रहे हैं कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए, ताकि आने वाली नस्लों को ठंडी छांव, स्वच्छ हवा और हरा-भरा भविष्य मिल सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप चल रहे इस अभियान में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना और डीएफओ दीक्षा भंडारी भी बढ़-चढ़कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनका कहना है कि आज लगाया गया एक पौधा कल ज़िंदगी का सहारा बनेगा।

'एक शजर लगा दो मोहब्बत के नाम पर,
कल यही छांव बनेगा हर इंसान के काम पर।
हरियाली से ही आबाद है धरती का हर मंज़र,
पेड़ बचेंगे तो महफ़ूज़ रहेगा हमारा मुक़द्दर।'

वन विभाग का यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं, बल्कि प्रकृति से मोहब्बत, आने वाली पीढ़ियों के प्रति ज़िम्मेदारी और बेहतर कल की उम्मीद का संदेश भी दे रहा है। आइए, हम सब मिलकर एक पौधा लगाएँ और हरियाली की इस मुहिम को जनआंदोलन बनाकर भीषण गर्मी को मात देने में अपना योगदान दें।

# सुस्त तफ्तीश पर एसएसपी का डंडा, जवाबदेही से नहीं बचे थाना प्रभारी

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** जिले में लंबित विवेचनाओं को लेकर एसएसपी अनुराग आर्य ने सख्त रुख अपनाते हुए 12 थाना प्रभारियों के खिलाफ प्रारंभिक जांच के आदेश दिए हैं। यह कार्रवाई 60 और 90 दिन से अधिक समय से लंबित मामलों की समीक्षा में सामने आई गंभीर लापरवाही के बाद की गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

एसएसपी ने एक जुलाई से जिलेभर में 30 दिवसीय विशेष अभियान शुरू कराया है, जिसके तहत सभी थानों में लंबित विवेचनाओं की रोजाना समीक्षा की जा रही है। अभियान का उद्देश्य पुराने मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाना है। चार जुलाई को हुई समीक्षा में इज्जतनगर, सीबीगंज, भमोरा,



कोतवाली, बारादरी, फरीदपुर, नवाबगंज, कैंट, आंवला, बिथरी चैनपुर, भोजीपुरा और बहेड़ी थानों में अपेक्षा से अधिक विवेचनाएं लंबित मिलीं। इसे गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने संबंधित थाना प्रभारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए हैं। एसएसपी अनुराग आर्य ने स्पष्ट कहा कि विवेचनाओं में अनावश्यक देरी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी विवेचना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अभियान के दौरान लापरवाही मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# पुलिस लाइन निरीक्षण : एसपी साउथ ने परखी अनुशासन और व्यवस्थाएं

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** पुलिस लाइन में मंगलवार परेड के दौरान एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने जवानों की कदमताल, टर्नआउट और अनुशासन का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड की गुणवत्ता परखते हुए अधिकारियों को पुलिस बल की कार्यक्षमता और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

परेड के बाद उन्होंने पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर कार्यालयों, बैरकों, साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जहां कमियां मिलीं, वहां संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान एसपी साउथ ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मुख्य आरक्षी बैच से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता और व्यवहारिक अनुभवों की



जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को हर परिस्थिति में जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार करना है। इसके बाद आयोजित अर्दली रूम में उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं तथा लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। अंशिका वर्मा ने कहा कि अनुशासन, प्रभावी प्रशिक्षण और कर्मचारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान बेहतर पुलिसिंग की आधारशिला है। नियमित निरीक्षण से कार्यप्रणाली में सुधार के साथ पुलिस बल की जवाबदेही भी मजबूत होती है।

# समीक्षा बैठक में कमिश्नर का सख्त संदेश- जनहित के कामों में अब नहीं चलेगी देरी

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें स्वास्थ्य, राजस्व, पशुपालन, उद्यमिता, ऊर्जा और आपदा प्रबंधन समेत विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। कार्यों में देरी और अपेक्षित प्रगति न मिलने पर मंडलायुक्त ने अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए सभी योजनाओं को तय समयसीमा में पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। श्रावण मास को देखते हुए वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं, ताकि अभियान प्रभावी ढंग से संचालित हो सके।

बरसात के मौसम में डेंगू और मलेरिया के बढ़ते खतरे को गंभीरता से लेते हुए



उन्होंने मंडल के सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को फॉगिंग और स्क्रीनिंग अभियान तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही संचारी रोग नियंत्रण अभियान को पूरी सक्रियता और सतर्कता के साथ चलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक में मंडलायुक्त ने सभी विभागों को शासन के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने तथा जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी अविनाश सिंह सहित मंडल के सभी जिलों के डीएम और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## मंदिर में चोरी की योजना बनाते तीन बदमाश गिरफ्तार, तमंचा कारतूस बरामद, भेजा जेल



**भुता।** थाना बिथरी चैनपुर के ग्राम भगवतीपुर आश्रम के निकट मंदिर व महंत को क्षति पहुंचाने की योजना बनाते हुए पकड़े गए तीन शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पुलिस ने भगवान दास पुत्र बांकेलाल 2. राम बहादुर पुत्र जागन लाल 3. राजेश पुत्र जोगराज तीनों ग्राम भगवतीपुर के निवासी हैं ।इनके पास से एक सब्बल, एक हथोड़ा, एक फनर , एक प्लास , दो नाजायज चाकू, एक 315 बोर तमंचा, दो जिंदा करतूत बरामद किए गए, जिसके संबंध में मुकदमा संख्या की धारा 312, 313, आर्म एक्ट की धारा 3/25,4/25 एमपी3 बिथरी चैनपुर थाना द्वारा पंजीकृत किया गया, तीनों अपराधी से पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि साहब हमने एक साथ एक राय होकर सिद्धपीठ संकट मोचन हनुमत धाम मंदिर में चोरी करने की योजना बनाई साथ ही यह भी तय किया कि यदि मंदिर महंत बाल व्यास डॉ.रोहितानंद जी महाराज या फिर मंदिर परिसर से किसी अन्य सदस्य ने शोर मचाया तो उसकी भी हत्या कर देंगे। इसी इरादे से हम अपने साथ 315 बोर तमंचा व कारतूस लेकर आए थे। पुलिस ने तीनों बदमाशों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

## 24 घंटे में खुला लावारिस मासूम का राज, गरीबी पड़ी ममता पर भारी



**बरेली।** सेटेलाइट बस अड्डे पर फल के ठेले के नीचे कपड़े में लिपटा मिला दो माह के मासूम के माता-पिता का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर पता लगा लिया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस हरदोई के माधौगंज थाना क्षेत्र पहुंची और दंपती को तलाश लिया। पूछताछ में उन्होंने बच्चे की पहचान करते हुए बताया कि वह गंभीर बीमारी से पीड़ित है और बार-बार दौरे पड़ते हैं। आर्थिक तंगी के कारण उसका इलाज नहीं करा सके, इसलिए उसे बस अड्डे पर छोड़ दिया था।पांच जुलाई की सुबह रोते हुए मिले मासूम को चौकी प्रभारी मयंक भारद्वाज ने 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया था। उपचार के बाद बच्चे को चाइल्ड लाइन की देखरेख में सौंप दिया गया। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में एक महिला और पुरुष बच्चे को छोड़कर जाते दिखे, जिनकी पहचान स्वाति वाजपेयी और ओमप्रकाश मिश्रा के रूप में हुई। बाद में दोनों जिला पंचायत स्थित दत्तक ग्रहण एजेंसी पहुंचे और बच्चे से मिलने की इच्छा जताई। चाइल्ड लाइन ने उन्हें बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत होने की सलाह दी। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। बच्चे के भविष्य पर अंतिम निर्णय सीडब्ल्यूसी करेगी।

## दस लीटर कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**फरीदपुर।** थाना फरीदपुर पुलिस ने सोमवार को गश्त के दौरान एक व्यक्ति को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक लोकेश तोमर हमराही हेड कांस्टेबल संतोष कुमार व कांस्टेबल नीरज कुमार के साथ बुखारा रोड पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान ग्राम कीरतपुर पेरवा जाने वाले रास्ते के चौराहे के पास एक व्यक्ति प्लास्टिक की 10 लीटर की पिपिया लेकर जाता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह तेजी से मुड़कर भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने करीब 100 कदम पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रामपाल पुत्र रूम सिंह, निवासी ग्राम लौंगपुर, थाना फरीदपुर, जनपद बरेली, उम्र करीब 55 वर्ष बताया। पिपिया की जांच करने पर उसमें अवैध कच्ची शराब मिली। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया। गिरफ्तारी और बरामदगी की कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की गई।

## दरोगा पर दुष्कर्म, शादी का झांसा और जबरन गर्भपात कराने का आरोप, डीआईजी से शिकायत



**बरेली।** पति से विवाद के बाद न्याय की उम्मीद लेकर थाने पहुंची एक महिला ने बरेली में तैनात रहे एक दरोगा पर दुष्कर्म, शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, जबरन गर्भपात कराने और धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने डीआईजी अजय कुमार साहनी को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने और सुरक्षा दिलाने की मांग की है।

महिला का आरोप है कि पिछले साल बारादरी थाने में पति के खिलाफ कार्रवाई के दौरान उसकी मुलाकात तत्कालीन दरोगा से हुई। दरोगा ने नौकरी दिलाने और पत्नी से तलाक लेकर शादी करने का वादा कर उसका विश्वास जीता। आरोप है कि इसी दौरान उसने कई बार दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर दवा खिलाकर गर्भपात कराने का भी आरोप लगाया गया है। महिला ने यह भी कहा कि आरोपी उसके लाखों रुपये के सोने के आभूषण ले गया और वापस नहीं किए। शिकायत में शादी का दबाव बनाने पर झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। डीआईजी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर विधिक कार्रवाई की मांग की गई है। फिलहाल आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# जियानगला में कांवड़िए दलदल भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर

## ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत, सड़क निर्माण की मांग

-स्वतंत्र भारत-


**शीशगढ़।** ग्राम पंचायत जिया नगला का मुख्य संपर्क मार्ग लंबे समय से बदहाल है। बारिश के कारण रास्ते में कीचड़ और दलदल होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सावन के महीने में इसी रास्ते से कांवड़िए हरिद्वार के लिए रवाना होते हैं, जिन्हें दलदल से गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस संबंध में एसडीएम मीरगंज से शिकायत की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले करीब दस वर्षों से ग्राम प्रधान द्वारा इस मार्ग का पक्कीकरण नहीं कराया गया है। ग्रामीण अजय गंगवार ने बताया कि यह मार्ग पंचायत घर का मुख्य रास्ता होने के साथ-साथ एक प्राचीन शिव मंदिर तक भी जाता है। बरसात के दिनों में मार्ग पूरी तरह दलदल में बदल जाता है, जिससे पैदल चलने वाले ग्रामीण फिसलकर घायल भी हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने



कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से सड़क निर्माण की मांग की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। दर्जनों शिकायतकर्ताओं ने एसडीएम मीरगंज से मिलकर सड़क निर्माण की मांग की। एसडीएम निधि शुक्ला ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली है। इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी को पत्र भेजा जा रहा है और रास्ते को सही कराने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। वहीं, ग्राम प्रधान तारावती ने बताया कि रास्ते को कई बार कार्ययोजना में प्रस्ताव के रूप में भेजा गया था, लेकिन वह पास नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के पास इतना बजट नहीं है कि वह स्वयं इस सड़क का निर्माण करा सके।

# वन महोत्सव में पौधारोपण और पौध वितरण कर दिया हरियाली का संदेश



**बरेली।** मुख्य वन संरक्षक पीपी सिंह के निर्देशन और डीएफओ दीक्षा भंडारी के नेतृत्व में वन महोत्सव सप्ताह के तहत मंगलवार को जिले की विभिन्न वन रेंजों में पौधारोपण, पौध वितरण और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। बरेली रेंज में बड़े हनुमान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को आम, अमरूद, अनार, नींबू और तुलसी के पौधे वितरित किए गए। बहेड़ी रेंज के गुडविल पब्लिक स्कूल में निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता के जरिए बच्चों ने वन एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नवाबगंज रेंज के ग्राम हंसा में स्थानीय विधायक डॉ. एम.पी. आर्य ने पीपल, बरगद, नीम और आम समेत विभिन्न पौधों का रोपण किया तथा ग्रामीणों को पौधे वितरित किए। आंवला रेंज में बिशारतगंज नगर पंचायत परिसर में ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंह और एसडीएम विदुषी सिंह की मौजूदगी में 151 पौधों का रोपण एवं वितरण किया गया। अधिकारियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लेने की अपील की।

# मानव जीवन का आधार, वृक्षों की हरियाली धरती का श्रृंगार,एक पेड़ मां के नाम: ऋषि ठाकुर, वन क्षेत्राधिकारी



**फरीदपुर।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर चलाए जा रहे वृक्षारोपण महाअभियान-2026 के तहत एक वृक्ष मां के नाम अभियान के अंतर्गत मंगलवार को फरीदपुर के पशु चिकित्सालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुंसिफ मजिस्ट्रेट, पुलिस क्षेत्राधिकारी, वन विभाग के अधिकारियों तथा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग फरीदपुर की ओर से वन क्षेत्राधिकारी ऋषि ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान मुंसिफ मजिस्ट्रेट सुनंदन गोयल, पुलिस क्षेत्राधिकारी संदीप सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा अधिवक्ताओं ने सहजन, नीम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

# एक साल पहले कृष्ण कुमार मिश्रा उर्फ छल्लू महाराज की हत्या का खुला राज, बेटे ने ही की थी पिता की हत्या

-स्वतंत्र भारत-

**भुता।** थाना क्षेत्र के ग्राम सहजनपुर में एक साल पहले इसी गांव निवासी मृतक कृष्ण कुमार मिश्रा उर्फ छल्लू महाराज का शव गांव के बाहर एक झोपड़ी में पाया गया था। जिसमें हत्या की आशंका जताते हुए मृतक के पुत्र धीरज मिश्रा ने गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया था। आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य नही मिलने के कारण पुलिस लगातार मामले की जांच पड़ताल कर रही थी। जांच में प्रकाश में आए मृतक के बेटे धीरज मिश्रा का नाम खुलासा हुआ है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

बता दें कि लगभग एक साल पहले थाना क्षेत्र के गांव सहजनपुर में ग्राम के बाहर एक झोपड़ी में मृतक कृष्ण कुमार मिश्रा उर्फ छल्लू महाराज का शव संदिग्धअवस्था में मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर गहनता से जांच पड़ताल कर शव सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। इधर मृतक के पुत्र धीरज मिश्रा ने अपने पिता की हत्या की आशंका जताते हुए। गांव के ही गिरजेश, राजू, और भूरे के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत करवाया था। इधर पुलिस को तीनों आरोपियों के खिलाफ कोई भी साक्ष्य नहीं मिलने के कारण पुलिस मामले की लगातार जांच पड़ताल कर रही थी। इधर पुलिस ने मामले की जांच में मृतक के पुत्र धीरज मिश्रा का नाम प्रकाश में आने पर पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया पुलिस द्वारा की गई कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने बताया मेरे पिता नशे के आदी थे। उन्होंने सारी संपत्ति बेच दी थी। और आए दिन घर में क्लेश किया करते थे। इसी कारण घटना वाली रात को मेरे पिता से मेरा विवाद हो गया था। और मैं गुस्से में लकड़ी के डंडे से उनका गला दबाकर उनकी हत्या कर दी थी। और आरोप गांव के अन्य तीन लोगों पर लगा दिया था।

# 11 हजार वोल्ट लाइन से महिला झुलसी या कूलर में उतरा करंट घटना को लेकर उठे सवाल

-स्वतंत्र भारत-



**फतेहगंज पूर्वी।** थाना क्षेत्र के मुस्तबगंज सराय में एक महिला के करंट लगने से गंभीर रूप से झुलसने का मामला सामने आया है। घायल महिला की पहचान मीर जहां, पत्नी जलालुद्दीन, निवासी मुस्तबगंज सराय के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि महिला 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन की चपेट में आ गई, जिससे उसके हाथों की उंगलियां और शरीर का हिस्सा गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और घायल महिला को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल बरेली में भर्ती कराया गया। वहीं, बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि महिला को 11 हजार वोल्ट लाइन से नहीं, बल्कि कूलर में उतरे करंट की वजह से झटका लगा है। विभाग का दावा है कि प्रथम दृष्टया मामला घरेलू विद्युत करंट का प्रतीत होता है। घटना को लेकर दोनों पक्षों के अलग-अलग दावों के कारण मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। यदि वास्तव में 11 हजार वोल्ट लाइन से हादसा हुआ है तो यह गंभीर लापरवाही का मामला हो सकता है, जबकि विभाग अपनी जांच में कूलर में करंट आने की बात कह रहा है। फिलहाल महिला का इलाज जारी है। घटना के वास्तविक कारण का पता जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। जेई सूरज तोमर ने बताया कि जांच करने पर पता चला कि महिला कूलर में कुछ कर रही थी तभी करेंट लग गया छत से तारों की ऊंचाई करीब छह फीट है अगर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आती तो बी घटना हो सकती थी।

# महिला के कान से सोने का झाला खींचकर बदमाश फरार

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** थाना फरीदपुर क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। बच्चों की दवा लेकर पिता के साथ घर लौट रही एक महिला को बदमाशों ने चलते वाहन से निशाना बनाते हुए उसके कान से सोने का झाला (बाली) खींच लिया और फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम सारीपुर निवासी मुन्नालाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 जुलाई को वह अपनी बेटी प्रियंका के साथ उसके बच्चे की दवा दिलाने फरीदपुर आए थे। डॉक्टर से दवा लेने के बाद दोनों बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। जब उनकी बाइक एक ईंट भट्ठे के आगे पीडीए कार्यालय के निकट, ग्राम फर्कपुर-मझौआ मार्ग पर पहुंची, तभी पीछे से आए दो अज्ञात बाइक सवार युवक उनकी बाइक के बराबर आ गए। आरोप है कि बदमाशों ने चलते-चलते प्रियंका के कान से सोने का झाला झपट लिया। अचानक हुई वारदात से महिला और उसके पिता घबरा गए। जब तक वे कुछ समझ पाते, आरोपी तेज रफ्तार से मौके से फरार हो चुके थे। घटना के बाद पीड़ितों ने आसपास तलाश की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित मुन्नालाल ने थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ-साथ बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। दिनदहाड़े हुई इस झपटमारी की घटना से क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल है और उनमें महिलाओं और राहगीरों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।



# पर्यटन मंत्री ने किया पूर्व सांसद धर्मगज सिंह की मूर्ति का अनावरण

स्वतंत्र भारत

हरदोई। मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश श्री जयवीर सिंह ने ग्राम बाबूपुर कचनारी, आयोजित कार्यक्रम के दौरान ठाकुर धर्मगज सिंह सोमवंशी पूर्व सांसद एवं विधायक की मूर्ति का अनावरण किया तथा अपना घर वृद्धाश्रम का उद्घाटन भी किया। यह कार्यक्रम देशराज सेवा संस्थान उप्र के तत्वावधान मे आयोजित किया गया।

इसके पूर्व उन्होंने वृद्धाश्रम परिसर मे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत पौधरोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने सभी को प्रेरित किया कि अधिक से अधिक पौधे लगाये तथा उनका संरक्षण भी करे। उनके साथ उपस्थित माननीय जनप्रतिनिधिगणों ने भी पौधरोपण किया।

जनसभा के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का आनलाइन उद्बोधन प्रसारित किया गया। रक्षा मंत्री ने ठाकुर धर्मगज सिंह सोमवंशी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुये वृद्धाश्रम के उद्घाटन तथा प्रतिमा के अनावरण पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि धर्मगज जी का पूरा जीवन समाज के कल्याण के लिये समर्पित था, वह सच्चे अर्थ मे समाज के सेवक थे। उन्होंने कहा कि यह अत्यन्त हर्ष का विषय है, कि उनके समाज सेवा के सकंल्प को साकार करते हुये नई दिशा मिल रही है। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम के रूप मे सेवा स्थल विकसित करने का प्रयास अत्यन्त सराहनीय है।

उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार बच्चों की पढाई, जन कल्याण के कार्यो, सभी के विकास हेतु सदैव तत्पर है तथा सुखदुख मे पूरी तरीके से सदैव सबके साथ है। उन्होंने कहा कि समाज मे बुजुर्गो को सम्मान देना हम सभी की जिम्मेदारी है। सनातन संस्कृति को मजबूत करने, समाजिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिये भी उन्होंने प्रेरित किया। कार्यक्रम के भव्य आयोजन हेतु सभी आयोजकों को बधाई दी। कार्यक्रम मे सांसद जय प्रकाश रावत, विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू, विधायक श्याम प्रकाश आदि ने भी सम्बोधित किया।





## मनाई गई पूर्व सांसद की 104वीं जयंती

स्वतंत्र भारत

हरदोई। सनातन धर्म इंटर कॉलेज, हरदोई में विद्यालय के पूर्व प्रबंधक एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय ठाकुर धर्मगज सिंह की 104वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य दिवाकर ने स्वर्गीय ठाकुर धर्मगज सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर किया। इसके बाद शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्रवक्ता राजबीर सिंह ने कहा कि स्वर्गीय ठाकुर धर्मगज सिंह को हरदोई में सभी लोग स्नेहपूर्वक 'बाबूजी' के नाम से जानते थे। उन्होंने कहा कि राजनीति में चाहे वे किसी भी दल से जुड़े रहे हों, लेकिन उनका पूरा जीवन गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए समर्पित रहा। वे प्रतिदिन अपने घर पर सैकड़ों लोगों को भोजन कराते थे और जनसेवा को ही अपना सबसे बड़ा धर्म मानते थे। इस अवसर पर अनिल कुमार, सत्यम अमित गंगवार सहित विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## लेखपाल पुत्री को मनमाफिक तैनाती पर अधिवक्ता पिता व एसडीएम के बीच तीखी नोकझोंक

- महिला लेखपाल ने एसडीएम पर लगाये संगीन आरोप
- एसडीएम ने आरोपो को बताया मनगढ़ंत तथा निराधार

स्वतंत्र भारत





शाहाबाद (हरदोई)। स्थानीय तहसील मे कार्यरत एक महिला लेखपाल को मनमाफिक पोस्टिंग न मिलने पर उसके अधिवक्ता पिता तथा उपजिलाधिकारी के मध्य चैम्बर के अंदर तीखी नोकझोंक हुई । एक तरफ जहाँ महिला लेखपाल ने एसडीएम पर संगीन आरोप लगाते हुये कोतवाली मे तहरीर दी है वही दूसरी ओर उपजिलाधिकारी ने अधिवक्ता का नोकझोंक करते हुये वीडियो मीडिया व्हाट्सअप ग्रुप पर डालकर अपनी स्थिति स्पष्ट की है।

इस संबंध मे उपजिलाधिकारी सुशील कुमार मिश्रा का कहना है कि उन्हे राजस्व निरीक्षक ने बताया कि आलमनगर पछोहा की खतौनी की फीडिंग नही हो पा रही है उस सम्बन्ध मे महिला लेखपाल से बुलाकर वार्ता की गयी है कि खतौनी की फीडिंग क्यो नही हो पा रही है ? जिसके जबाब मे उन्होने कहा कि उनकी आंख मे समस्या है इसलिए उन्हे फील्ड पर नियुक्त कर दिया जाये। इस पर उपजिलाधिकारी ने कहा कि वह अपनी आंख चिकित्सक को दिखा दें। यदि समस्या होगी तो फिर फील्ड पर नियुक्त कर दिया जायेगा। इसके बाद महिला लेखपाल चैम्बर से निकल गयी तथा तहसील मे कार्यरत अपने पिता से मोबाइल पर बातचीत की जिसके बाद उसके पिता राकेश कुमार अधिवक्ता अपने तीन चार साथियो के साथ उनके चैम्बर मे घुस आये और बड़ी ही अभद्रता और उत्तेजना मे बात करते हुये धमकी दी तथा प्रशासनिक कार्य मे व्यवधान उत्पन्न किया। उपजिलाधिकारी ने महिला कर्मी को जातिसूचक शब्द कहने तथा अशोभनीय व्यवहार करने की बात को सिरे से नकारते हुये निराधार एवं मनगढंत बताया।

दूसरी तरफ महिला लेखपाल का कहना है कि वह तहसील अन्तर्गत हर्राई मे लेखपाल पद पर कार्यरत है गत 6 जुलाई 2026 को 5.10 बजे उपजिलाधिकारी ने उसे चैम्बर मे बुलाकर अपने चैम्बर मे कार्य करने को कहा तथा मना करने पर जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुये अशोभनीय व्यवहार किया तथा बात न मानने पर निलंबित करने की धमकी दी है। वायरल वीडियो मे जब उपजिलाधिकारी एफआइआर की बात कहते है इसके प्रतिउत्तर मे अधिवक्ता राकेश कुमार भी यह कहते हुये दिखाई पड रहे है कि वह भी एफआइआर करेंगे, देखते है कौन कितनी धारायें लगवाता है। फिलहाल इस घटना की नगर मे काफी चर्चा चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात वाहन की टक्कर से फर्नीचर दुकानदार की मृत्यु

माधोगंज (स्वतंत्र भारत)। अज्ञात वाहन की टक्कर से फर्नीचर दुकानदार की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम चंदीपुर निवासी अजय कुमार (42) पुत्र सोनेलाल सोमवार को शाम करीब 4:30 बजे चौराहे के निकट सेलापुर रोड पर किसी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। बड़े भाई विजय पाल ने बताया हादसे में गंभीर रूप से घायल अजय कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक फर्नीचर की दुकान चलाते थे। उनके परिवार में अंश पुत्र, मानसी, नयनशी, उनसो, ऋचा चार बेटियां है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

### माधोगंज में कांवड़ यात्रा को लेकर डीजे संचालकों को दिए दिशा-निर्देश

माधोगंज (स्वतंत्र भारत)। कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को थाना परिसर में ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों, डीजे संचालकों तथा क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विजय कुमार ने की। थाना प्रभारी ने डीजे संचालकों को निर्देशित किया कि निर्धारित मानकों के अनुसार ही ध्वनि की आवाज रखें तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लगाए जाने वाले साउंड सिस्टम और लाउडस्पीकर की ऊंचाई शासन के निर्धारित मानक से अधिक न हो। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करें, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना या अव्यवस्था न होने पाए। साथ ही सभी से आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में कौशल, अलाउद्दीन, विवेक कुमार, धर्मेंद्र कुमार, गोपाल यादव, शेर सिंह, मोहन सिंह, महाकाल डीजे, अंश यीशु डीजे, रामजी डीजे, शिव शक्ति डीजे के संचालकों सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### छात्रावासों में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र/छात्रायें 25 जुलाई तक करे आवेदन

हरदोई (स्वतंत्र भारत)। समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद हरदोई में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति (बालक/बालिका) छात्रावासों मन्नापुरवा, जी0आई0सी0 परिसर हरदोई एवं बाबू जगजीवनराम (बालिका) छात्रावास मन्नापुरवा हरदोई में संचालित छात्रावासों में शैक्षिक सत्र 2026-27 में प्रवेश की प्रक्रिया ऑनलाइन की गयी है। नि:शुल्क प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र/छात्राएं विभागीय वेबसाइट/पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है गत वर्ष में (2025-26) निवासरत छात्र/छात्राओं को ऑनलाइन नवीनीकरण आवेदन करना अनिवार्य होगा। छात्रावासों में प्रवेश हेतु इच्छुक प्रत्येक छात्र/छात्राओं का ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा, साथ ही सूचित किया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व बेवसाईट /पोर्टल पर प्रदर्शित नियम एवं शर्ते भलि भॉति पढ़ ली जाये। छात्रावास में प्रवेश हेतु उपलब्ध क्षमता का 70 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/जनजाति के लिये होगा तथा 30 प्रतिशत अन्य पिछडे वर्ग एव सामान्य वर्ग के छात्रों का आधार प्राथमिकता का आर्थिक होगा।

### मनचाही तैनाती न मिलने पर लगाए गए आरोप निराधार - एसडीएम सुशील कुमार मिश्रा

शाहाबाद (स्वतंत्र भारत)। शाहाबाद के उपजिलाधिकारी सुशील कुमार मिश्रा ने अपने ऊपर लगाए गए महिला लेखपाल के आरोपों को पूरी तरह निराधार और तथ्यों से परे बताया है। उनका कहना है कि महिला लेखपाल द्वारा मनचाहा क्षेत्र (पोस्टिंग) दिलाने का दबाव बनाया जा रहा था। प्रशासनिक नियमों के अनुरूप ऐसा करना संभव नहीं था, जिसके बाद उनके विरुद्ध झूठे आरोप लगाए गए। एसडीएम के अनुसार संबंधित महिला लेखपाल को विभागीय कार्य के अंतर्गत खतौनी संबंधी कार्य सौंपा गया था, जिसकी प्रगति संतोषजनक नहीं थी। कार्य में सुधार के निर्देश दिए जाने के बाद प्रशासन पर अनावश्यक दबाव बनाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि सभी कार्य शासन के नियमों एवं पारदर्शी प्रक्रिया के अनुसार किए जाते हैं तथा किसी भी कर्मचारी को व्यक्तिगत इच्छा के अनुसार तैनाती नहीं दी जा सकती। एसडीएम सुशील कुमार मिश्रा ने कहा कि उनके विरुद्ध लगाए गए आरोप तथ्यों पर आधारित नहीं हैं और यदि आवश्यकता हुई तो पूरे मामले के दस्तावेज एवं रिकॉर्ड प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि निष्पक्ष जांच में सच्चाई सामने आ जाएगी।

## सड़क सुरक्षा अभियान,चौकी इंचार्ज ने काटे ताबड़तोड़ चालान

स्वतंत्र भारत



हरदोई। सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को संडीला बस अड्डा चौक पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व संडीला चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह ने किया। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने बिना हेलमेट बाइक चलाने और एक बाइक पर तीन सवारी बैठाकर चलने वालों पर विशेष नजर रखी। नियमों का उल्लंघन करने वाले दर्जनों वाहन चालकों के मौके पर ही चालान काटे गए। चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह ने बताया कि अब यातायात नियम तोड़ने वालों को किसी भी तरह की छूट नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 'कानून सबके लिए बराबर है। सड़क पर अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनना और यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य है। जो लोग नियम नहीं मानेंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और कानून का पाठ पढ़ाया जाएगा।' पुलिस के अनुसार बिना हेलमेट के बाइक चलाना और तीन सवारी बैठाना दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण बन रहा है। हेलमेट न होने पर सिर में गंभीर चोट का खतरा बढ़ जाता है और तीन सवारी से बाइक का संतुलन बिगड़ने के कारण हादसे होने की संभावना ज्यादा रहती है।

## प्राइवेट बसों से वसूली करने वाले तीन गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत



शाहाबाद। कोतवाली क्षेत्र शाहाबाद में हरदोई शाहजहांपुर बस स्टैंड पर प्राइवेट बसों से अवैध वसूली को अपना पैतृक व्यवसाय समझने वाले स्वयंभू माफिया लोगों को शाहाबाद एसपी ने वसूली करते हुए रंगे हाथों की रफ्तार करके उनको जमीन दिखा दी और यह कड़क संदेश दे दिया कि उनके क्षेत्राधिकार में बेसन और टेंपो से अवैध वसूली किसी हाल में नहीं होने की जाएगी अभी कुछ ही दिन पूर्व एसपी आलोक राज नारायण में अल्लापुर तिराहा से भी इसी प्रकार सिविल ड्रेस में हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल पर खड़े होकर 20 मिनट तक टेंपो से करी जा रही अवैध वसूली की करतूत को स्वयं देखकर रंगे हाथ दो लोगों को गिरफ्तार किया था लेकिन तब भी अवैध वसूली करने वाले माफियाओं की आंखें नहीं खुली और आज उन्होंने कुछ गप देकर पुनः शाहाबाद मुख्य बस स्टैंड पर ताबिश देकर तीन अवैध वसूली कर्ताओं को रंगे हाथ गिरफ्तार कर थाने पहुंचा दिया।

## डीएम ने की जल जीवन मिशन की बैठक

स्वतंत्र भारत

हरदोई। आज जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पूर्ण की जा चुकी योजनाओं एवं निर्माणाधीन योजनाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि संचालित समस्त योजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पुर्नस्थापन का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाये। पुर्नस्थापन कार्य में मानकों का विशेष ध्यान रखा जाये तथा इसकी नियमित रूप से संबंधित अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता की जांच भी की जाये। सभी योजनाओं में निरन्तर जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जलापूर्ति से संबंधित शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। आइजीआरएस सन्दर्भो के निस्तारण की प्रगति असंतोषजनक होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित विकास खण्डों के जेई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी नेहा ब्याडवाल सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन घायल इलाज के दौरान भाई की मृत्यु

स्वतंत्र भारत

हरदोई। बघौली थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी नाबालिग बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम पनुआ मजरा बरौंधुमन निवासी सरोज कुमार कुशवाह (22) पुत्र कमलेश कुमार कुशवाह अपनी बहन प्रियांशी (17) के साथ मोटरसाइकिल (क्र30ड्ड 2039 डिस्कवर) से सीतापुर जा रहे थे। सुबह करीब 11:20 बजे बघौली चौराहे से आगे बघौली-प्रतापनगर मार्ग पर स्थित एक ईंट भट्ठे के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर (क्र30श 5720) से उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई।टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से दोनों को उपचार के लिए 100 शैया अस्पताल, हरदोई भेजा गया। जहां इलाज के दौरान सरोज कुमार कुशवाह ने दम तोड़ दिया।

## वृहद वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी ने की समीक्षा

स्वतंत्र भारत

हरदोई। जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में 12 जुलाई को आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण पौधों का चयन, गड्ढों की समय से तैयारी, पौधों की उपलब्धता, सिंचाई, सुरक्षा एवं नियमित देखभाल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण स्थलों का पूर्व निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। लगाए जाने वाले पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि उनकी अधिकतम जीवित रहने की संभावना सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागवार वृक्षारोपण के लक्ष्यों, पौधों की उपलब्धता, रोपण स्थलों की तैयारी एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नेहा ब्याडवाल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्टेट संजय कुमार, सहित सभी विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पालिकाध्यक्ष के प्रयासों से करोड़ों के विकास कार्यो को मिली मंजूरी

स्वतंत्र भारत

शाहाबाद। नगर पालिका परिषद शाहाबाद अध्यक्ष नसरीन बानो के सतत प्रयासों से नगर के विकास को नई गति मिली है। पंद्रहवें वित्त आयोग की कार्ययोजना के अंतर्गत नगर के विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से नगरवासियों को बेहतर सड़क, जल निकासी, पेयजल और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा। स्वीकृत कार्यों में हरदोई-शाहजहाँपुर मुख्य मार्ग पर उधरनपुर से भूड़ा तक डामरीकरण, मोहल्ला अल्लापुर सैदीखेड़ा, खलील एवं उधरनपुर में विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड और नाली निर्माण, नगर के प्रमुख स्थलों पर 29 वाटर कूलर की स्थापना, तथा घंटाघर से बेझा चौराहा तक आरसीसी साइड वॉल, सम्प एवं अवसादन कक्ष के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। नगर की सबसे बड़ी समस्याओं में शामिल घंटाघर से बेझा चौराहा तक जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए आरसीसी साइड वॉल एवं आधुनिक ड्रेनेज व्यवस्था को स्वीकृति मिलना क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। इससे बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या कम होगी और नालों की सफाई व्यवस्था भी अधिक प्रभावी बनेगी। पालिकाध्यक्ष नसरीन बानो ने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास और प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी स्वीकृत कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा।

## जिला कारागार में विधिक जागरूकता शिविर में बंदियों को बताए गए अधिकार



हरदोई (स्वतंत्र भारत)। जिला कारागार में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्मिता गोस्वामी ने कारागार का निरीक्षण कर बंदियों को उनके अधिकारों तथा प्ली-बारगेनिंग के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान स्मिता गोस्वामी ने बंदियों की समस्याएं सुनीं और जेल प्रशासन को उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए । इस दौरान कारागार अधीक्षक अमन कुमार सिंह, जेलर योगेश कुमार, डिप्टी जेलर अमर कुमार सिंह, अलका, अनीश यादव, नरेश चन्द्र, सुखलाल, लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार मिश्रा, देवेन्द्र कुमार सिंह, अजय त्रिपाठी, मुकुल शुक्ला तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी उपस्थित रहे।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर यातायात पुलिस ने कसा शिकंजा

स्वतंत्र भारत

संडीला। यातायात प्रभारी अनिल सैनी के नेतृत्व में संडीला क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया कुल 29 ई-चालान किए 74,000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया 06 वाहनों को सीज किया गया यातायात प्रभारी अनिल सैनी ने बताया कि बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, तीन सवारी, ओवरस्पीड और कागज पूरे न होने वाले वाहनों के खिलाफ ये कार्रवाई की गई है उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि सड़क पर निकलते समय सभी जरूरी दस्तावेज साथ रखें, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी पुलिस का कहना है कि इस तरह के अभियान का मकसद आम जनता को जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।



# खराब सड़क के कारण लोगों का आना जाना दुर्लभ

**स्वतंत्र भारत चुनार (मिर्जापुर)।** नगर क्षेत्र स्थित किला से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय महाविद्यालय सड़क इन दिनों काफी जर्जर अवस्था

### बरसात के कारण 2 फीट के हो गए है गड्ढे, आये दिन गिर रहे हैं छात्र

### महज 1 किलोमीटर की दूरी तय करने में लग रहा है 30 मिनट

मे है सड़क पर जगह जगह हुए 1 से 2 फीट तक के गड्ढो ने लोगो का जीना दूभर कर दिया है जगह जगह जलजमाव के कारण आये दिन छात्रों से लेकर मरीज गिर कर चोटिल हो जा रहे है। महज 2 किलोमीटर की दूरी में तय करने में लगभग 100 से ज्यादा गड्ढे बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहे है इस सड़क पर सीबीएसई से सम्बंधित डॉ सविता मेमोरियल ग्लोबल एकेडमी के साथ ही आचार्य जी मंदिर, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय महाविद्यालय स्थित है जिससे लगभग 4 हजार छात्र छात्राएं व सैकड़ों मरीज जुड़े हुए है बावजूद इसके नगरपालिका चुप्पी साधे हुए है यातायात की दृष्टि से महत्वपूर्ण यह सड़क इन दिनों दयनीय स्थिति में है जो किसी दिन बड़ी घटना को दावत दे रही है। मंगलवार सुबह घर से विद्यालय जा रहे साइकिल सवार आधा दर्जन छात्र जलजमाव वाले गड्ढे में गिरकर घायल हो गए। सड़क की दयनीय स्थिति पर नगर पालिका के साथ ही लोक निर्माण विभाग की चुप्पी समझ से परे है आचार्य जी मंदिर पर देश विदेश से जुड़े सैकड़ो लोग दर्शन करने आते है जो क्षेत्र की गलत छाप मन मस्तिष्क पर अंकित करके जाते है स्थानीय लोगो ने कहा कि आगामी 1 हफ्ते में इस सड़क के बाबत कोई फैसला नही लिया गया तो सभी लोग बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



# झमाझम मानसूनी बारिश से खिले किसानों के चेहरे, कृषि कार्यों में जुटे अन्नदाता

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में सोमवार रात से लेकर मंगलवार की सुबह तक हुई मूसलाधार मानसूनी बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। लंबे इंतजार के बाद हुए इस झमाझम बरखा से जहां आम जनता को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली है, वहीं क्षेत्र के अन्नदाताओं के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। इस मानसूनी फुहार को खेती किसानी के लिए संजीवनी माना जा रहा है, जिसके बाद ग्रामीण अंचलों में कृषि गतिविधियां तेज हो गई हैं।

पिछले कई दिनों से पड़ रही तल्ख धूप और बढ़ते तापमान के कारण धान की नर्सरी (बेहन) सूखने की कगार पर पहुंच चुकी थी। पानी के अभाव में पीली पड़ रही फसलों को



देखकर क्षेत्र के किसान बेहद मायूस और चिंतित नजर आ रहे थे।सोमवार रात से शुरू हुई बारिश ने खेतों की प्यास बुझा दी है।खेतों में पर्याप्त पानी इकट्ठा होने के बाद अब किसानों ने धान की रोपाई के लिए कमर कस ली है मंगलवार की सुबह बारिश थमते ही क्षेत्र के हलिया,बरी,अहुगी कला, हथेड़ा, मधोर, भटवारी सहित विभिन्न ग्रामीण इलाकों के किसान अपने ट्रैक्टर लेकर खेतों की ओर रवाना हो गए। हर तरफ किसान और मजदूर कृषि कार्यों में व्यस्त नजर आये। अच्छी बारिश होने से बाजारों में खाद बीज की मांग बढ़ गई है हलिया मुख्य बाजार स्थित कृषि सेवा केंद्रों पर सुबह से ही किसान उन्नत किस्म के के बीजों,उर्वरकों और कीटनाशकों की खरीदारी में जुट गए हैं।

## बारिश के मौसम में बिजली से रहे सावधान उपखंड अधिकारी ने जारी की एडवाइजरी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** मानसून में हो रही लगातार बारिश को देखते हुए विद्युत विभाग ने लोगों को बिजली से होने वाले हादसों के प्रति आगाह किया है। उपखंड अधिकारी हलिया दिलीप कुमार ने लोगों से अपील की है कि बारिश के मौसम में विशेष सावधानी बरतें ताकि करंट लगने जैसी घटनाओं से बचा जा सके।उपखंड अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि गीले वातावरण में बिजली का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे में जरा सी लापरवाही जानलेवा हो सकती है। बारिश के दौरान बिजली के पोल, ट्रांसफार्मर एवं खुले तारों से दूर रहना बेहद जरूरी है।इन बातों का रखें विशेष ध्यान किसी भी बिजली के पोल या तार को हाथ न लगाएं, खासकर जब वह गीले हों। पानी भरे स्थानों में खड़े बिजली के पोल के पास न जाएं। पानी में करंट फैलने का खतरा रहता है। अगर कहीं टूटे या झुके हुए पोल- तार दिखें तो तुरंत विद्युत विभाग या हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। खुद ठीक करने की कोशिश न करें। उपखंड अधिकारी ने कहा कि विभाग की टीमें बारिश में अलर्ट मोड पर हैं। शिकायत मिलते ही तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि बच्चों को बारिश के दौरान बिजली के उपकरणों व पोल से दूर रखें। बिजली से जुड़ी कोई भी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है। इसलिए सतर्क रहें और दूसरों को भी जागरूक करें।

## माय भारत पोर्टल पर 50 हजार युवाओं के पंजीकरण का लक्ष्य, डीएम ने बनाई रणनीति

**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** जिलाधिकारी श्री सैमुअल पॉल एन. की अध्यक्षता में सोमवार देर सायं जनसुनवाई कक्ष

### 15 अगस्त तक अभियान पूरा करने के निर्देश, युवाओं को नेतृत्व व कौशल विकास से जोड़ने पर जोर

में 'माय भारत' पोर्टल पर पंजीकरण एवं जागरूकता अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 50 हजार युवाओं को 'माय भारत' पोर्टल से जोड़ने के लक्ष्य पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव रखे। 15 अगस्त 2026 तक निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार की गई। जिलाधिकारी ने विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, आईटीआई, राज्य खेल विभाग, युवा कल्याण विभाग, एनएसएस एवं एनसीसी के नोडल अधिकारियों को अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को इस प्लेटफॉर्म से जोड़कर उनके व्यक्तित्व विकास, कौशल निर्माण और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा दिया जा सकता है। बैठक में गोमती नदी स्वच्छता अभियान और मैराथन दौड़ जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से 'माय भारत' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने 'माय भारत' के माध्यम से युवाओं के हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। बताया गया कि भारत सरकार द्वारा संचालित यह ऑनलाइन युवा नेतृत्व एवं सामाजिक सहभागिता का प्लेटफॉर्म है, जिसके जरिए युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा और विचार रखने का अवसर मिलता है।

## उपजिलाधिकारी ने एनएच 135 ए की काश्तकारों द्वारा रोकी गई सड़क का किया स्थलीय निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के लालगंज के बस्तरा मोड़ से हलिया होकर जड़कुड़ तक एनएच 135 ए पर रोके गये सड़क निर्माण का उपजिलाधिकारी ने मंगलवार को स्थलीय निरीक्षण कर लोगों का बयान लिया है। तीन वर्ष पूर्व महाकाल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सड़क निर्माण कार्य को काश्तकारों व वन विभाग द्वारा रोक दिया गया था जिसको संज्ञान में लेते हुए उपजिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार ने ग्राम प्रधान व ग्रामीणों से जानकारी ली है। उत्तर प्रदेश व मध्यप्रदेश को जोड़ने वाली सड़क पर लगभग तीन गांव में 2 किलोमीटर सड़क गड्ढा युक्त होने से लोगों को परेशानी हो रही है लोग गिर कर चोटिल भी हो रहें है जिसको जनहित में ध्यान रखते हुए भटवारी गांव के ग्राम प्रधान राजेश मौर्य ने जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गड्ढायुक्त सड़क से हो रहे दुर्घटना से बचाव के लिए सडक निर्माण करने की मांग की थी जिस पर जिला अधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार ने राजस्व निरीक्षक अशोक दूबे व लेखपाल विनोद कुमार को लेकर भटवारी गांव में गड्ढा युक्त सड़क निरीक्षण कर जायजा लिया।

### सूचना पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नकीसा पुत्री फकीर मोहम्मद, निवासी म0नं0–325, मोहल्ला–पाण्डेय बाजार, परगना, तहसील व जिला गोण्डा की निवासी हूँ। मेरे द्वारा स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु प्रार्थना पत्र/आवेदन नगर पालिका परिषद गोण्डा में प्रस्तुत किया गया है, **जिसमें मेरा नाम नकीसा पुत्री फकीर मोहम्मद, जन्मतिथि दिनांक 01.07.1971, जन्म स्थान म0नं0–325, मोहल्ला पाण्डेय बाजार, जिला–गोण्डा अंकित किया गया है।** तदनुसार जन्म प्रमाण पत्र जारी करवाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो पन्द्रह दिवस के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद गोण्डा में आकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि समाप्त हो जाने उपरान्त किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिका परिषद गोण्डा द्वारा निर्गत कर दिया जायेगा।

प्रार्थिनी
नकीसा पुत्री फकीर मोहम्मद
निवासी म0नं0–325 मोहल्ला पाण्डेय बाजार,परगना व तहसील जिला गोण्डा।
मो0 नं0– 9919763870

सी.आर.- 675/L

### कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, भदौरा, गाजीपुर

पत्रांक :- बी.आर.सी./223/2026-27 दिनांक : 06/07/2026

**नीलामी सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड भदौरा, गाजीपुर के परिषदीय विद्यालयों में अवस्थित जर्जर भवनों के मूल्यांकनोपरान्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजीपुर कार्यालय के पत्रांक: एस.एस.ए./3000-7/2026-27, दिनांक 17/06/2026 के अनुक्रम में ध्वस्तीकरण/नीलामी प्रक्रिया ब्लाक संसाधन केन्द्र भदौरा पर दिनांक 20/07/2026 से 21/07/2026 (समय 01:00 अपरान्ह) होनी है।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म नीलामी तिथि से 02 कार्य दिवस पूर्व कार्यालय समयावधि (समय 10:00 से 17:00 बजे) तक ब्लाक संसाधन केन्द्र भदौरा से नीलामी हेतु प्रति विद्यालय निर्धारित प्रतिभागिता शुल्क, आधार एवं पैनकार्ड की छायाप्रति प्राप्त कराते हुए नीलामी ध्वस्तीकरण के नियम शर्तें प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के उपरान्त एवं प्रतिभागिता शुल्क के बिना नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभागिता सम्भव नहीं होगी।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**भदौरा, गाजीपुर**

### उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 28.07.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00622026 दिनांक 06.07.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 1. 04-Sr-DEN-V-LKO-2026-27 2. 05-Sr-DEN-V-LKO-2026-27 |
| 3 | कार्य का नाम | 1. Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र में आने वाले ADEN-II-LKO और ADEN-AYC सेक्शन में, अलग–अलग L–क्रॉसिंग और AYC यार्ड, AY यार्ड, BBK यार्ड आदि पर बने LHS से पानी निकालने (dewatering) का काम। (प्रा.सं. 166–2026) |
| | | 2. Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र में ADEN/AYC के अंतर्गत SSE/W/AYC सेक्शन में पुराने EI बिल्डिंग AYC में AYC ड्यू ऑफिस का विकास कार्य। (प्रा.सं. 63–2026)। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. रु. 49,91,061.24 2. रु. 44,53,568.25 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. रु. 99,800.00 2. रु. 89,100.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 1 एवं 2 के लिए : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह। |
| 7 | निविदा खुलने का प्रारंभ | 14.07.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 28.07.2026 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 2304/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एसडीएम ने अहुगी कला साधन सहकारी समिति का किया निरीक्षण, खाद वितरण की ली जानकारी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** उपजिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार ने मंगलवार को अहुगी कला स्थित साधन सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद के स्टॉक, वितरण व्यवस्था और किसानों को हो रही समस्याओं की जानकारी ली। एसडीएम ने समिति पहुंचकर खाद के स्टॉक रजिस्टर का भौतिक सत्यापन किया। गोदाम में उपलब्ध यूरिया, डीएपी व एनपीके खाद की मात्रा चेक की और वितरण रजिस्टर से मिलान किया। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों को बिना किसी परेशानी के समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने वहां मौजूद किसानों से भी बातचीत की। किसानों से खाद की उपलब्धता, कीमत और वितरण में पारदर्शिता को लेकर फीडबैक लिया। कुछ किसानों ने टोकन व्यवस्था में देरी की शिकायत की, जिस पर एसडीएम ने सचिव को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। खाद वितरण में पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर पारदर्शिता रखी जाए। खाद की दर सूची समिति पर स्पष्ट रूप से चस्पा की जाए ताकि कालाबाजारी न हो। स्टॉक व वितरण का रिकॉर्ड रोजाना अपडेट किया जाए।यदि कोई ओवर रेटिंग करता पाया गया तो सख्त कार्रवाई होगी।एसडीएम ने कहा कि खरीफसीजन में किसानों को खाद की किल्लत नहीं होनी चाहिए। समिति सचिव को निर्देश दिया कि मांग के अनुसार एडवांस इंडेंट भेजकर खाद मंगाएं।

## बरौंधा बाजार में बर्तन व ज्वेलरी की दुकान का ताला तोड़ लाखों के गहने पार सीसीटीवी का डीवीआर भी ले गए चोर



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा बाजार में रविवार की देर रात अज्ञात चोरों ने बर्तन एवं ज्वेलरी की दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का तार काटने के बाद डीवीआर भी साथ उठा ले गए। घटना से पूरे बरौंधा बाजार में हड़कंप मच गया। बरौंधा बाजार निवासी लालचंद सोनी के पुत्र पंकज सोनी की बर्तन एवं ज्वेलरी की दुकान है। देर रात चोरों ने दुकान के शटर और अंदर लगे चैनल का ताला तोड़कर प्रवेश किया। इसके बाद सीसीटीवी कैमरे का कनेक्शन काटकर डीवीआर निकाल लिया और दुकान में रखे लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। चोर दुकान के पीछे की ओर अलमारी और गहनों के खाली डिब्बे भी बिखरे छोड़ गए थे। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी लालगंज अमर बहादुर, प्रभारी निरीक्षक बेद प्रकाश पांडेय, बरौंधा चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। वहीं एसओजी टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।प्रभारी निरीक्षक बेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा। बरौंधा चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूछताछ के लिए दुकान पर कार्यरत तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का राजफाश कर लिया जाएगा।

### सूचना पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सनी पुत्र रमेश कुमार, निवासी–मोहल्ला महाराजगंज, परगना व तहसील जिला गोण्डा का निवासी हूँ। मेरे द्वारा मेरे माता व पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु प्रार्थना पत्र/आवेदन नगर पालिका परिषद गोण्डा में प्रस्तुत किया है। **जिसमें मेरे पिता का नाम रमेश कुमार पुत्र नन्नू बारी मृत्यु दिनांक 27.08.2018 मृत्यु स्थान–मोहल्ला महाराजगंज, जिला गोण्डा, माता का नाम सरोज देवी पत्नी रमेश कुमार मृत्यु दिनांक 31.10.2007 मृत्यु स्थान–मोहल्ला महाराजगंज में हो गयी थी।** तदानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करवाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो पन्द्रह दिवस के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद गोण्डा में आकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि समाप्त हो जाने उपरान्त किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और मृत्यु प्रमाण पत्र नगर पालिका परिषद गोण्डा द्वारा निर्गत कर दिया जायेगा।

प्रार्थिनी
(सनी) पुत्र रमेश कुमार
निवासी– मोहल्ला महाराजगंज,
परगना व तहसील जिला गोण्डा।

सी.आर.- 675/L

### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना। एडमिन यूनिट/ज़ोन: लखनऊ–पूर्वोत्तर–मण्डल–वाणिज्य/पू0रे0, नीलामी सूची सं./ लॉट सं.: WVM-LJNO-07-202; नीलामी सूची प्रकाशन तिथि 01.07.2026 समय 17:12 बजे, नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट): 20.07.2026 समय 10:00 बजे, नीलामी बन्द करने की तिथि व समय: 20.07.2026 समय 10:50 बजे, नीलामी का प्रकार: Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: E-Auction Module of www.ireps.gov.in

सहायक वाणिज्य प्रबंधक
मुजापि/वाणिज्य–77 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

### न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (टी0जी0)/अपर कलेक्टर, लखनऊ

पत्रांक: 75/रीडर-टी0जी0/2026 दिनांक: 06.07.2026

वाद सं0 डी202610460000446
पंजाब एण्ड सिंध बैंक बनाम मे0 फार्मास्यूटिकल्स आदि
अन्तर्गत धारा 14, सरफेसी एक्ट

**नोटिस**

(1) मेसर्स महक फार्मास्यूटिकल्स प्रो0 श्री कुमुद गोविल पुत्र स्व0 रघुवर दयाल गोविल पता दुकान नं0 एफएफ-13, प्रथम तल, कैलाश टावर-22 अमीनाबाद, लखनऊ।
(2) श्री कुमुद गोविल पुत्र स्व0 श्री रघुवर दयाल गोविल पता म0सं0-170, राजाजीपुरम, लखनऊ।
(3) श्री संदीप कुमार पुत्र श्री जगदीश प्रसाद पता जवाहर नवाबगंज, बाराबंकी 225003

आपके द्वारा पंजाब एण्ड सिंध बैंक से ऋण लिया गया था। ऋण की अदायगी न होने के कारण वादी पंजाब एण्ड सिंध बैंक द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में ऋण की वसूली/सम्पत्ति का कब्जा हेतु धारा-14 सरफेसी एक्ट के अन्तर्गत वाद अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में योजित किया गया है।

प्रश्नगत वाद की सुनवाई अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जा रही है अतः आप दिनांक **03.08.2026** को समय **12:00 बजे** अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय कक्ष सं0 2, कलेक्ट्रेट, लखनऊ में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। यदि आप नियत समय/दिनांक पर उपस्थित नहीं होते है तो पत्रावली पर एकपक्षीय सुनवाई कर आदेश पारित किए जा सकते है।

(राज कुमार मित्तल)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी0जी0)/
अपर कलेक्टर, लखनऊ।

सी.आर.- 674/L

### उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | कैरिज वर्कशॉप, आलमबाग में एलएचबी कोचों हेतु इण्डस्ट्री 4.0 - सक्षम वायरलेस एरर–प्रूफ टॉर्किंग सिस्टम का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग, पूर्ण डेटा अधिग्रहण एवं ट्रेसएबिलिटी समाधान सहित, तथा 03 वर्ष की पोस्ट वारंटी व्यापक वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (CAMC) सहित। | | |
| कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | अनुमानित लागत | ₹2,82,69,280.00 मात्र |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। | बिड सिक्यूरिटी | ₹5,65,400/- मात्र |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | | 66 माह। | |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | | दिनांक 28.07.2026 समय 15:00 बजे तक। | |
| प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/ HUF/ JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | | |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | | |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | | वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। | |

निविदा सूचना सं. 2026-ए.एम.बी.-सी एंड डब्ल्यू-ईनिविदा-30 दिनांक: 06.07.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2327/2026

### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता 17वाँ0 (वि0/याँ0) वृत्त लो0नि0वि0 लखनऊ

पत्रांक:- 1574/JCBW(अयो0खं0)-17E/M/2026-27 दिनांक: 02-07-2026

**ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, 17वाँ (वि0/याँ0) वृत्त लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु दो बिड पद्धति पर प्रतिशत दर के आधार पर ऑनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 06.07.2026 से दिनांक 03.08.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 03.08.2026 अपराह्न 12:30 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने की अथवा छुट्टी होने की दशा में तकनीकी बिड अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0 में) | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद न्यायालय अम्बेडकरनगर के एडी0जे0 कोर्ट एवं फैमिली कोर्ट (नई बिल्डिंग) के डी0जे0 तथा एडी0जे0 कोर्ट के कक्षों एवं विभाग कक्षों में ए0सी0 स्थापना का कार्य। | 24.86 + GST Extra | 2.49 | 03 Months | 854.00 | लो0नि0वि0 में विद्युत कार्यों हेतु 'ए' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार, जिन्हें समान कार्य करने का अनुभव प्राप्त हो। |

शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03/01/2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन चढ़ी डाक्टेबर के माध्यम से किया जाता है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डॉक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदाओं से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट पर https://etender.up.nic.in उपलब्ध है।

(अखिलेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
वि0/याँ0खण्ड,लो0नि0वि0,
अयोध्या

(आर0एम0श्रीवास्तव)
अधीक्षण अभियन्ता
17वाँ (वि0/याँ0) वृत्त,लो0नि0वि0,
लखनऊ

उ0प्र0 253379 दिनांक- 06.07.2026 Website: www.upgov.nic.in

### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बाराबंकी।

पता– निकट विकास भवन, बाराबंकी

पत्रांक– 335/ग्रा0अ0वि0/ई–निविदा आंग/2026–27 दिनांक– 24.06.2026

**ई–प्रोक्योरमेण्ट**

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बाराबंकी द्वारा ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रतिशत दर पर विभागीय अधिकृत पंजीकृत ठेकेदार/फर्म श्रेणी A,B,C एवं D श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदार से दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक अथवा सभी कार्यों की निविदा डाली जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 छोड़कर (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी चार्ज जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत (2025–26) | | | | |
| 1 | श्री गुरुकुल संस्कृत माध्यमिक विद्यालय हैदरगढ़ बाराबंकी में 03 शिक्षण कक्ष, फर्श मरम्मत कार्य रंगाई–पुताई, बाउंड्रीवाल, शौचालय निर्माण बालक–बालिका पृथक–पृथक, पेय जल व्यवस्था का कार्य। | 19.80 | 0.40 | 854 | 03 माह |

2. वेब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि– 15.07.2026 को प्रातः 10:00 बजे।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडिंग प्रारंभ करने की तिथि एवं समय– 16.07.2026 को दोपहर 12:00 बजे।
4. प्री बिड मीटिंग की तिथि एवं समय– 17.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे।
5. ई–निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समय– 18.07.2026 को प्रातः 10:00 बजे से।
6. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय– 24.07.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक।
7. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 24.07.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे।
8. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी सशर्त पत्र मान्य नहीं होगा।
9. निविदा आन–लाईन वेब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
10. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीआर के कॉलम-13 के अनुसार संशोधन/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संबंधित निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें। सभी सम्बन्धित निविदादाता को सलाह है कि बिड अपलोड करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भाँति पढ़ लें।

(इं0 ज्ञानेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–बाराबंकी।

उ0प्र0 253387 दिनांक– 06.07.2026
Website: www.upgov.nic.in

## बहू-बेटी सम्मेलन में पुलिस की पहल से फिर जुड़े रिश्ते, तीन परिवारों में लौटी खुशियां

**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन जौनपुर पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और पारिवारिक रिश्तों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को 'बहू-बेटी सम्मेलन' का सफल आयोजन किया गया। शासन की मंशा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण की प्राथमिकताओं के क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम में परिवारों को टूटने से बचाने और आपसी संवाद के माध्यम से विवादों का समाधान कराने पर विशेष जोर दिया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, महिलाओं के प्रति हिंसा, प्रताड़ना और घरेलू विवादों में कमी लाना तथा परिवारों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना रहा। मिशन शक्ति केंद्रों के माध्यम से आयोजित ऐसे कार्यक्रम महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के साथ ही उनकी समस्याओं के समाधान में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की टीम और अनुभवी काउंसलरों ने पारिवारिक विवादों से परेशान दंपतियों और उनके परिजनों से बातचीत की।


स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने पुत्री तनु त्रिपाठी को दुर्व्यवहार के कारण चलअचल संपत्ति से बेदखलकर संबंधविच्छेद कर लिया। वह अपने कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार होगी। नन्ही देवी पत्नी स्व ब्रजनंदन त्रिपाठी, नि.मो.कायस्थान , कस्बा व थाना , कटरा, शाहजहांपुर।
सी.आर.- 677/D-28

**सूचना**

पहले मेरा नाम अनीस हुसैन हसन कैसर था, अब मैंने अपना नाम बदलकर हसन कैसर कर लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। हसन कैसर पुत्र अनीस हुसैन, मो0-रफीनगर, उतरौला, बलरामपुर।
सी.आर.- 673/D-30



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# सऊदी अरब ने सस्ता किया कच्चा तेल

**रियाद।** दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातक देशों में शामिल सऊदी अरब ने कच्चे तेल की कीमत में 26 वर्षों की सबसे बड़ी कटौती कर वैश्विक ऊर्जा बाजार को चौंका दिया है। अगस्त के लिए अरब लाइट क्रूड की कीमत में 11 डॉलर प्रति बैरल की कमी की गई है। इससे पहले जुलाई के लिए भी 6 डॉलर प्रति बैरल की कटौती की गई थी। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब होर्मुज जलडमरूमध्य के फिर से सामान्य होने के बाद तेल की आपूर्ति बढ़ गई है और बाजार में प्रतिस्पर्धा तेज हो गई है। इस फैसले का सबसे बड़ा फायदा भारत जैसे देशों को मिल सकता है, जो अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल आयात करते हैं। सऊदी अरब ने एशियाई ग्राहकों के लिए अरब लाइट क्रूड की कीमत ओमान-दुबई बेंचमार्क से 1.50 डॉलर प्रति बैरल कम तय की है। वहीं ओपेक+ और उसके सहयोगी देशों, जिनमें रूस भी शामिल है, ने अगस्त से प्रतिदिन 1.88 लाख बैरल अतिरिक्त उत्पादन बढ़ाने पर सहमति जताई है। इससे पहले जून और जुलाई में भी उत्पादन बढ़ाया गया था। बढ़ती आपूर्ति के कारण ब्रेंट क्रूड की कीमत घटकर लगभग 71.7 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। बाजार का मानना है कि अधिक आपूर्ति के चलते तेल की कीमतों पर दबाव बना रहेगा।

- 26 साल की सबसे बड़ी कटौती




### भारत को इससे क्या फायदा हो सकता है?

भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। ऐसे में कच्चा तेल सस्ता होने से भारतीय रिफाइनरियों की लागत घट सकती है। इससे पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस पर पड़ने वाला वित्तीय दबाव कम होगा। तेल विपणन कंपनियों को पिछले कुछ समय से बाजार मूल्य से कम कीमत पर ईंधन बेचने और एलपीजी पर नुकसान उठाना पड़ रहा था। अब सस्ता कच्चा तेल इन कंपनियों के नुकसान को कुछ हद तक कम कर सकता है। साथ ही सरकार पर एलपीजी सब्सिडी का बोझ भी घटने की संभावना है।

### सऊदी अरब ने इतनी बड़ी कटौती क्यों की?

वैश्विक तेल बाजार में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है। फारस की खाड़ी के प्रमुख तेल उत्पादक देशों ने उत्पादन बढ़ा दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल टैंकरों की आवाजाही फिर सामान्य हो गई है। सऊदी अरब का कच्चे तेल का निर्यात युद्ध-पूर्व स्तर के करीब पहुंच गया है। संयुक्त अरब अमीरात ने भी तेल की आपूर्ति पूरी तरह बहाल कर दी है। ओपेक+ देशों ने अगस्त से उत्पादन बढ़ाने का फैसला किया है। अधिक आपूर्ति के कारण बाजार में कीमतों पर दबाव बढ़ा है। एशियाई ग्राहकों को आकर्षित करने और बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने के लिए कीमतें घटाई गई हैं। उद्देश्य दूसरे तेल उत्पादक देशों के मुकाबले प्रतिस्पर्धी बने रहना है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य में ओमान तट के पास टैंकर पर हमला, लगी भीषण आग

**दुबई।** ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य में मंगलवार सुबह एक टैंकर पर हमला हुआ। ब्रिटिश सेना ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मंगलवार तड़के ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक टैंकर पर प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ, जिससे उसमें आग लग गई। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स सेंटर ने बताया कि टैंकर को जलडमरूमध्य में ओमान के लिमाह के पास निशाना बनाया गया।वहीं, ईरान के सरकारी टेलीविजन ने दावा किया है कि जहाज ने पहले जारी की गई चेतावनियों को नजरअंदाज किया था, जिसके बाद उस पर कार्रवाई की गई। फिलहाल जहाज की स्थिति, नुकसान या किसी के हताहत होने की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

सेंटर के मुताबिक, यह हमला तब हुआ जब टैंकर जलडमरूमध्य से दक्षिण की ओर गल्फ ऑफ ओमान की तरफ जा रहा था। प्रोजेक्टाइल जहाज के बाईं ओर (पोर्ट साइड) लगा। इस हमले से पर्यावरण पर कोई नुकसान नहीं हुआ है और अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। इस हमले की जिम्मेदारी फिलहाल किसी ने नहीं ली है, हालांकि हाल के दिनों में ओमान के पास के रास्ते से गुजरने वाले कम से कम दो अन्य जहाजों पर हुए हमलों के लिए ईरान पर शक जताया गया है।

हालांकि, अमेरिका इस जलडमरूमध्य को पूरी तरह से खोलने के लिए ईरान के साथ बातचीत आगे बढ़ना चाहता है। अमेरिका का उद्देश्य ईरान के विवादित परमाणु कार्यक्रम को वापस लेना और 28 फरवरी को शुरू हुए युद्ध को हमेशा के लिए समाप्त करना है। लेकिन पहले हुए ऐसे हमलों के बाद अमेरिका ने जवाबी कार्रवाई की थी, जिसके बाद ईरान ने खाड़ी के अरब देशों पर हमले किए। इससे तनाव बढ़ने का खतरा रहता है।



## एक नज़र

### चीन में भूस्खलन, 33 लोग मलबे में दबे

17 सुरक्षित निकाले गए

**बीजिंग।** चीन के पश्चिमी गांसू प्रांत के पहाड़ी इलाके में मंगलवार को हुए भूस्खलन में 33 लोग मलबे में दब गए। सरकारी मीडिया के मुताबिक, अब तक 17 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि 16 लोग अब भी लापता हैं। राहत और बचाव अभियान जारी है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सभी प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द बचाने के लिए हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। इस बीच, सेंट्रल चीन के हुबेई प्रांत में सोमवार रात आए तेज तूफान और आंधी-बारिश से कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 275 लोग घायल हुए हैं। एक व्यक्ति अब भी लापता है। मौसम विभाग के मुताबिक, कई इलाकों में 149 किमी/घंटा तक की रफ्तार से हवाएं चलीं। अगले 24 घंटे में 260 मिमी तक बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है, जिससे भूस्खलन और बाढ़ का खतरा बना हुआ है।

### टीटीपी ने पाकिस्तान वायु सेना के ग्रुप कैप्टन की हत्या की जिम्मेदारी ली

**इस्लामाबाद।** तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने रविवार दोपहर इस्लामाबाद में पाकिस्तान वायु सेना के ग्रुप कैप्टन आसिम तारिक की हत्या की जिम्मेदारी ली है। गिरफ्तार संदिग्ध की पहचान 22 वर्षीय साद अब्बासी के रूप में हुई है। टीटीपी ने सोशल मीडिया पर मोबाइल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज जारी किया। इसमें अधिकारी अपनी कार में सीट बेल्ट पहने दिख रहे हैं। यह फुटेज इस्लामाबाद पुलिस के उस दावे का खंडन करता है कि अधिकारी ने सड़क पर एक महिला को अपहरणकर्ता से बचाया था। टीटीपी ने कहा कि उसकी स्पेशल टारगेट किलर्स यूनिट ने यह हत्या की। सूत्रों के अनुसार, तारिक खुफिया निदेशालय से जुड़े थे। इस निदेशालय ने हाल ही में अफगानिस्तान में ड्रोन हमले के लिए निर्देशांक प्रदान किए थे, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों और महिलाओं की मौत हुई थी। वह ऑपरेशन बुनियान-उम-मरसूस में भी शामिल थे। इस्लामाबाद पुलिस ने अब्बासी के खिलाफ हत्या और आतंकवाद के आरोप में मामला दर्ज किया।

### अमेरिका की टक्कर में कनाडा बना रहा नया मोर्चा

**वॉशिंगटन।** दुनिया की बदलती राजनीति और अर्थव्यवस्था के बीच अब हर देश खुद को ताकतवर बनाने में लगा है। इसी कड़ी में अब कनाडा भी आ गया है। हाल ही में कनाडा के प्रधानमंत्री ने अमेरिका से टक्कर ने लेने के लिए एक नया मोर्चा बनाने की तैयारी शुरू की है। अमेरिका जैसी बड़ी ताकतों के प्रभाव को संतुलित करने के लिए उसने मध्यम ताकत यानी मिडिल पावर वाले देशों के बीच मजबूत साझेदारी का विचार रखा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का मानना है कि ऐसे देशों को व्यापार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, महत्वपूर्ण खनिज, आपूर्ति श्रृंखला और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करना चाहिए। हालांकि अमेरिका के सबसे बड़े बैंक जेपी मॉर्गन के सीईओ जेमी डिमन ने इस सोच पर सवाल उठाते हुए कहा कि केवल गठबंधन बनाने से कोई देश मजबूत नहीं बन जाता। मार्क कार्नी ने यह विचार इस साल दावोस में रखा था। उनका कहना था कि दुनिया में बढ़ते व्यापारिक तनाव, टैरिफ, सप्लाई चेन में रुकावट और बड़ी शक्तियों के आर्थिक दबाव से निपटने के लिए मध्यम ताकत वाले देशों को एकजुट होना होगा। उनका मानना है कि इससे छोटे और मध्यम देशों की आवाज मजबूत होगी और वे वैश्विक फैसलों में ज्यादा प्रभावी भूमिका निभा सकेंगे। लेकिन जेमी डिमन ने इस सोच को अव्यावहारिक बताते हुए कहा कि केवल सहयोग की बात करना काफी नहीं है।

# भारत का गलत नक्शा दिखाने पर बैकफुट पर आया बांग्लादेश

## भारतीय राजनयिक ने दिया करारा जवाब

**ढाका।** शेख हसीना सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद से ही बांग्लादेश के तेवर बदले हुए हैं और वह लगातार कुछ न कुछ ऐसा कर रहा है, जिससे भारत से उसके संबंध खराब हो। अब एक ताजा मामले में ढाका में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत का गलत नक्शा दिखाया गया। नक्शे में जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया गया। हालांकि कार्यक्रम में मौजूद भारतीय राजदूत ने इस पर तुरंत कड़ी आपत्ति जताई और मौके पर ही साफ कर दिया कि नक्शा गलत है और जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ढाका में बांग्लादेश इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज द्वारा एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में भारतीय उच्चायुक्त की सेकेंड सेक्रेटरी पूजा कुमारी झा भी मौजूद थीं। सम्मेलन के दौरान बांग्लादेश के पूर्व राजनयिक तारिक ए करीम ने एक नक्शा दिखाया। इस नक्शे में गड़बड़ी थी और इसमें जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया गया था। इस पर कार्यक्रम में मौजूद भारतीय राजनयिक ने तुरंत आपत्ति जताई। पूजा कुमारी झा ने कहा कि दिखाया गया भारत का नक्शा गलत है। इसमें जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया गया है, जबकि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग हैं। यहां दिखाया गया नक्शा पूरी तरह से गलत है। भारतीय राजनयिक की कड़ी आपत्ति के बाद बांग्लादेश बैकफुट पर नजर आया और सम्मेलन को संबोधित कर रहे बांग्लादेश के पूर्व राजनयिक तारिक ए करीम ने सफाई देते हुए कहा कि नक्शे का इस्तेमाल केवल सांकेतिक उद्देश्यों के लिए किया गया है और नक्शे में दिखाई गई सीमाएं वास्तविक नहीं हैं।



# सीरिया में फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों के दौरे के बीच धमाका

## जिस होटल में ठहरे थे उसके पास ब्लास्ट, सुरक्षा बढ़ाई गई

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के दौरे के बीच मंगलवार को धमाका हुआ है। यह ब्लास्ट उस होटल के पास हुआ है, जहां मैक्रों के ठहरने की व्यवस्था की गई थी। मैक्रों सोमवार को दमिश्क पहुंचे थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक स्थानीय लोगों ने एक साथ कई धमाकों की आवाज सुनी। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियोज में इलाके से धुआं भी उठता देखा गया। धमाके के तुरंत बाद सुरक्षा एजेंसियों ने आसपास की सड़कों को बंद कर दिया और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। फिलहाल किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। अधिकारियों ने धमाके के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मैक्रों, बशर अल-असद के सत्ता से हटने के बाद दमिश्क का दौरा करने वाले यूरोपीय संघ (ईयू) के पहले बड़े नेता हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति कार्यालय एलिसी पैलेस ने बताया कि धमाके मैक्रों के ठहरने वाले होटल के पास हुए, लेकिन राष्ट्रपति के काफिले तक उनकी आवाज नहीं पहुंची। मैक्रों पूरी तरह सुरक्षित हैं और घटना के बाद भी उन्होंने अपना तय कार्यक्रम जारी रखा। मैक्रों बशर अल-असद के सत्ता से हटने के बाद वह सीरिया का दौरा करने वाले पहले बड़े यूरोपीय नेता बन गए हैं। सोमवार को दमिश्क एयरपोर्ट पर सीरिया के विदेश मंत्री असद अल-शैबानी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मैक्रों ने राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक उमय्यद मस्जिद का भी दौरा किया।



# भारतवंशी ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के साथ किया खेल

- सीआईए एजेंट बनकर दिया धोखा
- अरबों रुपये की डिफेंस डील की

**वॉशिंगटन।** अक्सर हमने फिल्मों में देखा है कि कोई जासूस कैसे दूसरे देश में जाकर वहां की सरकार में घुसपैठ करता है और फायदा उठाता है। ऐसा ही कुछ हकीकत में हुआ है और एक भारतवंशी ने पूरे देश की सरकार को चकमा देकर अरबों रुपये का चूना लगा दिया। दरअसल भारतीय मूल के एक कारोबारी ने कथित तौर पर खुद को अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए का एजेंट बताकर इंडोनेशिया के राष्टपति प्रबोवो सुबियांतो और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के करीब आया। आरोप है कि उसका उद्देश्य अरबों डॉलर के रक्षा सौदे हासिल करना था। ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतवंशी कारोबारी गौरव श्रीवास्तव ने खुद को सीआईए का अधिकारी बताकर कई प्रभावशाली लोगों का भरोसा जीता और फिर उन्हें अमेरिका के साथ अरबों डॉलर के रक्षा समझौते का झांसा दिया। गौरव ने इंडोनेशियाई सेना के लिए 36 लड़ाकू विमान, ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर और मिलिट्री कमांड सिस्टम दिलाने के नाम पर इंडोनेशिया की सरकार को अरबों रुपये का चूना लगाया। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गौरव श्रीवास्तव ने इंडोनेशिया के पूर्व रक्षा मंत्री और वर्तमान राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से नजदीकी संबंध बनाए। साल 2020 में वह कथित तौर पर वॉशिंगटन डीसी और जकार्ता में सुबियांतो के साथ कई उच्चस्तरीय बैठकों में शामिल हुआ, जहां लड़ाकू विमानों और अन्य रक्षा उपकरणों की खरीद पर चर्चा हुई थी। इसके बाद फर्जी शेल कंपनियों के जरिए गौरव ने इंडोनेशिया से 425 करोड़ रुपये का कर्ज भी मंजूर करा लिया।

# पश्चिम एशिया में भारतीय सैनिक का सम्मान

**निकोसिया।** साइप्रस में भारतीय उच्चायोग ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारी को संयुक्त राष्ट्र की तरफ से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी है। भारत के मेजर केपी सिंह को यूएन मेडल से सम्मानित किए जाने पर साइप्रस में हाई कमिश्नर कार्यालय की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बधाई संदेश साझा किया गया। इस पोस्ट में लिखा गया, हाई कमिश्नर मनीष ने संयुक्त राष्ट्र साइप्रस मुख्यालय में आयोजित यूएनएफआईसीवाईपी मेडल परेड में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की मेजबानी यूएन साइप्रस के फोर्स कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद असदुल्लाह मिन्हाजुल आलम ने की। इसमें संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष प्रतिनिधि (एसआरएसजी) और मिशन प्रमुख खासिम डायग्ने, शांति मिशन में सैनिक भेजने वाले देशों के राजनयिक, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी और सैनिकों के परिवार भी मौजूद थे।

# वेनेजुएला भूकंप में अब तक 3535 मौतें, 16,740 घायल

**कराकास।** वेनेजुएला में 24 जून को आए दोहरे भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 3535 हो गई है। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जॉर्ज रोड्रिगेज के अनुसार, 16,740 लोग घायल हुए हैं। रोड्रिगेज ने टेलीग्राम पर बताया कि 17,854 लोग बेघर हुए हैं। 6,462 लोगों को बचाया गया है, जबकि 86,794 परिवारों को सहायता मिली है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 17,345 लोग विस्थापित भी हुए हैं। 24 जून को 7.2 और 7.5 तीव्रता के भूकंपों के बाद से, वेनेजुएला में 995 आफ्टरशॉक दर्ज किए गए हैं। अधिकारियों ने विस्थापितों की सहायता के लिए 80 अस्थायी शिविर स्थापित किए हैं। शनिवार तक 29,567 बचावकर्मी तैनात थे, जिनमें 3,281 विदेशी थे। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने बुधवार को भूकंप पीड़ितों के सम्मान में सात दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की।

## कूटनीति

### अमेरिका कर रहा पाकिस्तान की मदद?

# लीबिया के गृह युद्ध में मध्यस्थता करा रहा पाक

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की सरपरस्ती में पाकिस्तान लगातार अपनी कूटनीतिक प्रोफाइल को मजबूत करने में जुटा है। पहले अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता कराकर पाकिस्तान पहले ही दुनिया की नजरों में आ गया है और अब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान लंबे समय से हिंसाग्रस्त लीबिया में भी विद्रोही गुटों के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश कर रहा है। खास बात ये है कि यहां भी पाकिस्तान को अमेरिका का समर्थन मिला हुआ है। रायटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान चुपचाप लीबिया के प्रतिद्वंद्वी पूर्वी और पश्चिमी सत्ता केंद्रों के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश कर रहा है। मामले से जुड़े दो पाकिस्तानी सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। अगर पाकिस्तान की यह पहल सफल होती है तो वैश्विक कूटनीति में पाकिस्तान की भूमिका और प्रभाव को नई मजबूती मिल सकती है। पिछले कई महीनों से अमेरिका के नेतृत्व में लीबिया संकट का कूटनीतिक समाधान तलाशने की कोशिशें जारी हैं। साल 2011 में नाटो समर्थित ऑपरेशन के दौरान तत्कालीन शासक मुअम्मर गद्दाफी के सत्ता से बेदखल होने के बाद से लीबिया में गृहयुद्ध छिड़ा हुआ है और देश पूर्वी और पश्चिमी प्रशासन में बंटा हुआ है।



### भारत के लिए चिंताजनक क्यों?

पाकिस्तान लंबे समय से हाशिए पर था और आर्थिक और कूटनीतिक मोर्चे पर भारत ने उसे दुनियाभर में अलग-थलग करने में सफलता हासिल कर ली थी। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने ट्रंप की चापलूसी कर उनका समर्थन हासिल कर लिया। उसके बाद से कूटनीतिक स्तर पर पाकिस्तान को फिर से संजीवनी मिली है। यही वजह रही कि अमेरिका के समर्थन से पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान युद्ध में मध्यस्थता की। अब पाकिस्तान के लीबिया गृहयुद्ध में भी मध्यस्थता की कोशिश करने की रिपोर्ट आई है। इससे यकीनन पाकिस्तान की सॉफ्ट पावर में इजाफा होगा।

## शोक संदेश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे आत्मीय

**श्री विजय सिंह श्रीवास्तव जी**

का कल लखनऊ में निधन हो गया है। उनकी

**अंतिम यात्रा एवं दाह संस्कार**

आज, 8 जुलाई 2026 को प्रातः 11:00 बजे बैकुंठ धाम, लखनऊ में संपन्न किया जाएगा।
परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें
और शोकाकुल परिवार को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

समस्त शोकाकुल परिवार

श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव (पत्नी)
शिवांगी एवं शुभ (पुत्री एवं दामाद)
प्रवीर एवं पूर्वी (पुत्र एवं पुत्रवधू)
युवराज (पौत्र)
एवं समस्त श्रीवास्तव परिवार
मोबाइल : 9717257997